आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 224 | उज्जैन, गुरुवार 27 अगस्त, 2026 | श्रावण शुक्ल पूर्णिमा संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### कर्नाटक में वंदेमातरम के 2 पैरे ही गाए जाएंगे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि राज्य में वंदे मातरम के सिर्फ दो छंद (पैरे) ही गाए जाएंगे। मैं पार्टी की विचारधारा में विश्वास रखता हूं और हम इस फैसले पर कायम रहेंगे। भाजपा पर तुष्टीकरण की राजनीति करती है। शिवकुमार बेंगलुरु में कहा- स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में पूरा वंदे मातरम उनकी जानकारी के बिना गाया गया था, लेकिन भविष्य में किसी भी सरकारी कार्यक्रम में अब राष्ट्रगीत के दो ही छंद गाए जाएंगे। दरअसल, कांग्रेस वर्किंग कमेटी यानी सीडब्ल्यूसी ने 19 अगस्त को ऐलान किया था कि पार्टी अपने सभी कार्यक्रमों में वंदे मातरम के 6 में से सिर्फ शुरुआती दो पैरा ही गाएगी।


### चुनाव के चलते चढ़ावा चोरी की एफआईआर नहीं कराई : चंपत

**अयोध्या।** राम मंदिर के पूर्व महासचिव चंपत राय की डायरी की चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। सूत्रों के मुताबिक, डायरी में उन्होंने लिखा है कि चढ़ावा चोरी का मामला सामने आने के तुरंत बाद एफआईआर इसलिए नहीं कराई, क्योंकि उन्हें आशंका थी कि जांच में मामला लंबा खिंच सकता है। इसका असर आगामी विधानसभा चुनाव पर पड़ सकता है। चंपत राय ने मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। कहा- उन्होंने मीडिया चैनल को दिए इंटरव्यू में चढ़ावा चोरी को डकैती करार दिया। इससे समाज में गलत संदेश गया। इसलिए एक संत ने मुझसे बातचीत के दौरान नृपेंद्र मिश्र को खलनायक कहा था।

### जेन अल्फा और जेन-जी तक पहुंच बनाएगा चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले जेन अल्फा और जेन-जी तक पहुंचने की कोशिशें फिर शुरू की हैं। आयोग का मकसद उन्हें जागरूक वोटर बनाना है, जो चुनावी प्रक्रिया से अच्छी तरह परिचित हों और भविष्य में लोगों को जागरूक करने वाले अभियानों की अगुआई कर सकें। आयोग के नए अभियान में देश की 4,123 विधानसभा सीटों के स्कूलों, कॉलेजों और यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को जोड़ा जाएगा। इसमें कक्षा 9 से 12 तक के स्कूली बच्चों के साथ कॉलेज और यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स शामिल होंगे। आयोग 50 हजार चुनावी साक्षरता क्लब (ईएलसी) बनाने की योजना पर काम कर रहा है। हर विधानसभा सीट में ऐसे 10 क्लब बनाए जाएंगे।

### कृति सेनन का राखी वाला विज्ञापन विवाद के बाद हटाया



**कपड़ों को लेकर ट्रोल हुई थीं, राहुल गांधी ने एक्ट्रेस का समर्थन किया था**

**मुंबई।** ज्वेलरी ब्रांड जिवा ने बुधवार को एक्ट्रेस कृति सेनन के विवादास्पद रक्षाबंधन विज्ञापन को हटा दिया है। विज्ञापन में कृति ब्रालेट-स्टाइल ब्लाउज, केप और ड्रेप्ड स्कर्ट पहने थीं। वे कुत्ते को भी राखी बांधती नजर आ रही थीं। इस पहनावे को लेकर कई लोगों ने आपत्ति जताई थी। एक्ट्रेस से सांसद बनीं कंगना रनोत ने भी कृति के पहनावे पर सवाल उठाए थे। जबकि, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्ट्रेस कृति का समर्थन किया था। जिवा ने विवाद बढ़ता देख आज कहा कि विज्ञापन हटा लिया गया है। यह फैसला भारतीय संस्कृति और परंपराओं के सम्मान में लिया गया है। जिवा ने कहा, 'एक ब्रांड के तौर पर हमारा हमेशा से मानना रहा है कि इन खुशी के पलों को पूरे परिवार के साथ मनाया जाए। इस बार उसका उद्देश्य पालतू जानवरों के साथ प्यार और जश्न को आगे बढ़ाना था। भावनाएं आहत करना हमारा इरादा नहीं था।' 'अगर हमारे हालिया विज्ञापन से समाज के कुछ हिस्सों की भावनाओं को अनजाने में ठेस पहुंची है, तो हमारा ऐसा कोई इरादा नहीं था। हमने उस विज्ञापन सभी मीडिया प्लेटफॉर्म से हटा लिया है।' कंगना रनोत ने इस विज्ञापन पर एक दिन पहले कहा था- अपने भाई को बिकिनी या अंडरगारमेंट्स में राखी क्यों बांधेंगी? आपके पास स्टाइलिंग के इतने विकल्प कहां गए?

### नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली:** शेयर मार्केट: सेंसेक्स 183 अंक गिरा, निफ्टी भी 127 अंक नीचे आया, आईटी और रियल्टी शेयर्स में ज्यादा बिकवाली।
- **गुजरात:** सूरत के पास वंदे भारत पर बरसे पत्थर, ट्रेन में मौजूद थीं यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।
- **उत्तरप्रदेश:** डिंपल यादव का बड़ा ऐलान- सपा की सरकार बनी तो महिलाओं को हर साल देंगे 40 हजार रुपये।
- **वाशिंगटन:** दुनिया का सबसे बड़ा रॉकेट लॉन्च कॉम्प्लेक्स बनाएंगे मस्क, ये मैनहट्टन से 8 गुना बड़ी जमीन पर बनेगा, हर साल हजारों स्टारशिप रॉकेट लॉन्च होंगे
- **मुंबई:** एक्टर अजय देवगन को ब्रेक देने वाले नामी निर्देशक कुकू कोहली पंचतत्व में विलीन, बेटी ने दिया कंधा, बदहवास नजर आईं अरुणा ईरानी।
- **मुंबई:** अडानी की झोली में आया 4700 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट, महाराष्ट्र को मिलेगी बिजली, लेकिन गिर गया शेयर।

अश्विन मेहता और निलेश गुप्ता के विरुद्ध जिला न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन

# जमीन विवाद पर उठे सवाल, प्लॉट खरीदारों को सतर्क रहने की जरूरत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

गोम्मटगिरी चौराहे के समीप आकाश ग्रीन कॉलोनी से लगी जमीन को लेकर विवाद अब गंभीर रूप लेता दिखाई दे रहा है। अधिवक्ता डी.जी. मिश्र ने गांधीनगर थाने में शिकायत देकर आरोप लगाया है कि उनकी पुश्तैनी जमीन की सीमा पर बनी दीवार तोड़कर कब्जे का प्रयास किया गया और रास्ता रोकने के उद्देश्य से कथित रूप से नया निर्माण कराया जा रहा है। शिकायत में आकाश ग्रीन कॉलोनी और विनायक सार्थक ग्रुप से जुड़े लोगों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

शिकायतकर्ता के अनुसार संबंधित जमीन लंबे समय से मिश्र परिवार के कब्जे और स्वामित्व में है। आरोप है कि जमीन की सीमा पर बनी दीवार को तोड़कर जबरन रास्ता निकालने का प्रयास किया गया। मामले को लेकर जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न प्रशासनिक मंचों पर शिकायत किए जाने की बात भी सामने आई है।

**आकाश ग्रीन कॉलोनी और विनायक सार्थक ग्रुप से जुड़े लोगों पर गंभीर आरोप**




#### पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन जब्त किए

मामले की सूचना मिलने के बाद गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा मौके पर मौजूद ट्रैक्टर और टैंकर-ट्रॉली को जब्त कर जांच शुरू किए जाने की जानकारी है। अब जांच का केंद्र यह है कि निर्माण किसके निर्देश पर हो रहा था, क्या आवश्यक अनुमति ली गई थी और मौके पर मौजूद वाहनों एवं निर्माण सामग्री से संबंधित वैध दस्तावेज उपलब्ध हैं या नहीं।

#### न्यायालय में मामला लंबित, फिर भी निर्माण किस आधार पर?

शिकायत में अश्विन मेहता और निलेश गुप्ता के विरुद्ध जिला न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन होने का उल्लेख किया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि न्यायालय में विवाद लंबित होने के बावजूद विवादित स्थल पर निर्माण गतिविधि शुरू की गई। ऐसे में सवाल यह है कि जब जमीन और रास्ते का विवाद न्यायालय के समक्ष है, तो मौके पर निर्माण किस अनुमति या आधार पर किया जा रहा है?

#### प्लॉट खरीदारों के लिए भी बड़ा सबक

जमीन विवाद ने उन लोगों के लिए भी सवाल खड़े कर दिए हैं जो कॉलोनी में प्लॉट खरीदने की तैयारी कर रहे हैं। जमीन खरीदना जीवनभर की मेहनत की कमाई का बड़ा निवेश होता है। इसलिए किसी भी कॉलोनी में प्लॉट लेने से पहले स्वामित्व दस्तावेज, खसरा-खतौनी, डायवर्सन, स्वीकृत लेआउट, विकास अनुमति, पहुंच मार्ग और जमीन से जुड़े न्यायालयीन विवाद की स्वतंत्र रूप से जांच करना बेहद जरूरी है। सिर्फ कॉलोनाइजर या ब्रोकर के भरोसे अपनी मेहनत की कमाई निवेश न करें। दस्तावेजों की जांच कराएं, जरूरत पड़ने पर स्वतंत्र कानूनी सलाह लें और जमीन की वास्तविक स्थिति की पुष्टि करने के बाद ही सौदा करें।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में कावड़ियों ने बेरिकेड्स तोड़े, दान पेटी फेंकी, गर्भगृह में घुसने का प्रयास

# आधा दर्जन से अधिक सुरक्षाकर्मी घायल

**एक को सिर में गंभीर चोंट, महाकाल थाना पुलिस ने सचिन मराठा इंदौर और 30-40 अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया**



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बुधवार दोपहर में श्री महाकालेश्वर मंदिर में नंदी गृह एवं गर्भगृह में प्रवेश को लेकर कावड़ियों ने जमकर उपद्रव किया है। इस दौरान कावड़ियों ने उनके सामने आए सुरक्षाकर्मियों को सीधे निशाने पर ले लिया। मारपीट एवं उपद्रव में मंदिर प्रबंध समिति के आधा दर्जन से अधिक सुरक्षा कर्मी घायल हुए हैं। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया है। मंदिर प्रबंध समिति ने मामले की वीडियो जारी करते हुए कहा है कि घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया गया है। संबंधित व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार दोपहर उस समय हंगामा हो गया, जब कुछ कावड़ियों ने दर्शन व्यवस्था को तोड़ते हुए नंदी हॉल में प्रवेश करने की कोशिश की। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो विवाद बढ़ गया। कावड़ियों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और यहां रखी दान पेटियों को गिरा दिया गया। सुरक्षाकर्मियों के साथ हाथापाई और मारपीट की गई।

#### सात सुरक्षाकर्मियों का उपचार

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अस्पताल में प्राथमिक उपचार सुरक्षाकर्मी अभिषेक को सिर में चोंट आई, रोहित पाटीदार को पैर में, विक्रम मालवीय को दाएं पैर में, सुरेश सोलंकी को पेट व बांह में, जितेन्द्र को बाएं हाथ में, महिला सुरक्षाकर्मी ममता बोरी को बाएं हाथ की कलाई एवं निशा को दाहिने हाथ में चोट आई है, कुछ अन्य सुरक्षाकर्मियों को सामान्य चोंट आने पर दिया गया है।

#### नंदी हाल में घुसने के लिए विवाद

बुधवार दोपहर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कांवड़िए महाकाल मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ कावड़िए निर्धारित दर्शन व्यवस्था का पालन करने के बजाय नंदी हॉल की ओर जाने लगे। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोककर व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश की। इससे कावडिए नाराज हो गए और विवाद एवं उपद्रव की स्थिति कायम हो गई। इस दौरान यहां उप प्रशासक एसएन सोनी भी ड्यूटी पर थे। सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट एवं उपद्रव करते हुए कावडिए नंदी हॉल में पहुंच गए और गर्भगृह की ओर जाने का प्रयास करने लगे। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद ने तूल पकड़ लिया।

**प्रवेश ही शीघ्र दर्शन के गेट से-** मंदिर प्रबंध समिति के अधिकारियों के अनुसार प्राथमिक स्तर पर सामने आया है कि संबंधित कावड़ियों ने हरसिद्धि की और के शीघ्र दर्शन द्वार से सभा मंडप की और से मंदिर में प्रवेश किया था। इसके बाद ये नंदी हाल के पीछे प्रथम बैरिकेड्स से कतार में दर्शन करने पहुंचे और यहां पर इन्होंने बैरिकेडस लांघने, दान पेटी गिराने और रोकने पर तैनात सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट कर नंदी हाल में प्रवेश किया। कावड़ियों को गर्भगृह में प्रवेश करना चाह रहे थे रोके जाने पर इन्होंने जमकर उपद्रव किया।

**एक पर नामजद एवं 30-40 अज्ञात-** महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल के अनुसार मंदिर की निजी सुरक्षा एजेंसी के सुपर वाईजर प्रदीप बाथम ने मामले में प्रकरण दर्ज करवाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर इंदौर निवासी सचिन मराठा पर नामजद एवं 30-40 अन्य के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज का मामला दर्ज किया है। 6 सुरक्षाकर्मियों की चिकित्सकीय जांच करवाई गई है।

#### अवरोधों को किया क्षतिग्रस्त

मंदिर प्रबंध समिति की और से जारी बयान में बताया गया है कि बुधवार दोपहर श्री महाकालेश्वर मंदिर में आए कुछ उपद्रवी एवं असामाजिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों द्वारा मंदिर की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को गंभीर रूप से प्रभावित करने का प्रयास किया गया। उक्त व्यक्तियों द्वारा नंदी हॉल में लगी बैरिकेडिंग को तोड़ा गया, व्यवस्थात्मक अवरोधों को क्षतिग्रस्त किया गया तथा दान पेटियों को इधर-उधर फेंकते हुए अनधिकृत रूप से गर्भगृह में प्रवेश करने का प्रयास किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात सुरक्षाकर्मियों के साथ हाथापाई एवं मारपीट की गई, जिसमें सुरक्षाकर्मियों को गंभीर चोटें आईं। इस प्रकार की घटनाएं न केवल मंदिर की संपत्ति एवं व्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचाने वाली हैं, बल्कि मंदिर में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करती हैं।

मंदिर प्रबंध समिति स्पष्ट करती है कि धार्मिक आस्था आड़ में मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था से छेड़छाड़, बैरिकेडिंग तोड़ना, मंदिर संपत्ति को क्षति पहुंचाना, सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट करना अथवा निर्धारित दर्शन व्यवस्था का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे कृत्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## बिहार में 21 मजदूरों से भरी नाव पलटी, यूपी में डैम ओवरफ्लो

एजेंसी ▶▶ भागलपुर

बिहार के भागलपुर में बुधवार को 21 मजदूरों से भरी नाव पलट गई। सभी मजदूर पानी का कटाव रोकने के लिए रेत की बोरियां गंगा नदी किनारे डाल रहे थे। इसी दौरान अचानक एक हिस्से का वजन ज्यादा होने पर नाव पलटकर गंगा में समा गई। सभी मजदूर नदी में गिर गए। रेस्क्यू टीम ने 20 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। वहीं एक मजदूर अभी लापता है, जिसकी तलाश की जा रही है। उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही मानसूनी बारिश से नदियां उफान पर हैं। चंदौली में मूसाखांड और लतीफशाह बांध ओवरफ्लो हो गए हैं, जिसके बाद उनके गेट खोल दिए गए हैं। लखीमपुर में शारदा नदी पर बने तमोलिन पुरवा बांध का एक हिस्सा कट गया।

नेपाल में बाढ़ से तबाही

## सात की मौत, 105 भारतीयों समेत 291 विदेशी लापता

**कई गांव और हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट बहे**

एजेंसी ▶▶ रसुवा

उत्तरी नेपाल के रसुवा जिले में भोटे कोशी नदी में अचानक बाढ़ से भारी तबाही हुई। तिमुरे और स्याब्रुबेसी में घर, वाहन और पुल बह गए। इसमें अब तक सात लोगों की मौत हुई है। वहीं, 384 यात्री लापता है। इसमें से 105 भारतीय शामिल है। उत्तरी नेपाल की भोटे कोशी नदी में बुधवार को अचानक भीषण बाढ़ आ गई। इस प्राकृतिक आपदा में अब तक सात लोगों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि 384 यात्री लापता बताए जा रहे हैं। लापता लोगों में 291 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जिनमें 105 भारतीय और 93 नेपाली नागरिक हैं। नेपाल पर्यटन विभाग के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। इस बाढ़ के कारण तिब्बत सीमा से लगे सिंधुपालचोक जिले के कई इलाके बुरी तरह तबाह हो गए हैं।

## इस्लामाबाद के अस्पताल में आग लगने से 15 नवजात शिशुओं की मौत

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सुबह एक भयानक हादसा हो गया। एक अस्पताल में आग लगने से करीब 15 नवजात शिशुओं की मौत हो गई। यह हादसा पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के गायनेकोलॉजी वार्ड में हुआ। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस अस्पताल की नर्सरी में एयर-कंडीशनर का कंप्रेसर फटने से आग लग गई। अधिकारियों के मुताबिक, घटना के समय नर्सरी में 16 नवजात शिशु थे, जिनमें से 15 बच्चों की मौत हो गई। वहीं सिर्फ एक बच्चे को ही बचाया जा सका।

तेलंगाना के सूर्यापेट जिले में इलेक्ट्रिक बस ने पीछे से ट्रक को मारी टक्कर

# सड़क हादसे में 6 की मौत, 12 घायल

**पिलर को बांधकर रखने वाली चेन टूटने से ट्रक में रखे लोहे के पिलर बस में घुसे**

एजेंसी ▶▶ सूर्यापेट

तेलंगाना के सूर्यापेट जिले में बुधवार सुबह एक इलेक्ट्रिक बस ने पीछे से ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 5 महिलाएं हैं। वहीं 12 लोग घायल हैं।

बस में 43 यात्री सवार थे और यह हैदराबाद से आंध्रप्रदेश के एलुरु जा रही थी। हादसा हैदराबाद-विजयवाड़ा नेशनल हाईवे पर कोडाड मंडल में हुआ। पुलिस ने बताया कि ट्रक में लोहे के भारी पिलर लदे थे। बस के ट्रक से टकराते ही पिलर को बांधकर रखने वाली चेन टूट गई। इसके बाद पिलर बस की दाईं तरफ जा घुसे। पुलिस के मुताबिक, बस के आगे बैठे लोगों की इसी वजह से मौत हुई।

हादसे की वजह तेज रफ्तार होने की आशंका जताई है। बस की टक्कर से पहले ट्रक के सड़क के डिवाइडर से टकराने की भी आशंका है। पुलिस ने बताया कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा के एक अस्पताल में भेजा गया है। तेलंगाना के




सीएम रेवंत रेड्डी ने हादसे पर दुख जताया। उन्होंने मुख्य सचिव को घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के लिए जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया है।

#### बिहार : तेज रफ्तार कार ने कीर्तन कर रहे लोगों को कुचला, 5 की मौत, सड़क जाम, अस्पताल में हंगामा

एजेंसी ▶▶ सुपौल

बिहार के सुपौल जिले के पिपरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे कीर्तन कर रहे लोगों को कुचल दिया। कटैया चौक के समीप एनएच-327ई पर हुए इस दर्दनाक हादसे में अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। हादसे के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया और बाद में सदर अस्पताल में भी जमकर हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार, कटैया चौक के पास झूलन पूजा के अवसर पर कुछ लोग सड़क किनारे कीर्तन कर रहे थे। इसी दौरान पिपरा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक कार अचानक अनियंत्रित हो गई और कीर्तन कर रहे लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में तिलो दास, राजो दास और सुरेंद्र यादव की मौके पर ही मौत हो गई।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### जनसमस्या निदान को तत्पर युवा अफसर

शहर को विकसित करते हुए महाआयोजन के लिए नगर की संस्था द्वारा चौड़ी सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। आमजन इसमें अपने आशियानों को तोड़कर सहयोगी की भूमिका में हैं। इस प्रक्रिया में कष्ट और समस्याओं के बीच जीवन बसर करना रहवासियों को पड़ रहा है। नगर की संस्था के प्रशासन की बागडौर संभालने वाले युवा अफसर संवेदनशील और सहज, सरल है। उनकी प्राथमिकता है कि चौड़ीकरण क्षेत्र के रहवासियों को कम से कम समस्याओं को सामना करना पड़े और नगर की संस्था के कर्मशील उनकी समस्याओं का निदान करने में कोई कोताही नहीं बरतें। सड़कों का निर्माण तेजी से किया जाए। नाली बनाने के लिए खुदाई करने के बाद उसे सप्ताह दो सप्ताह ऐसे ही पटक कर रख रहे हैं तो पानी सप्लाय के लिए गड्ढे खोदकर छोड़ दिए और कई दिनों बाद लाइन डाल रहे हैं। घरों के कनेक्शन उखाड़ दिए और 4-6 दिन रहवासी पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। टूटी नाली, टूटी सड़क और अव्यवस्थित हालात में क्षेत्र में टेंकर भेजकर मात्र अपने काम की इति श्री मान रहे हैं लेकिन घरों से 50 मीटर दूर खड़े टेंकर से टूटे घर तक पानी ले जाने में होने वाली परेशानी का वे भान नहीं रख रहे हैं। ठेकेदारों को कम से कम मजदूर में काम करने में उल्टी मदद कर रहे हैं और रहवासी काम देरी से होने के कारण बराबर समस्याओं को भोगने को मजबूर हैं। नीचे के हालातों को देखते हुए युवा अफसर अब धीरे-धीरे चौड़ीकरण क्षेत्र के रहवासियों के सीधे टच में आते जा रहे हैं। समस्या से युवा अफसर को अवगत करवाने वाले को गुमराह किया जाता है कि साहब को एक संदेश भेज दें जिससे उनके कर्मठ होने की स्थिति पर आंच न आए। समस्याग्रस्त की मजबूरी का लाभ अर्जित किया जाता है और उससे साहब को संदेश भिजवाया जा रहा है। यानिकी समस्याग्रस्त और युवा अफसर को अंधेरे में रखने का करतब किया जा रहा है। बहुत जल्द ठेकेदार पसंद कर्मशीलों में से दो-चार कर्मठ के विकेट गिरने की उम्मीद के आसार अब नजर आने लगे हैं। खुसूर-फुसूर है कि जाकी रही भावना जैसी ताकि सन्मति होई वैसी। युवा अफसर के काम धरातल पर काम करने के कारण ही सामान्य सवारी के परंपरागत मार्ग को समयावधि में पूर्ण किया गया। यहां तक की सवारी मार्ग के कुछ हिस्से को बेहतर और दर्शनीय बनाते हुए नगर की संस्था का इतिहास कायम कर दिया गया। अब राजसी सवारी मार्ग भी समय सीमा में पूर्ण होगा। शहर के अन्य क्षेत्रों में किए जा रहे चौड़ीकरण की धीमी गति को तेज करने के लिए ठेकेदार प्रेमी कर्मठों को अब डोज देना जरूरी होता जा रहा है। बगैर दवा के इनके कीटाणु मरते नहीं दिख रहे हैं। इन्हें आयुर्वेदिक और होम्योपैथ वाला डोज पर्याप्त नहीं लग रहा है। ऐसे में कर्मठों को अब एलौपैथ एवं आपरेशन का डोज ही लगेगा तब ही चौड़ीकरण का काम तेजी से भगेगा अन्यथा धीमें-धीमें कामों की गति से जनआक्रोश के हालात बनना तय है।

## नैनो न्यूज

- **शहीद अमृता देवी की स्मृति** में नौलखी दुग्ध संघ केंद्र पर रोपे पौधे, भारतीय मजदूर संघ के पर्यावरण मंच का आयोजन, वनों के संरक्षण पर दिया जोर।
- **उज्जैन के अभिषेक अग्निहोत्री** बने जन शिकायत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने सौंपी जिम्मेदारी, भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन पर रखेंगे नजर।
- **मन की शुद्धि के बिना** अपरस की सेवा सच्ची नहीं, वल्लभ वैष्णव मंडल ने मनाया पवित्रा बारस उत्सव, खंडेलवाल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में इंदौर के मुखिया अनुराग जी ने दिया व्याख्यान
- **28 अगस्त को** सात दुर्लभ शुभ संयोगों में मनेगा रक्षाबंधन, राखी पर नहीं रहेगा भद्रा और चंद्र ग्रहण का साया, दिनभर बांध सकेंगे रक्षासूत्र।
- **राखी पर्व पर 28 अगस्त को** बंद रहेगा दौलतगंज होलसेल किराना बाजार, मर्चेंट एसोसिएशन के संचालक मंडल की बैठक में लिया गया निर्णय।
- **श्रावण महोत्सव में** एकजुट हुए पुलिस पेंशनर संघ के सदस्य, सिंहस्थ 2028 में सेवा का लिया संकल्प।
- राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व की अनुशंसा पर संगठन विस्तार के लिए हुई नियुक्ति।

## ट्रेंडिंग




रेलवे स्टेशन के बाहर गंदगी इतनी... थोड़ी देर खड़ा रहना भी मुश्किल

# सफाई नहीं होने से गंदगी और बदबू से यात्री परेशान





## सावन में महाकाल दर्शन को उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रेलवे स्टेशन के बाहर के हालात देखकर आप सहज ही अंदाजा लगा सकते हैं कि कई दिनों से रेलवे स्टेशन के बाहर की सफाई नहीं हुई है।

अधिकारियों के दौरे के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सावन में प्रतिदिन ट्रेन से हजारों की संख्या में बाहर के यात्री महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन पहुंच रहे हैं। ऐसे में रेलवे स्टेशन के बाहर फैली गंदगी की वजह से यात्री यहां थोड़ी देर खड़ा भी नहीं रह पा रहा है। लेकिन फिर भी रेलवे स्टेशन के बाहर बिगड़ी साफ सफाई की व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सावन माह में बाबा महाकाल के दर्शन के लिए देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंच रहे हैं लगातार बढ़ रही यात्रियों की भीड़ के कारण रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म दिनभर खचाखच भरे रहते हैं। यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पिछले दिनों रेलवे प्रशासन ने रेलवे स्टेशन के बाहर परिसर की पार्किंग व्यवस्था में भी बदलाव किया था। जहां पहले वाहन पार्क किए जाते थे वहां बैरिकेट्स लगाकर पार्किंग हटाई गई थी और अब उस स्थान का उपयोग यात्रियों को बैठने और प्रतीक्षा के लिए उपयोग किया जा रहा है। साथ ही रेलवे स्टेशन के बाहर परिसर में वाटरप्रूफ डोम तैयार किया गया है । इस वाटरप्रूफ डोम में यात्री बैठकर विश्राम कर रहे हैं। लेकिन रेलवे स्टेशन के बाहर के वर्तमान हालातों को देखकर यही लगता है कि कई दिनों से बाहर की सफाई नहीं हुई है।

### विश्राम करना भी हुआ दुश्वार

रेलवे स्टेशन के बाहर पाथवे के नजदीक कचरे का ढेर लगा है तथा जगह-जगह पानी व कीचड़ फैला हुआ है। गंदगी की वजह से मच्छर पनप रहे हैं। रेलवे स्टेशन के बाहर परिसर के आसपास फैली गंदगी की वजह से यात्रियों का बाहर खड़ा रहना व विश्राम करना भी दुश्वार हो गया है। पिछले कई समय से यह स्थिति बनी हुई है। लेकिन इस और किसी का ध्यान नहीं है। जबकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए कई अतिरिक्त ट्रेन चलाई जा रही है वहीं श्रद्धालुओं को असुविधा न हो इसके लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं जुटाए जा रही है। लेकिन परिसर में फैली गंदगी की और ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### साहब के आने की खबर लगते ही बदल जाती है स्टेशन की सूरत

ट्रेन से उतरने के बाद यात्री रेलवे स्टेशन के बाहर फैली गंदगी की वजह से यहां थोड़ी देर खड़ा भी नहीं रह पा रहा है। जब भी कोई रेलवे के अधिकारी निरीक्षण के लिए पहुंचते हैं तो उनके आने से पहले रेलवे स्टेशन के अंदर की ओर बाहर की साफ सफाई करवा कर चकाचक करवा दिया जाता है।

शकर, ड्राई फुट्स महंगे, मिठाई के दाम में तड़का लगा

# घेवर, फैनी, मिठाई भी महंगी ही मिलेगी!

## घरों में बनने वाली मिठाई का खर्च भी दो गुना के करीब पहुंचा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शकर के दाम 40 फीसदी के लगभग उछाल के साथ बढ़े हैं। इसके साथ ही ड्राई फ्रुट्स में पहले ही दाम ऊंचे चल रहे हैं। ऐसे में इस बार की राखी की विशेष मिठाई घेवर, फैनी भी बहनों को ऊंचे दाम पर ही खरीदनी पड़ेगी। दाम का असर इस कदर बडा है कि घरों में बनने वाली मिठाई का खर्च दो गुना के करीब पहुंच रहा है। बाजार में मिठाई की दुकानों पर धीरे-धीरे फेहरिस्त में बदलाव होने लगा है। अभी तक मिठाई विक्रेता संघ की और से इसे लेकर कोई अधिकृत घोषणा नहीं की है।

त्योहार के दौर में शकर सहित दाल और ड्राय फ्रुटस के दामों में उछाल की स्थिति रही है। बेसन के लड्डू ही महंगे हो गए हैं। चना दाल बाजार में प्रति किलो 15-20 रूपए महंगी हुई है तो बेसन भी महंगा हुआ है। ड्राई फ्रुटस पर भी प्रति किलो 300-400 रूपए की वृद्धि पिछले 6 माह में दर्ज की गई है। इसके चलते घरों में बनने वाले व्यंजनों पर भी महंगाई का असर हुआ है। शकर 70 रूपए प्रति किलो पर चल रही है।



- **त्यौहारी खरीदी पर सीधा असर-** पिछले साल तक रक्षाबंधन पर जिस बजट में घर में मिठाई बन जाती थी और त्योहार की खरीदारी हो जाती थी, इस बार उसी बजट में सामान कम पड़ रहा है। शक्कर, ड्राई फ्रूट्स, लाल मिर्च, तेल, चाय और चावल समेत कई जरुरी खाद्य सामग्री के दाम पिछले साल की तुलना में बढ़ गए हैं। इसका सीधा असर त्योहार मनाने के खर्च पर पड़ रहा है। पिछले रक्षाबंधन के मुकाबले इस बार लाल मिर्च 300 से बढ़कर 450 रुपए किलो तक पहुंच गई है। ड्राई फ्रूट्स में कुछ महीनों में ही 300 से 400 रुपए तक की तेजी आई है। ऐसे में राखी पर बहन के लिए मिठाई, घर में बनने वाले पकवान और भाई के साथ उसके परिवार की मेजबानी का खर्च पिछले साल के मुकाबले दो गूना के करीब बैठ रहा है।
- **लड्डू में ही दोगुना के करीब हुआ खर्च-** मावा की मिठाई को लेकर अब लोगों ने दूरी बना ली है। ऐसे में सबसे ज्यादा पसंद बेसन के ड्राय फ्रुट्स लड्डू ही होते हैं। लक्ष्मी बाई मेहरा बताती हैं कि पिछले वर्ष एक किलो बेसन के लड्डू जितनी राशि में हम बनाते थे उससे दुगनी राशि कि सामग्री इस बार लाना पड़ी है। इलायची ही जमकर महंगी हो गई है। काजू, बादाम भी महंगे हो गए हैं। दाल का बेसन महंगा हुआ है। इस बार त्यौहार का बजट दुगना करना पड़ा है।

### रसोई की सामग्री महंगी, डेढ़ गुना से अधिक हुआ बजट

सखी ग्रुप की महिलाओं का कहना है कि त्यौहार आते ही खाद्य वस्तुओं के दाम उछाल पर आ जाते हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही हो रहा है। हम दो हमारे दो के परिवार में ही सामान्य रसोई का खर्च अब 5 हजार से बढ़कर 8 हजार मासिक पहुंच चुका है। दाल, तेल सहित सभी सामग्री महंगे हो गए हैं। इसके साथ ही पैकिंग में मात्रा भी घट गई है। पिछले साल जहां परिवार सीमित बजट में राखी की खरीदारी, मिठाई और पकवान की तैयारी कर लेता था, इस बार उसी तरह की तैयारी के लिए अतिरिक्त रकम जुटानी पड़ रही है। ऐसे में महंगाई का असर सिर्फ रोजमर्रा की रसोई पर नहीं, बल्कि त्योहार मनाने के तरीके और बजट पर भी दिखाई देने लगा है।

### ड्राय फुट्स, शकर के दामों का असर मिठाई पर

त्योहारों में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली शक्कर के दाम में अचानक तेजी आने से। मिठाई बनाने की लागत बढ़ने से मिठाइयों के दाम भी बढ़ना तय है। यानी राखी की मिठाई भी पिछले साल के मुकाबले जेब पर ज्यादा भारी पड़ सकती है। मिठाई से पूर्व ही बाजार में चाय की दुकानों पर शकर महंगी होने का असर हो गया है। कट चाय ही अब 10 रूपए दर पर पहुंच चुकी है।

## ईद मिलादुन्नबी का जुलूस विभिन्न मार्गों से होकर जामा मस्जिद पहुंचा



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सीरत कमेटी के सरपरस्त शहर काजी खलिकुर्रहमान, अध्यक्ष सूफी जाकिर हुसैन चिश्ती, जनरल सेक्रेटरी अखलाक अहमद कुरैशी एडवोकेट एवं मुख्तियार खालवाला गुलरेज कुरैशी ने बताया कि बुधवार को मिलादुन्नबी के मुबारक अवसर पर सुबह 12 बजे जामा मस्जिद से भव्य जुलूस निकाला गया।

जुलूस भार्गव मार्ग, के.डी. गेट, कमरी मार्ग, ढाबा रोड, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी चौराहा, लोहे का पुल, तोपखाना, मदार गेट, दौलतगंज, फव्वारा चौक, नई सड़क, कंठाल, तेलीवाड़ा, मिर्जा नईम बेग मार्ग, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, ढाबा रोड, मावा बाजार होते हुए टंकी चौराहा पुनः जामा मस्जिद पहुंचकर शाम करीब 6 बजे समाप्त हुआ। मिलादुन्नबी के जुलूस में विभिन्न प्रकार की आकर्षक एवं संदेशपरक झांकियां शामिल रहीं। इनमें मदीना शरीफ, मक्का मुकर्रमा तथा इस्लामी धार्मिक स्थलों की प्रतिकृतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। झांकियों को फूलों, रंग-बिरंगी सजावट और धार्मिक प्रतीकों से खूबसूरती से सजाया गया था। बड़ी संख्या में समाजजन जुलूस में शामिल हुए। जुलूस के दौरान नात-ए-पाक और सलाम की सदाएं गूंजती रहीं। समाजजनों ने मिलादुन्नबी के पैगाम अमन, भाईचारे, इंसानियत और मोहब्बत को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया।

## ईद मिलादुन्नबी पर यूसीसी के विरोध में उठी आवाज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन




ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर वार्ड क्र 31 की पार्षद नाजिया कुरैशी महिलाओं के साथ कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने यूसीसी (समान नागरिक संहिता) के विरोध में पोस्टर प्रदर्शित किया।

कार्यक्रम के दौरान नाजिया कुरैशी के हाथ में रिजेक्ट यूसीसी लिखा पोस्टर नजर आया, जबकि उनके साथ मौजूद कई महिलाओं ने भी इस विरोध में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। मौके पर महिलाओं ने यूसीसी के विरोध में अपनी बात रखी और पोस्टर के माध्यम से अपना संदेश दिया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे भी मौजूद रहे। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में धार्मिक एवं सामाजिक सहभागिता के साथ यूसीसी को लेकर विरोध का संदेश भी सामने आया। कार्यक्रम की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद यह आयोजन चर्चा में रहा।

81 की उम्र में भी देशप्रेम का जज्बा बरकरार

## सरहद पर सैनिकों को राखी बांधेंगी श्रीमती व्यास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देश की रक्षा में तैनात सैनिकों के प्रति सम्मान और भाईचारे की भावना को लेकर 81 वर्षीय महिला ने अनूठी पहल की है। चार साल पहले एक सैनिक की कलाई पर राखी बंधी और उसके चेहरे पर खुशी की चमक देखकर उन्होंने संकल्प लिया था कि वे हर वर्ष सैनिकों तक राखी पहुंचाएंगी। इसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए इस बार भी वे सरहद पर जवानों की कलाई पर राखी बांधने जा रही हैं।



इस पहल में उनके साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी जुड़ी हैं। महिलाओं ने राखियां तैयार कर सैनिकों के लिए भेजने की तैयारी की है। उनका कहना है कि देश की सीमाओं पर जवान अपने परिवार से दूर रहकर राष्ट्र की सुरक्षा में जुटे हैं। ऐसे में रक्षाबंधन के अवसर पर उनकी कलाई पर राखी बांधना और उन्हें परिवार का स्नेह देना उनके लिए गर्व की बात है।

बहादुरगंज निवासी इंदिरानगर और भैरवगढ़ स्कूल की प्राचार्य रह चूकी शीला व्यास 81 वर्ष की उम्र में भी देशसेवा की इस भावना ने महिला के जज्बे को खास बना दिया है। उनका यह प्रयास समाज में देशभक्ति, भाईचारे और सैनिकों के प्रति सम्मान का संदेश दे रहा है।

## ईद मिलादुन्नबी पर निकले जुलूस का कांग्रेसजनों ने किया स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के मुबारक मौके पर शहर में अकीदत और उत्साह के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। भाईचारे, अमन और सौहार्द के प्रतीक इस पर्व पर शहर के मुख्य मार्गों से गुजरे जुलूस का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। इसी कड़ी में पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस सेवादल व शहर कांग्रेस सेवादल एवं समस्त कांग्रेस संगठन द्वारा गांधी चौक पर शहर काजी नसीरुद्दीन साहब का पारंपरिक तरीके से साफा बांधकर और पुष्प माला पहनाकर इस्तकबाल किया गया। साथ ही, जुलूस में शामिल तमाम मुस्लिम भाइयों व शहरवासियों पर पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया गया, जिससे पूरा इलाका आपसी भाईचारे और सद्भाव के नारों से गूंज उठा।

इस गरिमामयी अवसर पर उपस्थितगणों ने कहा कि ऐसे पावन पर्व हमें देश की एकता, अखंडता और मिलजुलकर रहने का संदेश देते हैं। सभी समुदायों के लोगों का एक-दूसरे के उत्सवों में शामिल होना हमारी गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी प्रेम को और अधिक मजबूत बनाता है। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी और शहर में शांति व भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश की।

स्वागत कार्यक्रम और जुलूस के दौरान कांग्रेस पार्टी और सेवादल के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष निलेश शर्मा, शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष वनिशराज कटारिया, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामलाल माली, प्रवीण बिलाला, नारायण सिंह राठौर, शहर किसान कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश पटेल, बार एसोसिएशन अध्यक्ष करण राठौर, शेफुद्दीन बादशाह, रामस्वरूप मोरवाल, पवन प्रजापत, उमाकांत मेहता, विजय कटारिया और ओम राठौर सहित कांग्रेस सेवादल और कांग्रेस पार्टी के अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर




## न्यूज ब्रीफ

### कर्नल सोफिया कुरैशी मामले में मंत्री के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी नहीं

**भोपाल।** राज्य सरकार ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान देने के मामले में प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के खिलाफ मुकदमे की मंजूरी नहीं देने की अनुशंसा की है। मंगलवार को कैबिनेट बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। इसके बाद सरकार ने शाह के पक्ष में निर्णय लिया। इससे पहले कैबिनेट बैठक से सभी अधिकारियों को बाहर कर दिया गया। इस फैसले को लेने से पहले तर्क दिया गया कि मंत्री तीन बार मामले में सार्वजनिक माफी मांग चुके हैं। अब कैबिनेट के निर्णय को राज्यपाल को भेजा जाएगा। इसके बाद राज्यपाल के स्तर पर इसमें अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### आवेदकों की सुविधा के लिए आवेदन लेखन की विशेष व्यवस्था

**इंदौर।** शासकीय सेवाओं का लाभ सहज एवं सरल तरीके से उपलब्ध कराने के लिए निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में इंदौर कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों की सुविधा के लिए आवेदन लिखने की विशेष व्यवस्था की गई है। कलेक्टर कार्यालय में संपन्न हुई जनसुनवाई में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आवेदकों की समस्याओं को सुना और उनका हाथों-हाथ निराकरण किया।ऐसी समस्याएं जिनका मौके पर निराकरण नहीं किया जा सका, उनके निराकरण के लिए समय सीमा तय करते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर शिवम वर्मा ने विशेष व्यवस्था का अवलोकन भी किया। उन्होंने आवेदन लेखन की प्रक्रिया देखी तथा वहां उपस्थित आवेदकों से चर्चा कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

### आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत इंदौर जिले को किया

**इंदौर।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट (आभा आईडी) के माध्यम से सभी हितग्राहियों का मेडिकल डाटा एक जगह संधारित करने का कार्य किया जा रहा है। इसमें हितग्राहियों का स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल फार्म में संधारित किया जाता है, जिससे कि उपचार प्रदान करने में आसानी होती है और हितग्राही की मेडिकल हिस्ट्री को भी आसानी से ट्रेक किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इंदौर जिले ने प्रदेश में सर्वाधिक आभा आईडी बनाए हैं। यह वर्तमान में लगभग 25 लाख 80 हजार आभा आईडी बनाए जा चुके हैं, जो कुल लक्ष्य का 73 प्रतिशत आभा कार्ड है। भोपाल में आयोजित समारोह में उक्त प्रशंसनीय कार्य के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी को उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजेंद्र प्रसाद शुक्ल एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने सम्मानित किया गया।

### 7 सितम्बर को आयोजित होगा एक दिवसीय रोजगार मेला



**इंदौर।** युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार, इनोवेशन एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा 07 सितम्बर 2026 (सोमवार) को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला जिला रोजगार कार्यालय (जिला उद्योग केन्द्र परिसर) पोलोग्राउंड इंदौर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। मेले में युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु ऋण प्रक्रिया एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। उप संचालक रोजगार पी. एस. मंडलोई ने बताया कि मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग लेंगी। इसमें निर्माण ऑर्गनाइजेशन, डॉ. रेड्डी फाउंडेशन इंदौर, शेफाली बिजनेस सोल्यूशन, मोज़िक वर्कस्किल साईटेड, अपाल्टो इलेक्ट्रोनिक्स प्रायवेट लिमिटेड, फिनोदया कैपिटल प्रायवेट लिमिटेड, कोटक महिन्द्रा आदि संस्थाओं में 250 से अधिक रिक्त पदों की पूर्ति के लिए प्रारम्भिक रूप से चयन हेतु उपस्थित रहेगी। उक्त संस्थाओं द्वारा एच.आर., ऑफिस एसिस्टेंट, कस्टमर्स सपोर्ट एसोसिएट, ट्रेनी एसोसिएट, डेटा एन्ट्री ऑपरेटर, अकाउंटेंट, काउन्सलर एंड मोबलिजर, ट्रेनरमल्टीपल ऑपनिंग, क्वालिटी/प्रोडक्शन इंजीनियर, वेल्डर, फिटर, वेयरहाउस एसोसिएटस, फैक्टरी हेल्पर, प्रोडक्शन हेल्पर, रिलेशनशिप ऑफिसर (सेल्स) आदि पदों पर चयन किया जाएगा।

## नैनो न्यूज

- **आवारा मवेशियों से बढ़ा खतरा-** सुसनेर की व्यस्त सड़कों पर आवारा मवेशियों के जमावड़े से यातायात प्रभावित हो रहा है। शाम के समय हादसों का खतरा बढ़ा।
- **ईंधन कीमतों पर नजर-** शाजापुर में 25 अगस्त को डीजल करीब 100.30 प्रति लीटर दर्ज हुआ। परिवहन और माल ढुलाई लागत पर इसका असर पड़ रहा है।
- **रेलवे स्टेशन पर कार्रवाई-** रतलाम जंक्शन पर डीआरआई ने कार्रवाई करते हुए करीब 2 किलो एम्फेटामिन के साथ एक विदेशी महिला को गिरफ्तार किया।
- **अस्पताल में जेवर का बैग गायब-** मंदसौर अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजन का करीब चार लाख रुपए के जेवर वाला बैग गायब हुआ। सीसीटीवी में कुत्ता बैग ले जाता दिखा।
- **हाईवे पर 39 पार्सल बैग चोरी-** सुसनेर के खजूरी जोड़ पर इंदौर-कोटा नेशनल हाईवे में ट्रक से 39 पार्सल बैग चोरी होने का मामला सामने आया। पुलिस जांच कर रही है।
- **युवा कांग्रेस प्रदर्शन में बवाल-** शाजापुर में युवा कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान पुलिस से झड़प हुई। स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।
- **2.50 करोड़ की एमडी जब्त-** रतलाम में पुलिस ने राजस्थान पासिंग कार का पीछा कर करीब 2.50 करोड़ रुपये कीमत की एमडी ड्रग जब्त की। तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग भी की।

---

कृषि दवाइयों पर आकर्षक लाभ का झांसा देकर जमा कराए थे करोड़ों रुपये

# करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## जांच में दंपति के उदयपुर में छिपे होने की जानकारी मिली, दबिश देकर पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मल्टी लेवल मार्केटिंग कंपनी के माध्यम से किसानों को खाद, बीज और कृषि दवाइयों पर आकर्षक लाभ देने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने सात साल से फरार चल रहे आरोपित और उसकी पत्नी को उदयपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों को उदयपुर से उज्जैन लेकर आई। मंगलवार को न्यायालय में पेश करने पर दोनों को जेल भेज दिया गया।

ईओडब्ल्यू एसपी समर वर्मा ने बताया कि वर्ष 2019 में ग्रीन लीफ फर्टिलाइजर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का संचालन उदयपुर से प्रेमनारायण दांगी, उसकी पत्नी अंकिता, ओमप्रकाश सोनी और सुधीर मिश्रा द्वारा किया जा रहा था। आरोप है कि कंपनी संचालकों ने उज्जैन सहित मंदसौर, नीमच, शाजापुर, रतलाम, आगर और देवास जिले के किसानों को कंपनी में निवेश करने के लिए आकर्षक योजनाओं का झांसा दिया था।

आरोपितों ने किसानों को खाद, बीज और कृषि दवाइयों पर आकर्षक और मुफ्त लाभ देने का लालच दिया। लुभावने ऑफर के चलते बड़ी संख्या में किसानों ने कंपनी में रकम जमा कराई। इसके बाद कंपनी का संचालन बंद कर आरोपित फरार हो गए। सांवेर निवासी महेश पटेल ने भी मामले में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार उनसे खाद, बीज और कृषि दवाइयों पर आकर्षक ऑफर देने के नाम पर करीब 2.39 करोड़ रुपये जमा कराए गए थे।

### उदयपुर में छिपे होने की मिली जानकारी



मामले में लंबे समय से फरार चल रहे प्रेमनारायण दांगी और उसकी पत्नी अंकिता की ईओडब्ल्यू टीम तलाश कर रही थी। जांच के दौरान दोनों के उदयपुर में होने की जानकारी मिली। इसके बाद टीम ने दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया और उज्जैन लेकर आई।

### एक आरोपित पहले गिरफ्तार, तीन अभी फरार

ईओडब्ल्यू के अनुसार प्रकरण में जयचंद्र झा निवासी धामनोद को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। ओमप्रकाश पुत्र शंकरलाल सोनी निवासी झालावाड़ और सुनील शेरा निवासी देवास अभी फरार हैं। पुलिस दोनों की तलाश में जुटी है। एसपी समर वर्मा ने कहा कि आर्थिक अपराध और धोखाधड़ी करने वाले आरोपितों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मामले में फरार आरोपितों की तलाश जारी है और उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

---

# कटनी मामलाः नेहा पच्चीसिया की अग्रिम जमानत पर फैसला 29 को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ कटनी

कटनी के बहुचर्चित जमीन सौदेबाजी मामले में तत्कालीन उरढ नेहा पच्चीसिया की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। मंगलवार को जिला न्यायालय में उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर करीब तीन घंटे तक बहस हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा। अब मामले में अगली सुनवाई 29 अगस्त को होगी। मामले में अपराध क्रमांक 738/26 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें तत्कालीन सीएसपी नेहा पच्चीसिया, सहित अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं। एफआईआर दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए नेहा पच्चीसिया और क्षितिज राज बारापात्रे की ओर से जिला न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की गई थी। मंगलवार को प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश लीला लोधी की अदालत में दोनों पक्षों की ओर से करीब तीन घंटे तक दलीलें रखी गईं।

---

मप्र की सियासत में युवा चेहरों की बढ़ेगी भूमिका

# चुनावी रणनीतिः युवाओं को साधने भाजपा-कांग्रेस में होड़

## भाजपा संवाद करेगी तो कांग्रेस बनाएगी आंदोलन का चेहरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश की राजनीति में अब चुनावी रणनीति का केंद्र न केवल महिला और पुरुष मतदाता नहीं, बल्कि 18 से 29 वर्ष के युवा मतदाता बनने जा रहे हैं। दिल्ली में जेन-जी के आंदोलन से बने राजनीतिक प्रभाव ने प्रदेश के भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों को युवा वर्ग को लेकर अपनी रणनीति पर नए सिरे से काम करने के लिए प्रेरित किया है। विधानसभा चुनाव में अभी ढाई साल से अधिक का समय है, लेकिन उससे पहले होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों को देखते हुए - दोनों दलों ने युवाओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने की - तैयारी शुरू कर दी है।

युवाओं को साधने के मामले में भाजपा फिलहाल आगे दिखाई दे रही है। प्रदेश सरकार पहले ही 2027 को युवा वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा कर चुकी है। इस दौरान युवाओं से जुड़ी योजनाओं, रोजगार, शिक्षा, परीक्षा और कौशल विकास से जुड़े विषयों पर विशेष फोकस किए जाने की तैयारी है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक सरकार की योजनाओं के साथ संगठन भी युवाओं तक पहुंच बनाने की कोशिश करेगा। इसका उद्देश्य केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी देना नहीं, बल्कि युवा मतदाताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं का फीडबैक लेना भी होगा।

### संभाग स्तर पर बनेगी युवाओं से संवाद की रणनीति



भाजपा जेन-जी और युवा मतदाताओं के बीच सक्रिय संवाद के लिए विराट क्या करने की दशा में काम कर रही है। यह टीम संभाग, जिला और स्थानीय स्तर पर छात्र-छात्राओं तथा युवाओं से संवाद करेगी। महीने में कई बार अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं से रोजगार, शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और भविष्य से जुड़े मुद्दों पर राय ली जाएगी। इस फीडबैक को संगठन और सरकार तक पहुंचाने की रणनीति है, ताकि युवाओं से जुड़े मुद्दों पर फैसलों को भी राजनीतिक रूप से प्रभावी बनाया जा सके। दूसरी ओर कांग्रेस भी संगठन में युवाओं की भूमिका बढ़ाने की तैयारी में है। पार्टी में ऐसे जिलों में युवा नेतृत्व को आगे लाने पर विचार किया जा रहा है, जहां लंबे समय से वरिष्ठ उम्र के नेता संगठन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। कांग्रेस सरकार के खिलाफ आंदोलन, धरना और प्रदर्शन में युवा चेहरों को प्रमुखता देने की रणनीति पर काम कर रही है।

### राहुल गांधी करेंगे युवा संवाद

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मध्यप्रदेश में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाने की भी तैयारी है। इसकी शुरूआत उज्जैन से होने की संभावना जताई जा रही है। निकाय चुनाव से पहले प्रदेश के प्रमुख नगर निगम मुख्यालयों में ऐसे संवाद कराने की रणनीति पर कांग्रेस काम कर रही है। पार्टी प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में युवा नेताओं को चिन्हित कर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने पर भी जोर देगी। संगठन और सर्वे में बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवा चेहरों को आगामी चुनाव में संभावित उम्मीदवार के रूप में आगे बढ़ाने की योजना बनाई जा रही है। प्रदेश में आगामी चुनावों के लिए युवा मतदाताओं की संख्या राजनीतिक दलों के लिए महत्वपूर्ण होगी। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इंदौर संभाग में युवा मतदाताओं की संख्या काफी अधिक है। इंदौर विधानसभा क्षेत्र-5 को भी युवा मतदाताओं के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यही वजह है कि आने वाले समय में राजनीतिक दलों के कार्यक्रमों में युवाओं से जुड़े मुद्दे ज्यादा दिखाई दे सकते हैं। रोजगार और परीक्षा से लेकर शिक्षा, स्टार्टअप, कौशल विकास और भविष्य की सुरक्षा जैसे मुद्दे चुनावी बहस के केंद्र में आने की संभावना है।

---

# जिपं सीईओ की अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक संपन्न

## जनपद के इंजीनियरों को मैदान में रहकर सर्वे करने के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नवागत जिला पंचायत सीईओ हिमांशु प्रजापति ने आते से ही अपने विभाग की समीक्षा बैठक के साथ फील्ड पर रहकर कार्य करने की आदत को बनाने के निर्देश दिए। इसी क्रम में आज उन्होंने एक मैराथन रूपी बैठक कर एक एक अधिकारी और कर्मचारी से सीधे संवाद कर ग्रामीण क्षेत्रों के चल रहे कार्य और आने वाले समय में होने वाले कार्यों को लेकर सीधा संवाद किया। हिमांशु प्रजापति ने आंगनवाड़ी, किसान, शिक्षा, स्कूल, स्वास्थ्य के साथ प्रधानमंत्री योजनाएं के साथ अन्य विकास कार्यों की समीक्षा भी की। लगातार जनविश्वास यात्रा भी ग्रामीण में चल रही है। इसको लेकर भी सभी को दिशा निर्देश भी दिए। हिमांशु प्रजापति ने कहा है कि सभी लोग टालने की पद्धति को समाप्त कर अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर काम करे। अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायत पर त्वरित निदान के साथ आम जन की संतुष्टि बेहद जरूरी है।

---

मप्र में अपनी जमीनी गतिविधियों को विस्तार देने की तैयारी में जुटा विहिप

# बस्तियों में लगेगा पहरा और होंगी धर्म चौपालें !

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने मध्यप्रदेश में अपनी जमीनी गतिविधियों को विस्तार देने की तैयारी की है। संगठन अब बस्तियों और मोहल्लों के स्तर पर निगरानी एवं जागरूकता तंत्र मजबूत करने की योजना बना रहा है। प्रस्तावित मॉडल के तहत करीब हर 10 घर पर एक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी देने की बात कही गई है।

विहिप के मुताबिक इन कार्यकताओं का उद्देश्य अपने क्षेत्र के परिवारों से संपर्क बनाए रखना, उन्हें संगठन की गतिविधियों से जोडना और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या दबाव की जानकारी संगठन एवं पुलिस तक पहुंचाना होगा। संगठन का कहना है कि इसके साथ ही सनातन धर्म से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

विहिप का फोकस आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े इलाकों पर अधिक रहेगा। संगठन का मानना है कि ऐसे क्षेत्रों में जागरूकता की कमी का फायदा उठाकर बाहरी तत्व सक्रिय हो सकते हैं। इसके तहत कार्यकताओं को परिवारों से संवाद करने और किसी संदिग्ध व्यक्ति प्रलोभन या दबाव से जुड़े मामले की जानकारी तत्काल संगठन और पुलिस को देने के लिए कहा जाएगा।

### हनुमान चालीसा से धर्म चौपाल तक



संगठन की योजना केवल निगरानी तक सीमित नहीं है। बस्तियों में सनातन जागरूकता शिविर, हनुमान चालीसा पाठ और धर्म चौपाल जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के जरिए लोगों को धार्मिक गतिविधियों से जोडने और सामाजिक संपर्क बढ़ाने की कोशिश होगी। विहिप के प्रांत प्रचार प्रमुख जितेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि संगठन लगातार सनातन धर्म के खिलाफ होने वाली गतिविधियों को लेकर अलग-अलग स्तर पर अभियान चलाता रहा है। आने वाले समय में प्रत्येक परिवार तक पहुंच बनाने पर जोर रहेगा।

---

# राखी पर्व के कारण ट्रेनों और बसों में यात्रियों का दबाव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राखी के त्योहार को देखते हुए ट्रेन और बसों से एक शहर से दूसरे शहर तक जाना मुश्किल हो रहा है। इंदौर से दूसरे शहरों तक जाने वाली सभी ट्रेनें पैक हैं। इंदौर में सबसे ज्यादा यात्री दिल्ली, मुंबई और पुणे से आते हैं। इन रूटों की बसों के किराए में भी 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो गई है। इंदौर रेलवे स्टेशन पर आम दिनों की तुलना में भीड़ ज्यादा दिखाई दे रही है। राखी पर्व पर कई परिवार अपने घर आते हैं। इस कारण ट्रेनों में बुकिंग आसानी से नहीं मिल पा रही है। इंदौर से महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में सीटें खाली नहीं हैं। बुधवार से अगले सोमवार तक इंदौर से जाने वाली ज्यादातर ट्रेनों में टिकट नहीं मिल पा रहे हैं।

### दूसरे विकल्पों से जाने पर विचार कर रहे

जिन लोगों के टिकट कन्फर्म नहीं हो पाए हैं, वे दूसरे विकल्पों से जाने पर विचार कर रहे हैं। राखी के बाद दो दिन की छुट्टी होने की वजह से लोग त्योहार पर अपने घर लौटना चाहते हैं। इस कारण ट्रेनों में यात्रियों का दबाव ज्यादा है। इंदौर से टिकट नहीं होने की स्थिति में लोग भोपाल या दूसरे शहरों से कन्फर्म टिकट बुक करा रहे हैं। उधर, सीहोर में कथाकार प्रदीप मिश्रा द्वारा कराए जा रहे धार्मिक आयोजन के कारण भी ट्रेनों पर यात्रियों का दबाव बढ़ गया है। लोग ट्रैफिक जाम से बचने के लिए सड़क के बजाय ट्रेन से सफर करना सुविधाजनक मान रहे हैं।

---

लगेगा सवा लाख लड्डुओं का महाभोग, तैयारी शुरू

# रक्षाबंधन पर बाबा महाकालेश्वर को बंधेगी सबसे पहली राखी

## श्रावण के अंतिम दिन भस्म आरती में पंचामृत अभिषेक और विशेष श्रृंगार के बाद 2 फीट की भव्य राखी बांधी जाएगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रक्षाबंधन पर्व से पहले उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। परंपरा के अनुसार देश-दुनिया में रक्षाबंधन मनाए जाने से पहले सबसे पहली राखी राजाधिराज भगवान महाकालेश्वर को अर्पित की जाएगी। श्रावण मास के अंतिम दिन भस्म आरती के दौरान बाबा महाकाल का पंचामृत अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया जाएगा और पुजारी परिवार की महिलाओं द्वारा तैयार की गई विशेष राखी अर्पित की जाएगी।

रक्षाबंधन के दिन तड़के 3 बजे होने वाली भस्म आरती में भगवान महाकाल का जल, दूध, दही, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद सूखे मेवों और भांग से बाबा महाकाल का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद पुजारी परिवार की महिलाओं द्वारा तैयार की गई विशेष राखी भगवान महाकाल को अर्पित की जाएगी। मान्यता के अनुसार भगवान महाकाल कालजयी हैं और भद्रा या मुहूर्त के बंधन से परे माने जाते हैं।

इसलिए सबसे पहले बाबा महाकाल को राखी अर्पित कर सृष्टि के कल्याण की कामना की जाएगी।

### 8 दिन से तैयार हो रही 2 फीट की विशेष राखी



वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार पुजारी परिवार की महिलाएं बाबा महाकाल के लिए विशेष रक्षासूत्र तैयार करती हैं। इस बार करीब 2 फीट लंबी राखी बनाई जा रही है। इसे रेशम के धागों, स्पंज, आभूषणों और विशेष वस्त्रों से सजाया जा रहा है। पुजारी परिवार की महिलाओं के अनुसार राखी तैयार करने में करीब 8 दिन का समय लगता है। इस दौरान श्रावण माह के उपवास और मंगल गीतों के बीच पूरी श्रद्धा और पवित्रता के साथ रक्षासूत्र तैयार किया जाता है।

### लाखों श्रद्धालुओं को वितरित होगा महाप्रसाद

28 अगस्त को भस्म आरती के दर्शन करने वाले और दिनभर बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं को सवा लाख लड्डुओं का महाप्रसाद वितरित किया जाएगा। मंदिर परिसर में रक्षाबंधन को लेकर विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। ऐसी महिलाएं और बहनें, जिनके भाई नहीं हैं, वे भी बाबा महाकाल को अपना भाई मानकर मंदिर पहुंचेंगी और उन्हें रक्षासूत्र बांधेंगी। मान्यता और आस्था से जुड़ी इस परंपरा के चलते रक्षाबंधन के दिन महाकाल मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### बाबा महाकाल को लगेगा सवा लाख लड्डुओं का महाभोग

रक्षाबंधन और श्रावण महोत्सव के समापन के अवसर पर बाबा महाकाल को सवा लाख लड्डुओं का महाभोग लगाया जाएगा। पंडित राजेश शर्मा, पंडित ओम गुरु और पंडित आकाश सहित पुजारी परिवार की ओर से इसकी तैयारियां की जा रही हैं। सवा लाख लड्डुओं के निर्माण में करीब 15 क्विंटल बेसन, 10 क्विंटल शुद्ध घी, 15 क्विंटल शक्कर बूरा और 2 क्विंटल मेवे के साथ इलायची का उपयोग किया जा रहा है। लड्डुओं के निर्माण में सामग्री की शुद्धता और पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

## न्यूज कालम



### भाजयुमो ग्रामीण जिलाध्यक्ष उज्जवल सोलंकी का किया स्वागत

**टाण्डा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनिर्वाचित धार ग्रामीण जिलाध्यक्ष उज्ज्वल सोलंकी का प्रथम टाण्डा आगमन पर भाजपा व युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष उज्ज्वल सोलंकी का अवदेश सचान के निवास पर कार्यकर्ताओ ने फूल माला एव भगवा दुप्पटा डाल कर स्वागत किया। साथ नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता पारस जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरसिंह सोलंकी, युवा मोर्चा के इंगेश मेहता,संजय बघेल,नितिन गादिया, दीपक सोनी,प्रकाश सोनी,विपिन चौहान,राहुल कोठारी,ठाकुर देसाई उपस्थित थे।

### बावीसा ब्राह्मण समाज मनाएगा श्रावणी उपाकर्म एवं संस्कृत दिवस उत्सव



**सनावद।** श्रावण शुक्ल पूर्णिमा एवं रक्षाबंधन के पावन अवसर पर बावीसा ब्राह्मण समाज द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार शुक्रवार 28 अगस्त 2026 को श्रावणी उपाकर्म का सामूहिक आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम स्थानीय बावीसा ब्राह्मण समाज धर्मशाला में आयोजित होगा। श्रावणी उपाकर्म ब्राह्मण समाज का प्रमुख धार्मिक पर्व माना जाता है। इस अवसर पर वर्षभर में हुए कर्मों के प्रायश्चित के साथ आगामी वर्ष के लिए नवीन संकल्प धारण किए जाते हैं। समाज द्वारा सामूहिक रूप से इस धार्मिक परंपरा का निर्वहन किया जाएगा। पर्व की तिथि को लेकर आचार्य डॉ. पं. आशीष कानूनगो ने विभिन्न तिथि निर्णायक ग्रंथों निर्णयसिंधु, धर्मसिंधु, पाराशर माधवीय एवं गर्ग मत आदि के आधार पर बताया कि श्रावणी उपाकर्म श्रावण शुक्ल पूर्णिमा, शुक्रवार 28 अगस्त 2026 को करना शास्त्र सम्मत है। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा का दिन वेदों के प्रादुर्भाव से भी जुड़ा माना जाता है। इसी धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए कार्यक्रम में वेद पूजन के साथ संस्कृत दिवस का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजन के माध्यम से वेद, संस्कृत और सनातन परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। समाज अध्यक्ष पंकज पुजारी, कार्यकारिणी एवं वरिष्ठ सदस्यों ने समस्त विप्र बंधुओं से सामूहिक श्रावणी उपाकर्म एवं संस्कृत दिवस उत्सव में सहभागी बनने का अनुरोध किया है।

### संत रविदास जयंती पर अलावदाखेड़ी और साबाखेड़ा में निकली समरसता कलश यात्रा



**मंदसौर।** भाजपा द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के पावन अवसर पर मंदसौर विधानसभा ग्रामीण मंडल के ग्राम अलावदाखेड़ी एवं साबाखेड़ा में प्रदेशव्यापी समरसता संकल्प अभियान तथा कलश वंदन यात्रा का आयोजन किया गया। अलावदाखेड़ी में आयोजित कलश यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता ने किया, जबकि साबाखेड़ा के कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने सहभागिता कर संत रविदास जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि संत रविदास जी ने अपने जीवन और विचारों से समाज को समानता, भाईचारे और समरसता का संदेश दिया। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि यह यात्रा समाज के प्रत्येक वर्ग को एक सूत्र में पिरोने का सशक्त माध्यम है।इस अवसर पर भाजपा खेल प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक शांतिलाल मालवीय, भाजपा अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन अटेला, मंडल अध्यक्ष नेपाल सिंह सिसौदिया, मंडल महामंत्री बंशीलाल धनगर, विट्ठल गुप्ता, कमलेश सिसौदिया, राजेश गुर्जर सहित भाजपान व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### स्वाध्याय दिवाकर भवन में आयोजित हुई विशेष राखी कार्यशाला



**मंदसौर।** बड़े साथ ओसवाल महिला प्रकोष्ठ द्वारा स्वाध्याय दिवाकर भवन में श्राखी का उपहार- अपने हाथों से कुछ खासश विषय पर एक दिवसीय रचनात्मक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रशिक्षक अंशु श्रीमाल ने उपस्थित महिलाओं और बच्चों को स्वयं के हाथों से राखी हैम्पर, नारियल डेकोरेशन, मिरर एवं नोट डेकोरेशन करने की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष शालू दुग्गड़ ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य रक्षाबंधन के अवसर पर बाजार से बनी-बनाई वस्तुएं खरीदने के बजाय घर पर ही सुंदर, कलात्मक और यादगार उपहार तैयार करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यशाला को सफल बनाने में सचिव कविता लोढ़ा, बिंदिया मारु, राखी डांगी, रेखा मेहता, नीता जैन, कुसुम मारु, रीना खाबियाँ, वृषिता नाहर, प्रियंका चौधरी, सुरभि भंडारी एवं तरुणा जेतावत का योगदान रहा।

# विश्व मांगल्य सभा के तत्वावधान में रामनगर के राम मंदिर में रुद्राभिषेक एवं हरियाली तीज का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



विश्व मांगल्य सभा के तत्वावधान में सावन सोमवार के अंतिम सोमवार के अवसर पर रामनगर स्थित राम मंदिर में रुद्राभिषेक एवं शिवार्चना पाठ और हरियाली तीज का कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। समाज सेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल की धर्मपत्नी जयश्री ज्ञानेश्वर पाटिल एवं विधायक कंचन मुकेश तन्वे अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ममता बोरसे ने किया, जबकि शक्ति गान श्रीमती स्वप्निल जैन ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर इंदौर में आयोजित प्रांतीय बैठक में घोषित कार्यसमिति के दायित्वों की जानकारी भी दी गई। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इसमें जनप्रतिनिधि परिवार मालवा प्रांत संयोजिका– जयश्री ज्ञानेश्वर पाटिल, कार्यक्रम संयोजक–ममता बोरसे, धर्म विभागसंयोजिका भारती पाराशर, स्वनाथ योजना एवं बाल सभा विभाग मालवा प्रांत संयोजक स्वप्निल जैन तथा सह-संयोजक श्रीमती किरण रायकवार को दायित्व सौंपे गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती जयश्री ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि विश्व मांगल्य सभा का उद्देश्य मां से जुड़ा है। मां का व्यवहार, भाषा और संस्कार बच्चों के जीवन पर गहरा प्रभाव डालते हैं।

यदि मां की भाषा और आचरण अच्छे होंगे तो बच्चे भी उन्हें देखकर सीखेंगे। उन्होंने मातृशक्ति से संस्कारवान और सशक्त समाज निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे ने कहा कि वे स्वयं भी एक मां हैं और माताओं की जिम्मेदारी है कि वे अपनी संतानों को धर्म, संस्कृति और संस्कारों से जोड़ें। ममता बोरसे ने अपने संबोधन में कहा–जय भारत, जय विश्वगुरु, जय-जय उनकी मां, जय-जय उनकी संतानें, जय-जय उनकी मां।ज्ञ उन्होंने मातृशक्ति को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों की संवाहक बताया।

कार्यक्रम में मधु चौरसिया, पार्षद डिंपल चौरसिया, किरण दांगोरे, लक्ष्मी जी, रुक्मणी जी, प्रमिला उतारकर, शारदा तांदले सहित रामनगर की मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन ममता बोरसे ने किया तथा आभार प्रदर्शन पार्षद डिंपल पुनीत चौरसिया ने किया।

# 27 अगस्त को बड़वानी में होगा खेलो इंडिया संवाद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के 'मेरा युवा भारत' एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आगामी 27 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में "खेलो इंडिया संवाद - खेल की बात पीएम के साथ" विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बड़वानी जिले में यह राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (शासकीय स्नातकोत्तर/पीजी महाविद्यालय, शहीद भीमा नायक शासकीय महाविद्यालय), बड़वानी में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सावित्री ठाकुर,केंद्रीय राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं सांसद, धार-महू लोकसभा क्षेत्र रहेगी। जिला युवा अधिकारी सुश्री दीर्घा राजावत से प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यक्रम में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव वर्चुअल संबोधन प्रातः 11 बजे से 11.45 बजे तक रहेगा, जिसका सीधा प्रसारण महा विद्यालय में वर्चुअल स्क्रीन के माध्यम से दिखाया जाएगा। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य युवाओं को खेल, फिटनेस, स्वस्थ जीवनशैली तथा राष्ट्र निर्माण के विजन से जोड़ना है। कार्यक्रम में स्थानीय खिलाड़ियों का मंच से युवाओं के साथ अपने खेल सफर का अनुभव साँझा करेंगे साथ ही विशिष्ट अतिथि द्वारा उपस्थित युवाओं एवं विद्यार्थियों को "नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत" की सामूहिक शपथ दिलाई जाएगी।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास की जन्म जयंती पर नेपानगर में कलश वंदन यात्रा निकाली

## गांव-गांव गूंजा संत रविदास का संदेश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा आयोजित समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में कलश वंदन यात्रा निकाली गई। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील और विधायक मंजू दादू के नेतृत्व में निकली यात्रा ने सामाजिक एकता और समरसता का संदेश दिया।

यात्रा सुबह जैनाबाद से प्रारंभ हुई और खड़कोद, दयापुर, बड़गांव, गुलई, सिंधखेड़ाकलां, सिरपुर, तलावड़ी, बलवाड़ा, डोईफोड़िया, कारखेड़ा, धाबा, खकनार और निमंदड़ होते हुए शाम को शेखापुर पहुंची। जहां-जहां यात्रा पहुंची, ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और संत रविदास को नमन किया। गांव-गांव में कलश वंदन के साथ सामाजिक समरसता का संकल्प लिया गया।

यात्रा के दौरान सांसद ज्ञानेश्वर पाटील और विधायक मंजू दादू ने कहा कि संत रविदास ने अपने जीवन और विचारों से समाज को समानता, मानवता और भाईचारे का मार्ग दिखाया। उनका संदेश समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होने की प्रेरणा देता है। यात्रा के आयोजन में जिला प्रभारी और जिला महामंत्री ईश्वर चौहान, महामंत्री संजय जाधव सहित जनप्रतिनिधियों की भूमिका रही। जिला पदाधिकारियों, मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न पड़ावों पर व्यवस्थाएं संभाली। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज माने ने बताया कि दो दिवसीय यात्रा का प्रथम चरण बुधवार को शेखापुर पहुंचकर संपन्न हुआ, जहां रात्रि विश्राम रहा। गुरुवार सुबह 9.30 बजे शेखापुर से दूसरे चरण की यात्रा प्रारंभ होगी, जो नावरा, डाबियाखेड़ा, नेपानगर, सीता नहानी और असीरगढ़ स्थित शिव मंदिर होते हुए शाम 5 बजे धुलकोट पहुंचेगी, जहां यात्रा का समापन होगा। यात्रा में गोकुल प्रजापति, जिला पंचायत सदस्य अनिल राठौड़, जनपद पंचायत खकनार अध्यक्ष आरती चौकसे, आदि उपस्थित थे।

# सनावद में ईद-ए-मिलादुन्नबी का जश्न, भव्य चल समारोह में उमड़ा जनसैलाब

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

बुधवार को सनावद की सड़कों पर धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सौहार्द का रंग भी नजर आया। ईद-ए-मिलादुन्नबी के अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा निकाले गए भव्य चल समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। उत्साह और उमंग से भरे जुलूस का शहरवासियों ने जगह-जगह आत्मीय स्वागत किया।

चल समारोह जैसे-जैसे शहर के प्रमुख मार्गों से आगे बढ़ा, वैसे-वैसे लोगों की सहभागिता भी बढ़ती गई। कहीं पुष्पवर्षा कर स्वागत हुआ तो कहीं लोगों ने मिठाई खिलाकर पर्व की बधाई दी। युवाओं से लेकर बुजुर्गों और बच्चों तक में आयोजन को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया।

**जुलूस बना सामाजिक एकता की तस्वीर**

ईद-ए-मिलादुन्नबी के इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि इसमें धार्मिक उत्साह के साथ भाईचारे और सद्भाव की भावना भी प्रमुख रूप से दिखाई दी। विभिन्न समाजों के लोगों ने मिलकर चल समारोह का स्वागत किया। इससे सनावद की गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी मेल-मिलाप की परंपरा एक बार फिर नजर आई।

**कांग्रेस की ओर से भी किया स्वागत**

पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस बड़वाह विधानसभा नरेंद्र पटेल के नेतृत्व में शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से चल समारोह का स्वागत किया गया। इस दौरान समाजजनों को ईद-ए-मिलादुन्नबी की मुबारकबाद देते हुए प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश दिया गया।

**पैगंबर साहब के संदेश को अपनाने का आह्वान**

समारोह के दौरान पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जीवन और उनके द्वारा दिए गए इंसानियत, प्रेम, शांति और भाईचारे के संदेश को याद किया गया। समाजजनों ने कहा कि पर्व की खुशियां तभी सार्थक हैं, जब उनका संदेश पूरे समाज तक पहुंचे और लोगों के बीच प्रेम और सद्भाव और मजबूत हो।

**सनावद ने फिर दिखाई अपनी पहचान**

ईद-ए-मिलादुन्नबी का यह चल समारोह धार्मिक आयोजन के साथ-साथ सनावद की सामाजिक एकता की तस्वीर भी बन गया। अलग-अलग समुदायों के लोगों का मिलकर स्वागत करना और पर्व की खुशियां साझा करना शहर की मजबूत सामाजिक परंपरा को दशार्ता रहा। भव्यता से निकला समारोह और जगह-जगह मिले स्वागत ने पूरे शहर में यही संदेश दिया–पर्व अलग हो सकते हैं, लेकिन खुशियां और भाईचारा सबका साझा है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 25 वर्ष का कठोर कारावास

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खण्डवा

थाना कोतवाली खण्डवा क्षेत्र में नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म के सनसनीखेज प्रकरण में न्यायालय ने आरोपी को 25 वर्ष के कठोर कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा प्रकरण को गंभीर एवं सनसनीखेज प्रकृति का मानते हुए चिन्हित कर इसकी लगातार मॉनिटरिंग की गई थी। पुलिस के अनुसार घटना 5 अगस्त 2023 की है। आरोपी ने नाबालिग पीड़िता के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता की शिकायत पर थाना कोतवाली में प्रकरण दर्ज किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए इसे सनसनीखेज प्रकरण के रूप में चिन्हित कर प्रतिदिन की मॉनिटरिंग में रखा गया। पुलिस द्वारा मामले में उत्कृष्ट अनुसंधान करते हुए महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए गए तथा गवाहों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक साक्ष्य माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कराए गए। पुलिस की प्रभावी विवेचना एवं अभियोजन पक्ष की पैरवी के परिणामस्वरूप न्यायालय ने आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत 25 वर्ष के कठोर कारावास एवं तीन हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। वहीं धारा 450 भादंवि के तहत 5 वर्ष के कठोर कारावास एवं दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा भी सुनाई गई।

## भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री

# गजेंद्र पटेल का प्रथम जिला आगमन पर भव्य स्वागत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री एवं खरगौन-बड़वानी लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल का राष्ट्रीय महामंत्री बनने के बाद प्रथम जिला आगमन पर बड़वानी जिले के प्रवेश द्वार ठीकरी से लेकर अंजड़ तक भाजपा कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संगठनों द्वारा भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि श्री पटेल ने दोपहर करीब 1 बजे ठीकरी में प्रवेश किया। यहां जिला अध्यक्ष अजय यादव, प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल, पूर्व सांसद सुभाष पटेल, अंतरसिंह पटेल, ठीकरी जनपद अध्यक्ष मनोहर अवास्या, नगर परिषद अध्यक्ष पूजा सुमित जायसवाल, मंडल अध्यक्ष गजेंद्र पटेल सहित जिला पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

श्री पटेल ने चौपाटी पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा का पूजन-अर्चन किया। इसके बाद ढोल-ताशों के साथ स्वागत यात्रा निकाली गई। रास्तेभर कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने जगह-जगह स्वागत मंच बनाकर आतिशबाजी की। कहीं जेसीबी से तो कहीं तोप के माध्यम से पुष्पवर्षा कर श्री पटेल का अभिनंदन किया गया।

इसके बाद कुआं में जुलवानिया मंडल द्वारा स्वागत किया गया। दवाना, तलवाड़ा, मंडवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से स्वागत किया। टोल नाके के समीप जिला महामंत्री विकास आर्य के नेतृत्व में सेंधवा विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। शाम करीब 6 बजे काफिला अंजड़ पहुंचा। गायत्री मंदिर चौराहे पर मंडल अध्यक्ष ऋतुराज के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी एवं पुष्पमालाओं के साथ स्वागत किया।

# 29 अगस्त को आयोजित होंगें जन विश्वास शिविर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशों के परिपालन में बड़वानी जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में जिले की सेंधवा तहसील अंतर्गत मोहन पड़ावा क्लस्टर की 13 ग्राम पंचायतों में शनिवार, 29 अगस्त को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जन विश्वास शिविरों का आयोजन किया जाएगा। पूर्व में यह तिथि 27 अगस्त (शुक्रवार) को निर्धारित की गई थी जिसे शासन के निर्देशानुसार परिवर्तित कर 29 अगस्त ( शनिवार) किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना, शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करना तथा तय समय-सीमा में लोक सेवाएं उपलब्ध कराना है। मोहनपड़ावा क्लस्टर की 13 ग्राम पंचायतों क्रमशः आचली, बख्तरिया, डोंगरगांव, शाहपुरा एवं कियापानी के ग्रामीणजन इन शिविरों में सम्मिलित होकर शासन की विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

# खंडवा में संस्कृत सप्ताह को रोचक बना रहीं हर्षा शर्मा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक मोतीलाल नेहरू विद्यालय में आयोजित संस्कृत सप्ताह विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा, भारतीय संस्कृति और ज्ञान-परंपरा के प्रति रुचि बढ़ाने का माध्यम बन रहा है। आयोजन में संस्कृत सप्ताह प्रभारी हर्षा शर्मा की विशेष भूमिका रही है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि हर्षा शर्मा के मार्ग दर्शन में संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत संभाषण, श्लोक-पाठ, संस्कृत गीत, प्रश्नोत्तरी, निबंध एवं लेखन प्रतियोगिता तथा सुभाषित वाचन जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उनके प्रयासों से विद्यार्थियों को संस्कृत को केवल पाठ्यक्रम की भाषा न मानकर बोलने, समझने और जीवन से जोड़ने का अवसर मिल रहा है। प्राचार्य मनीषा कास्बी ने कहा कि संस्कृत भारतीय संस्कृति और ज्ञान-विरासत की महत्वपूर्ण भाषा है। हर्षा शर्मा ने कहा कि संस्कृत सप्ताह का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषा के प्रति आत्मीयता पैदा करना और उन्हें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है।

# नेपानगर में टेलर ने कारीगर के पेट में घोंपी कैंची, 2 दिन बाद मौत

## काम छोड़ने को लेकर हुआ विवाद, ऑपरेशन के दौरान मौत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

नेपानगर में टेलर और कारीगर के बीच काम छोड़ने को लेकर हुआ विवाद हत्या में बदल गया। टेलर ने कारीगर के पेट और छाती पर कैंची से वार कर दिया, जिससे २ दिन बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी टेलर को हिरासत में ले लिया है।

मृतक देवानंद देवचंद चौधरी (36) निवासी आदर्श कॉलोनी, नेपानगर है। वह पांधार निवासी बिरज कुमार रामचंद्र देवड़ा की दुकान पर कारीगर का काम करता था।

पुलिस के अनुसार देवानंद के काम छोड़ने से बिरज का व्यवसाय प्रभावित हो रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच तनातनी चल रही थी। 22 अगस्त की रात करीब 8 बजे मनोज टॉकीज के पास दुकान के सामने दोनों आमने-सामने हो गए। विवाद बढ़ने पर देवानंद ने बिरज को छाता मार दिया, जो उसकी आंख के पास लगा। इसके बाद विवाद और भड़क गया।

छाता लगने से गुस्साए बिरज ने दुकान में रखी कैंची से देवानंद के पेट और छाती पर वार कर दिया। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेपानगर ले जाया गया। जांच के बाद प्राथमिक उपचार कर दोनों को डिस्चार्ज कर दिया गया। उस समय चोट गंभीर नहीं लगी थी। विवाद के बाद दोनों पक्ष शिकायत लेकर थाने पहुंचे, लेकिन 23 अगस्त को दोनों के बीच राजीनामा हो गया।

**आरोपी ही घायल को लेकर अस्पताल पहुंचा**

23 अगस्त को देवानंद की हालत अचानक बिगड़ने लगी। रात करीब 10 बजे आरोपी बिरज कुमार ही उसे इलाज के लिए बुरहानपुर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। जांच में सामने आया कि कैंची का वार अंदर तक पहुंचा था और आंत में चोट लगी थी। डॉक्टरों ने ऑपरेशन किया, लेकिन इलाज के बावजूद हालत नहीं सुधरी। 24 अगस्त की रात देवानंद ने दम तोड़ दिया। 25 अगस्त को पुलिस को मौत की सूचना मिली। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मंगलवार को अंतिम संस्कार किया।

**टीआई बोले - पीएम रिपोर्ट और परिजनों के कथन के बाद हत्या का केस -**

नेपानगर थाना प्रभारी शहाबुद्दीन कुरैशी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मृतक के परिजनों के कथन के बाद आरोपी बिरज कुमार के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया जाएगा। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस पूरे घटनाक्रम, विवाद की वजह, वार की परिस्थितियों और मेडिकल रिपोर्ट को जांच में शामिल कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के वास्तविक कारण और चोट की प्रकृति स्पष्ट होगी।

## न्यूज -कॉलम

### पारिवारिक विवाद में पति-पत्नी ने खाया जहर

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम माधवगढ़ में पारिवारिक विवाद के चलते राजू चौधरी 32 साल ने अपनी पत्नी बबीता 30 साल के साथ जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों को उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसआई सुरेश कलेश ने बताया कि राजू चौधरी और उसके बड़े भाई दशरथ चौधरी के बीच दिन में विवाद हुआ था। बहन संगीता बाइक से गिर गई थी, दशरथ का कहना था कि राजू की गलती से गिरी। वह बहन पर दबाव बना रहा था कि राजू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराये। मामला थाने पहुंचा था, संगीता ने गलती से गिरने की बात कहीं और ज्यादा चोंट नहीं लगाना बताया। मामला शांत हो गया था, लेकिन शाम को दशरथ और राजू के बीच फिर से विवाद हो गया, जिसके चलते राजू और बबीता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों के बयान दर्ज करने प्रधान आरक्षक योगेश चंद्रावत चरक अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन दोनों यह नहीं बता पा रहे थे कि कौन सा पदार्थ खाया है। दोनों की हालत खतरे से बाहर थी, प्रधान आरक्षक के अनुसार पूर्व में भी दोनों भाईयों के बीच विवाद हो चुका है, दोनों का परिवार पास-पास रहता है और मजदूरी करता है। फिलहाल मामला जांच में है।

### जहरीले जानवर के काटने पर महिला की मौत

**उज्जैन।** झारडा क्षेत्र के ग्राम इंदौख की रहने वाली पायल पति दीपक 22 साल को दोपहर में परिवार बेसुध हालत में चरक अस्पताल लेकर पहुंचा था। परिजनों ने बताया कि घर में अज्ञात जहरीले जानवर ने काटा है। डॉक्टरों ने परीक्षण किया लेकिन पायल की मौत हो चुकी थी। मामले की सूचना मिलने पर अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। बताया जा रहा है कि कुछ साल पहले ही पायल की शादी हुई थी। बारिश के मौसम में जहरीले जानवर के काटने के मामले लगातार सामने आ रहे है। मंगलवार को पंवासा क्षेत्र की रहने वाली महिला लता पति अरविंद को सांप ने डंस लिया था, जिसका उपचार चल रहा है। रविवार-सोमवार रात इशाकपुर घट्टिया में रहने वाले किसान नटवरलाल सोलंकी की सर्पदंश से मौत हुई थी, यहीं नहीं घट्टिया तहसील के पानबिहार स्थित बालिका छात्रावास में 12 का अध्ययन कर रही अंजली अहिरवार को बिच्छु ने काटा था।

### जंतर-मंतर के पास मिली लाश, परिजनों की तलाश

**उज्जैन।** नीलगंगा क्षेत्र के जंतर-मंतर के पास बुधवार सुबह गैरेज के सामने एक वृद्ध की लाश मिलना सामने आया। सफाईकर्मी की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। मृतक के पास झोला था, जिसमें कुछ कपड़े रखे थे, लेकिन उसके पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं था। प्रधान आरक्षक विरेन्द्र दुबे ने बताया कि आसपास के लोगों से पहचान के प्रयास किये गये, लेकिन किसी ने शिनाख्त नहीं की। मृतक के हाथ की कलाई पर अंग्रेजी में पांच अक्षर रखे है लेकिन स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहे है। वृद्ध की उम्र 55-60 वर्ष प्रतीत हो रही है। फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। परिजनों का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है, शिनाख्त नहीं होने पर पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कराया जायेगा।

### अंकपात मार्ग पर युवक को बदमाश ने मारा चाकू

**उज्जैन।** अंकपात मार्ग महेश्वरी धर्मशाला के सामने मंगलवार-बुधवार रात करण पिता गिरधारीलाल कुशवाह 20 साल निवासी देवाशीषनगर नानाखेड़ा को अमन सूर्यवंशी ने रास्ता रोक रंगदारी करते हुये चाकू मार दिया। घायल करण को उसका साथी नैतिक कहार उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। मामले की सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंची और घायल के बयान दर्ज किये। घायल के बताया कि उसका रास्ता रोक अमन ने एक हजार रूपये मांगे थे, नहीं देने पर मार है। पुलिस ने मारपीट का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### 2 युवक लापता, अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम उज्जैनिया में रहने वाला अजय पिता शिवनारायण पंवार 24 साल 22 अगस्त की सुबह 9 बजे घर से निकला था, जिसके बाद वापस नहीं लौटा, परिजनों ने उसके मोबाइल पर कॉल किया, स्वीच ऑफ था, उसकी तलाश में रिश्तेदारों से जानकारी ली। लेकिन 25 अगस्त तक उसका कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण किये जाने की शंका जताते हुये, चिमनगंज थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। दूसरा मामला खाचरौद थाना क्षेत्र के ग्राम बेहलोला से उमेश पिता डाडमचंद्र 37 साल का सामने आया। 25 अगस्त से लापता उमेश के मामले में परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति अपहरण की आशंका व्यक्त करते हुये छुपाकर रखने की शिकायत दर्ज कराई है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 247-3 | 490-3 |
| मेन बाजार | 180-9 | 567-8 |
| कल्याण नाइट | 470-1 | 900-9 |
| मिलन डे | 112-4 | 577-9 |
| मिलन नाइट | 440-8 | 590-4 |
| मधुर डे | 380-1 | 290-1 |
| मधुर नाइट | 180-9 | 178-6 |
| शुभांक | 9 2 | 6 |

## 14 पौधों के साथ 1.626 किलोग्राम सूखी पत्ती बरामद........

# कुटिया की आड़ में युवक ने उगा रखे थे गांजे के पौधे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



जंगल के बीच बने मंदिर में पुजारी परिवार के पुत्र ने कुटिया की आड में गांजे की खेती शुरू कर दी थी। उसने कब्जे की जमीन पर 14 से अधिक पौधे उगाये थे। पुलिस ने दबिश देकर 10-10 फीट के पौधों और डेढ़ किलो से अधिक गांजे की सूखी पत्तियां बरामद की है।

खाचरौद थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि बुरानाबाद जंगल में बने सगस बाबजी और महादेव मंदिर के पास बनी कुटिया की आड में गांजे की खेती होने की खबर मिलने पर मंगलवार-बुधवार रातएसआई अमित डामर, ईश्वर जोशी, प्रधान आरक्षक सुनीलसिंह बैस और टीम के साथ दबिश दी गई थी। कुटिया राजेन्द्रसिंह सौराष्ट्रीय निवासी सागर विहार कालोनी सुखलिया इंदौर हाल मुकाम बुरानाबाद की होना सामने आई। कुटिया के पास ही 10-10 फीट के 14 पौधे उखाडकर रखे गये थे, जो गांजे के थे। कुटिया की तलाशी ली गई तो वहां से 1 किलो 626 ग्राम गांजे की सूखी पत्तियां मिली। अवैध गांजे की खेती का मामला सामने आने पर कुटिया में रहने वाले वृद्ध सौराष्ट्रीय दंपति से पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि मंदिर के पुजारी है, पुत्र अनिल सौराष्ट्रीय भी साथ रहता है, पौधे उसके द्वारा उखाडकर रखे गये है। पुलिस ने अनिल की तलाश कर उसे जंगल से हिरासत में लिया। उसने बताया कि पौधे उसी ने उगाये थे, मंदिर में काफी कम लोग आते है, जंगल का क्षेत्र होने पर उसने खेती शुरू की थी। थाना प्रभारी के अनुसार अनिल सौराष्ट्रीय को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्जकर बुधवार को उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।

### दिसंबर माह से कर रहा था खेती


थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी से सामने आया कि उसने कब्जे की जमीन पर गांजे की खेती दिसंबर-जनवरी माह में शुरू की थी। पूर्व में भी कुछ पौधे उखाडकर ठिकाने लगा चुका है। थाना प्रभारी के अनुसार इस बात का पता लगाया जा रहा है कि उसने अब तक कितना गांजा बेचना है और किसे दिया है। फिलहाल उससे रात में बरामद किये गये पौधों और पत्तियों का कुल वजन 26 किलो 96 ग्राम सामने आया है। जिसकी अंतराष्ट्रीय कीमत 4 लाख रूपये है।

### रिक्शा चालक से मिली 2 लाख की चरस



क्राइम ब्रांच की सूचना पर जीवाजीगंज थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान गढ़कालिका-कालभैरव मंदिर मार्ग ओखलेश्वर ब्रिज के पास ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 13 झेड झेड 4012 यूनिक नम्बर 5209 को रोका और चालक अजहरूद्दीन पिता नसीरउद्दीन 32 साल निवासी नूरानी मस्जिद के पीछे बिहारी कालोनी नागझिरी को हिरासत में लेकर रिक्शा की तलाशी ली। आगे डिक्की में रखी प्लास्टिक की थैली मिली जिसमें चरस भरी थी। थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि बरामद की गई चरस 255 ग्राम होना पाई गई है,जिसकी कीमत 2 लाख रूपये है। रिक्शा जप्त कर चालक को गिरफ्तार करते हुये एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि चरस कहां से लाया था और कब से अवैध कारोबार में शामिल है। उसका मोबाइल भी जप्ती में लिया गया है, जिसकी कॉल डिटेल खंगाली जा रही है।

# मिलादुन्नबी के जुलूस में चले चाकू-डंडे, 3 घायल






**उज्जैन।** ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में बुधवार दोपहर चाकू-डंडे चल गये। 3 युवकों को घायल हालत में चरक अस्पताल में भर्ती करया गया है। 2 को चाकू लगे थे, एक का डंडे से सिर फोडा गया था। इस दौरान कुछ देर के लिये अफरा-तफरी भी मची थी। चरक अस्पताल में शाम को उपचार के लिये वजीर पार्क में रहने वाले रेहान पिता मोहम्मद आजाद 18 साल, साहिल पिता अयुब शाह 34 साल निवासी अहमदनगर औ सैफ पिता अजीम खान 22 साल निवासी फाजलपुर को लाया गया था। रेहान ने बताया कि वह जुलूस में शामिल था, एटलस चौराहा पर जुलूस में लाठी-डंडे घूमाये जा रहे थे, इस दौरान डंडा लगने पर विवाद हुआ तो आरीश, अयान, आदिल और रज्जू ने चाकू मार दिया। साहिल ने बताया कि जुलूस निकास चौराहा से पहले रिलायंस फ्रेश के सामने पहुंचा था, जुलूस में डंडे घूमाने के दौरान विवाद होने पर उस पर मोइन, शाहरूख, अरबाज, शादाब, कादिर और मलिक ने हमला किया। जिससे सिर में चोंट आई है। इसी तरह सैफ पिता अजीम खान के साथ एटलस चौराहा पर कुछ युवक ने विवाद होने चाकू मार दिये। मामले में कोतवाली पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज किये है। बताया जा रहा है कि रिलायंस फ्रेश के सामने हुई घटना का वीडियो भी सामने आया है। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों में अफरा-तफरी फैल गई थी।

## दिनभर चला क्षिप्रा में एसडीआरएफ का तलाशी अभियान....

# बाइक खड़ी कर ब्रिज से युवक ने लगाई छलांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



मंगलनाथ ब्रिज से मंगलवार-बुधवार रात 12 बजे के लगभग युवक ने क्षिप्रा में छलांग लगा दी। बुधवार दिनभर एसडीआरएफ टीम ने तलाशी अभियान चलाया, शाम तक युवक का पता नहीं चल पाया था।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि रात में एक प्रत्यक्षदर्शी द्वारा सूचना दी गई थी कि मंगलनाथ मंदिर के पास ब्रिज से एक युवक ने क्षिप्रा नदी में छलांग लगाई है। सूचना पर डायल 112 पहुंची, लेकिन अंधेरा होने पर कुछ स्पष्ट नहीं हुआ। ब्रिज पर बाइक खडी मिली, जो छलांग लगाने वाले युवक की होना बताई गई। रात में ही बाइक नम्बर से युवक के परिजनों का पता लगाने के प्रयास किये गये। सुबह सामने आया कि बाइक अंकित पिता ग्यारसीलाल 25 साल निवासी विराटनगर के पास इंद्रालय कालोनी के नाम रजिस्टर्ड है। पुलिस ने परिजनों का मामले की जानकारी दी और ब्रिज पर बाइक मिलना बताया। परिवार ने बाइक की पहचान की, लेकिन अंकित के क्षिप्रा नदी में कूदने की बात से इंकार किया, उनका कहना था कि वह लापता है, गुमशुदगी दर्ज कराने चिमनगंज थाने भी गये थे। थाना प्रभारी शर्मा के अनुसार प्रत्यक्षदर्शी की जानकारी और बाइक मिलने पर छलांग लगाने वाले युवक की तलाश में होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया था, सुबह से देर शाम तक नदी में तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन युवक का कुछ पता नहीं चल पाया। आशंका जताई जा रही है कि बारिश के चलते नदी में पानी का बहाव है, संभवत:युवक आगे चला गया है।

### मिलने पर ही सामने आयेगा मामला

युवक के नदी में छलांग लगाने, बाइक मिलने और दिनभर चले तलाशी अभियान के बाद भी परिवार कुछ स्पष्ट जानकारी पुलिस को नहीं दे पाया था, उनका कहना था कि अंकित नदी में नहीं कूद सकता है। थाना प्रभारी के अनुसार यह स्पष्ट हुआ है कि युवक घर से लापता है, अब उसके मिलने पर ही मामला पता चल पायेगा कि उसने ऐसा क्यों किया है।

# ख? ट्रक से टकराई पिकअप, 1 की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



आगररोड पर पानबिहार-तुलाहेडा के बीच बुधवार तडके खडे ट्रक में पीछे से पिकअप टकरा गई। पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, दूसरा गंभीर घायल हुआ है।

पानबिहार चौकी प्रभारी जयंत डामोर ने बताया कि तडके 5 बजे के लगभग खबर मिली थी कि तुलाहेडा मार्ग पर खडे ट्रक से पिकअप टकराई है। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची। पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था, उसमें 2 युवक सवार थे, जिन्हें बाहर निकाला गया और चरक अस्पताल भेजा गया। लेकिन एक की मौत होना सामने आया, घायल के बयान दर्ज करने पर उसका नाम अशोक पिता रामकिशोर निवासी निहालपुर सिकंदरा राजस्थान सामने आया। उसने मृतक का नाम अमित पिता कैलाश मीणा 20 साल निवासी ग्राम ढोलिका थाना सिकंदरा राजस्थान बताया। घायल का कहना था कि पिकअप में धनिया भरकर राजस्थान से बिहार जा रहे थे। चौकी प्रभारी के अनुसार मामले की सूचना परिजनों को दी गई थी। दोपहर में परिजनों के आने पर मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजन शव राजस्थान लेकर गये है। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। घायल का उपचार जारी है।

### फिर अपनानी होगी गुरुकुल परंपरा

**उज्जैन।** श्री श्याम बालाजी धाम में संचालित गुरुकुल के नए सत्र के प्रारंभ पर 40 बटुक विद्यार्थियों का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न हुआ। पालकों की उपस्थिति में यज्ञ, हवन, पूजन और हिमाद्री स्नान के साथ यह अनुष्ठान किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम बालाजी धाम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी भागवतानंद गिरि भगवान बापूजी ने शिक्षा प्रणाली पर जोर देते हुए कहा कि आज मैकाले की शिक्षा पद्धति से हटकर गुरुकुल शिक्षा पद्धति को पुन: लागू करने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों के भीतर भारतीय संस्कार, संस्कृति और भारत माता के प्रति अटूट श्रद्धा का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने उज्जैन के प्राचीन गौरव का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान महाकाल की यह नगरी अनादि काल से गुरुजनों की तपोभूमि रही है।

# विवेकेश्वर महादेव मंदिर में टूटे पांच दानपेटी के ताले

### मौके पर पड़ी थी माचिस की तिलियां, कैमरे थे बंद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सावन माह में बुधवार को विवेकेश्वर महादेव मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई। बदमाश द्वारा पांच दानपेटी के ताले तोडे गये थे। पुजारी पूजा अर्चना के लिये पहुंचे तो मामले का पता चला। मंदिर में दानपेटियों के आसपास माचिस की जली तिलियां पडी थी और ताले भी जली अवस्था में थे।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के विवेकानंद कालोनी में विवेकेश्वर महादेव मंदिर बना हुआ है। सुबह 6 बजे के लगभग पुजारी योगेश पिता मुरलीधर पाठक निवासी ओम सांई ओम मल्टी पूजा अर्चना के लिये मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर का ताला खोला और अंदर पहुंचे तो 5 दानपेटी के ताले टूटे दिखाई दिये। मंदिर में 6 दानपेटी लगी है। एक सुरक्षित थी, दानपेटी के ताले जलाने का प्रयास किया गया था, माचिस की जली कई तिलियां फर्श पर पडी थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जांच के बाद पुजारी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है। पुजारी के अनुसार बदमाश संभवत: मंदिर की छत के रास्ते खुले स्थान से अंदर आया है। दानपेटी 2 माह पहले खोली गई थी, सावन माह होने पर प्रतिदिन सैकडों की संख्या में श्रद्धालु आ रहे है। दानपेटी में संभवत:10 हजार से अधिक की राशि हो सकती है। पुजारी ने माना कि मंदिर में लगे कैमरे बंद थे, आशंका जताई जा रही है कि चोरी में एक या दो बदमाश शामिल हो सकते है, जो संभवत: नशेडी हो सकते है। पुलिस क्षेत्र के संदिग्धों का पता लगाकर पूछताछ का प्रयास कर रही है। मंदिर के पास एक मकान पर कैमरे लगे है, जहां रहने वाला परिवार शहर से बाहर गया हुआ है। उनके आते ही फुटेज देखे जायेंगे।

# भतीजों से पूछताछ में मिला चिकित्सक की हत्या का सुराग

## खुलासा के करीब पहुंची पुलिस, सगाई तुड़वाने का था विवाद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



पशु चिकित्सालय से सेवानिवृत्त डॉक्टर की शनिवार-रविवार रात हत्या कर दी गई थी। घटनाक्रम के बाद से पुलिस मामले की पड़ताल में लगी थी। मृतक के भतीजों को हिरासत में लिया गया था, जिनसे पूछताछ में सुराग मिल गया है। पुलिस खुलासे के करीब पहुंच चुकी है। संभावना है कि आज खुलासा किया जा सकता है।

घट्टिया थाना क्षेत्र के बस स्टेंड के पास सांवरिया सदन में रहने वाले सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक गजराज पिता किशोरसिंह तोमर 70 साल की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। घट्टिया थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्जकर जांच में लिया गया था। मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा होना सामने आया था, मृतक गजराज का कुछ दिन पहले भतीजे विनायक तोमर से विवाद हुआ था, उसने धमकी दी थी। मामला जमीन विवाद, उधार रूपयों के साथ सगाई तुडवाने से जुड़ा हो सकता है। पुलिस ने संदेह के आधार पर मृतक के दोनों भाईयों के पुत्रों और उनके एक दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की थी। 2 दिनों की पूछताछ में बुधवार देर शाम पुलिस को हत्या से जुड़े पुख्ता सुराग मिल गये। कुछ तकनीकी साक्ष्यों की जानकारी सामने आने पर हत्याकांड का खुलासा कर दिया जायेगा। बताया जा रहा है कि विनायक तोमर की सगाई हो चुकी थी, कुछ दिनों पहले उसकी मंगेतर के परिवार को बाय पोस्ट एक पत्र मिला था, जिसमें उसकी गतिविधियों की जानकारी दी गई थी। वह पत्र उसकी मंगेतर के परिवार ने विनायक को भेजा था। जिसके चलते भतीजे विनायक का शंका थी कि पत्र चाचा ने भेजा है, वह हेडराईटिंग मिलान के प्रयास में था जिसको लेकर विवाद की स्थिति बनी थी। बताया जा रहा है कि पूर्व में उसका रिश्ता टूट चुका था। मामले में थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि फिलहाल पूछताछ जारी है, साक्ष्य एकत्रित किये जा रहे है, पुलिस की एक टीम घटनाक्रम के बाद से ही मामले का खुलासा करने के प्रयास में लगी है, संभवना है कि जल्द हत्या की वजह और आरोपियों का खुलासा कर दिया जायेगा।

### रक्षाबंधन पर दिनभर रहेंगे शुभ मुहूर्त

**उज्जैन।** इस वर्ष रक्षाबंधन का पर्व पूरी तरह से भद्रा मुक्त रहेगा। पर्व से एक दिन पूर्व 27 अगस्त चतुर्दशी की रात 9 बजकर 8 मिनट पर भद्रा समाप्त हो जाएगी।

ऐसे में 28 अगस्त को बहनें बिना किसी विघ्न के शुभ मुहूर्त में अपने भाइयों को राखी बांध सकेंगी। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के आचार्य डॉ. सर्वेश्वर शर्मा ने बताया कि पूर्णिमा तिथि 27 अगस्त की रात 9 बजकर 8 मिनट से आरंभ होगी, जो 28 अगस्त की सुबह 9 बजकर 47 मिनट तक रहेगी। इसलिए, 28 अगस्त को मनाए जाने वाले रक्षाबंधन पर्व पर भद्रा का कोई प्रभाव नहीं रहेगा। राखी बांधने के लिए शुभ मुहूर्त प्रात: 7 बजकर 44 मिनट से 9 बजकर 18 मिनट तक लाभ, प्रात: 9 बजकर 18 मिनट से 10 बजकर 53 मिनट तक अमृत, दोपहर 12 बजकर 28 मिनट से 2 बजकर 53 मिनट तक अमृत, शाम 5 बजकर 12 मिनट से 6 बजकर 47 मिनट तक चर और रात 9 बजकर 38 मिनट से 11 बजे तक लाभ का रहेगा।

# जानने की सीमा



मानव जीवन केवल भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति का नाम नहीं है। उसके भीतर जानने की इच्छा निरंतर काम करती रहती है। प्रकृति, समाज, शरीर और अपने आस-पास की दुनिया को समझने की कोशिश में मनुष्य लगातार प्रश्न करता आया है। इन सवालों को अनदेखा करना असंभव है, क्योंकि प्रश्न मानसिक भूख है। जब तक उत्तर नहीं मिलता, मन को पूर्ण विश्राम नहीं मिलता। ऐसे प्रश्न, जिनका संबंध मनुष्य के मानसिक और भौतिक जगत से है, ह्यअपरा प्रश्नह्न कहलाते हैं। इनके उत्तर खोजने की व्यवस्थित प्रक्रिया ही भौतिक विज्ञान की आधारभूमि बनती है। यहां एक महत्वपूर्ण सवाल उठता है- क्या सांसारिक प्रश्नों के अधिक से अधिक उत्तर खोज लेना मन का विस्तार करता है? इस प्रश्न का उत्तर जरूरी नहीं कि ह्यहांह्न हो। विज्ञान ने मनुष्य को असाधारण शक्तियां दी हैं, लेकिन इन शक्तियों का इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाए, यह मनुष्य की मानसिकता पर निर्भर करता है। इतिहास में ऐसे वैज्ञानिक भी हुए हैं, जिनकी खोजों ने मानव समाज के लिए विनाश का रास्ता खोला। इसलिए केवल ज्ञान की मात्रा बढ़ जाना मानसिक या आध्यात्मिक विकास नहीं है। मन का वास्तविक विस्तार तभी संभव है, जब उसकी सीमाएं भी विस्तृत हों। यहीं से परम प्रश्न की यात्रा शुरू होती है। यदि मनुष्य अपने मानसिक संसार को ही अंतिम सत्य मान ले, तो उसकी खोज उसी सीमित संसार के भीतर घूमती रहेगी। जब वह मन से परे परमसत्ता को अपने लक्ष्य के रूप में स्वीकार करता है और निरंतर उस तक पहुंचने के प्रयास करता है, तब उसके मानसिक क्षितिज का वास्तविक विस्तार शुरू होता है। इस सतत प्रयास को आध्यात्मिक साधना कहा जा सकता है, जिसकी चरम परिणति ब्रह्म की प्राप्ति में होती है। इसे एक सरल उदाहरण से समझिए। मान लीजिए, आप बिहार के बेतिया शहर से अच्छी तरह परिचित हैं। अब कोई आपसे पूछे कि बेतिया के किसी इमारत के अमुक कोने में क्या रखा है? उसे जानने की आपकी इच्छा एक अपरा प्रश्न है, क्योंकि उसका संबंध आपके परिचित संसार से है। इसको पाने का व्यवस्थित प्रयास विज्ञान की तरह है। आपने बेतिया के बारे में सब कुछ जान लिया, इसका यह अर्थ थोड़े ही है कि आप मोतिहारी को भी जान गए? मोतिहारी को जानने के लिए आपको अपने मानसिक क्षेत्र का विस्तार करना होगा। बेतिया की सीमा से बाहर निकलकर एक नए क्षेत्र में प्रवेश करना पड़ेगा यही अंतर भौतिक ज्ञान और आध्यात्मिक ज्ञान के बीच है। मनुष्य की यात्रा केवल अधिक से अधिक चीजें जान लेने की यात्रा नहीं है। यह जानने की सीमाओं को पहचानकर उनके लगातार विस्तार की यात्रा है।



सम्पादकीय

## यूपीआई के दस साल

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस, यानी यूपीआई ने एक दशक पूरा कर लिया है और इसकी कामयाबी का लोहा अब पूरी दुनिया मान रही है। दस से भी अधिक देश इस प्रणाली को अपना चुके हैं, जिनमें फ्रांस, सिंगापुर और यूएई जैसे संपन्न देश शामिल हैं। काफी सारे देश अब इसमें गहरी दिलचस्पी ले रहे हैं। यूपीआई आज विश्व की सबसे बड़ी भुगतान पद्धति बन चुकी है। ऐसे में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उचित ही इसे प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय बताया है। यह पड़ाव इस बात की मुनादी करता है कि इस डिजिटल बैंकिंग व्यवस्था में भारतीयों का भरोसा काफी मजबूत हुआ है। इसका अंदाजा सिर्फ इसी आंकड़े से लगाया जा सकता है कि 2016 में जब यूपीआई की शुरूआत हुई थी, तब इससे सालाना 1.78 करोड़ बार लेन-देन हुआ था, आज यह 24,162 करोड़ के आंकड़े को छू रहा है। देश के दूरदराज के इलाकों में भी यह सुविधा इस कदर पैबस्त हो चुकी है कि अब चाय-सब्जी बेचने वाले ह्यवेंडरह्न बेधड़क इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। एक दशक में इससे लेन-देन में 13,000 गुने की बढ़ोतरी अपने आप में एक मिसाल है।

निस्संदेह, यूपीआई की शुरूआत से न केवल बैंकों का काम आसान हुआ है, बल्कि इससे आम लोगों को अधिक सहूलियत हुई है। नकदी निकालने के लिए बैंक की शाखाओं में लंबी कतारों में खड़े होने या शिनाख्त की प्रक्रिया से गुजरने से तो उन्हें निजात मिली ही है, दूरदराज में रह रहे अपनों तक धन पहुंचाने के लिए भी अब किसी की चिरौरी करने की जरूरत नहीं रह बची। यही नहीं, इस बात का भी अब खौफ नहीं रहा कि रास्ते में घात लगाए बैठा कोई लुटेरा कहीं उनके रुपये न लूट ले। यूपीआई ने काफी हद तक भ्रष्टाचार पर असर डाला है। कुछ ही माह पहले हुए एक सर्वेक्षण से छोटे कारोबारियों में इसकी लोकप्रियता का खुलासा हुआ था। इसके मुताबिक, लगभग 94 फीसदी छोटे दुकानदारों ने यूपीआई को अपना लिया है। इस सुविधा से खुश कारोबारियों का प्रतिशत भी 72 पाया गया था। जाहिर है, इसी बात ने सरकार को यूपीआई से लेन-देन पर शुल्क वसूलने को प्रेरित किया होगा, मगर भारी विरोध को देखते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संसद के जरिये आम यूजर्स को आश्वस्त करना पड़ा कि उनका भुगतान पूर्व की तरह निःशुल्क रहेगा, भविष्य में कुछ खास श्रेणी के कारोबारी लेन-देन पर ही एमडीआर शुल्क लागू किया जाएगा।

### पीएम के संबोधन में छुपे गूढ़ अर्थ

## दिमागी नक्सली की बहस और लाल किले से निकले शब्दों की चुभन



सौरभ वार्ष्णेय
(दैनिक अवन्तिका)

लोकतंत्र में शब्दों की अपनी शक्ति होती है। शब्द कभी भरोसा पैदा करते हैं, कभी चेतावनी देते हैं, कभी उम्मीद जगाते हैं और कभी राजनीतिक बहस को इतना तीखा बना देते हैं कि उनके अर्थ से अधिक उनके इस्तेमाल पर चर्चा होने लगती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2026 को लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में देश की आंतरिक चुनौतियों, राष्ट्रविरोधी सोच, विकास और राष्ट्रीय एकता से जुड़े कई मुद्दे उठाए। इसी क्रम में यदि उन्होंने दिमागी नक्सली जैसे शब्द का इस्तेमाल किया, तो यह स्वाभाविक है कि उस पर राजनीतिक और सामाजिक बहस हो। प्रश्न यह है कि आखिर दिमागी नक्सली से तात्पर्य क्या है और लाल किले जैसे सर्वोच्च राष्ट्रीय मंच से निकला यह शब्द विरोधियों को क्यों चुभ रहा है?

सबसे पहले यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि दिमागी नक्सली कोई सामान्य कानूनी या संवैधानिक श्रेणी नहीं है। इसे मुख्यतः राजनीतिक और वैचारिक संदर्भ में इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द माना जा सकता है। सामान्य अर्थ में इसका प्रयोग उन लोगों के लिए किया जाता है जिन पर आरोप लगाया जाता है कि वे हिंसक नक्सली विचारधारा, राज्य-विरोधी सोच या लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास को वैचारिक स्तर पर बढ़ावा देते हैं, भले ही वे स्वयं हथियार उठाकर हिंसा में शामिल न हों। लेकिन यहीं से असली बहस शुरू होती है। किसी व्यक्ति की सरकार से असहमति, किसी नीति का विरोध, किसी आंदोलन का समर्थन अथवा सत्ता की आलोचना को सीधे दिमागी नक्सलवाद कह देना लोकतांत्रिक विमर्श के लिए उचित नहीं माना जा सकता। लोकतंत्र में सरकार की आलोचना देशद्रोह नहीं है और विपक्षी विचार रखना राष्ट्रविरोध नहीं है। दूसरी ओर, यदि कोई व्यक्ति या संगठन वास्तव में हिंसा, अलगाववाद, संवैधानिक व्यवस्था को हिंसक तरीके से गिराने या प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के समर्थन में सक्रिय है, तो उसकी विचारधारा पर गंभीर प्रश्न उठना भी स्वाभाविक है।

यानी फर्क करना जरूरी है–असहमति और हिंसक विचारधारा में, आलोचना और राष्ट्रविरोध में, विपक्ष और उग्रवाद में। लाल किले की प्राचीर केवल भाषण देने का मंच नहीं है। यह भारत की स्वतंत्रता, संविधान, लोकतंत्र और करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाओं का प्रतीक है। इसलिए वहां से प्रधानमंत्री के मुख से निकला प्रत्येक शब्द राजनीतिक बयान से कहीं अधिक महत्व रखता है। जनता उसके शब्दों में सरकार की दिशा और भविष्य की प्राथमिकताओं का संकेत खोजती है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री द्वारा इस्तेमाल किए गए किसी भी तीखे या असामान्य शब्द पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं तेज हो जाती हैं। विरोधियों को दिमागी नक्सली शब्द चुभने का एक बड़ा कारण यह हो सकता है कि राजनीतिक दलों और विचारधाराओं के बीच पहले से ही अविश्वास की खाई गहरी है। जब सत्ता पक्ष किसी विचारधारा या समूह पर गंभीर आरोप लगाने वाली भाषा का इस्तेमाल करता है, तो विपक्ष को आशंका होती है कि कहीं असहमति की व्यापक श्रेणी को ही राष्ट्रविरोध के दायरे में तो नहीं लाया जा रहा। यही आशंका राजनीतिक विवाद को जन्म देती है। लेकिन इस बहस का दूसरा पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण है। भारत ने दशकों तक नक्सल हिंसा की चुनौती झेली है। जंगलों और आदिवासी क्षेत्रों में हिंसा, सुरक्षा बलों पर हमले, विकास कार्यों में बाधा और निर्दोष नागरिकों की मौत ने अनेक परिवारों को प्रभावित किया। नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई केवल बंदूक से नहीं लड़ी जा सकती। इसके लिए विकास, शिक्षा, रोजगार, प्रशासनिक पहुंच, न्याय और स्थानीय लोगों का विश्वास भी आवश्यक है।

यहीं दिमागी नक्सलवाद जैसी अवधारणा पर गंभीर विमर्श की जरूरत पड़ती है। यदि किसी हिंसक विचारधारा का प्रभाव समाज में वैचारिक स्तर पर फैलता है, तो उसका मुकाबला लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों के माध्यम से किया जाना चाहिए। लेकिन इस काम में सबसे बड़ा हथियार तर्क और संवाद होना चाहिए, लेबल नहीं। भारत की ताकत ही उसकी विविधता है। यहां वामपंथी विचार भी हैं, दक्षिणपंथी विचार भी हैं, समाजवादी विचार भी हैं, उदारवादी विचार भी हैं और अनेक क्षेत्रीय राजनीतिक धाराएं भी हैं। इनमें से हर विचार से सहमत होना संभव नहीं, लेकिन हर असहमति को देशविरोधी बताना लोकतांत्रिक परंपरा को कमजोर कर सकता है। वास्तविक चुनौती यह है कि देश विरोधी हिंसक गतिविधियों और लोकतांत्रिक असहमति के बीच स्पष्ट रेखा कैसे खींची जाए। यदि यह रेखा धुंधली होती है तो राजनीतिक शब्दावली समाज को बांट सकती है। यदि यह रेखा स्पष्ट रहती है तो सुरक्षा और लोकतंत्र दोनों मजबूत होते हैं।

प्रधानमंत्री के भाषणों की एक विशेषता यह रही है कि वे अक्सर राजनीतिक संदेश के साथ सामाजिक और राष्ट्रीय अभियान का आह्वान भी करते हैं। लाल किले से दिए गए भाषण का महत्व इसी कारण बढ़ जाता है। यह अवसर केवल सरकार की उपलब्धियां गिनाने का नहीं, बल्कि देश के सामने मौजूद चुनौतियों को व्यापक राष्ट्रीय दृष्टिकोण से रखने का भी होता है। इसलिए प्रधानमंत्री के किसी कथन को केवल राजनीतिक चश्मे से देखने के बजाय उसके व्यापक संदर्भ को समझना चाहिए। यदि दिमागी नक्सली शब्द का उद्देश्य हिंसक विचारधारा के वैचारिक समर्थकों की ओर संकेत करना है, तो सरकार को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि उसकी परिभाषा क्या है। कौन व्यक्ति या कौन-सी गतिविधि इस श्रेणी में आती है? क्या केवल सरकार की आलोचना करने वाला व्यक्ति भी इसके अंतर्गत आएगा? क्या किसी नीति का विरोध करने वाला नागरिक भी इसमें शामिल होगा? इन प्रश्नों के स्पष्ट उत्तर लोकतांत्रिक समाज में बेहद जरूरी हैं। क्योंकि शब्द जितना बड़ा मंच पाता है, उसकी जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी होती है।

विपक्ष की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। यदि सरकार किसी गंभीर आंतरिक सुरक्षा चुनौती की ओर ध्यान आकर्षित करती है, तो हर बात को केवल राजनीतिक हमला बताकर खारिज कर देना भी उचित नहीं। भारत में नक्सली हिंसा की वास्तविकता रही है और देश ने इसकी कीमत चुकाई है। इसलिए यदि सरकार वैचारिक स्तर पर हिंसक उग्रवाद के विस्तार की बात करती है तो विपक्ष को तथ्यों के आधार पर जवाब देना चाहिए। लेकिन विपक्ष को यह सुनिश्चित करने का अधिकार भी है कि लोकतांत्रिक असहमति को अपराध या राष्ट्रविरोध का पर्याय न बनाया जाए। संसद, न्यायपालिका, मीडिया, विश्वविद्यालय और नागरिक समाज लोकतंत्र के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं।

### रील पे चर्चा

मित्रों। रील पे चर्चा में आपका स्वागत है। चाय पे चर्चा के बाद रील पे चर्चा मेरा सबसे बड़ा पैशन है। जो मुझे फॉलो करते है वो अवश्य जानते होंगे कि मैं बचपन से ही नेहरू जी का बड़ा प्रशंसक रहा हूं। एक बार जब उनके भाषण को सुन रहा था। भाषण मुझे इतना अच्छा लगा कि मै ताली बजाने लगा। ये देख कर पंडित नेहरू खुद चल कर मेरे पास आएऔर मुझे ताली बजाने से रोका। कहने लगे तुम ताली बजाने वालों में नहीं हो। तुमको ईश्वर ने ताली बजवाने के लिए इस पृथ्वी पे भेजा है। वो दिन है कि आज का दिन मै सिर्फ तालियां ही बजवा रहा हूं। पंडित नेहरू कहा करते थे कि ताली बजाना अच्छी बात है लेकिन उससे भी अच्छी बात है कि लोग आपके लिए तालियां बजावे। यह सत्य है कि सिर्फ यही नहीं कि मैने आपके विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्व विद्यालय का दर्जा नहीं दिया बल्कि मैने तो देश के तमाम विश्व स्तरीय विश्व विद्यालयों की गिरती हुई साख को बचाने के लिए कोई प्रयास भी नहीं किया । ऐसा मैने इसलिए किया क्योंकि मैं जानता था कि कुछ बड़ा करने के लिए ऐसे छोटे मोटे कई बलिदान हमको देने होंगे। एक समय था जब केंद्रीय विश्व विद्यालय का दर्जा प्राप्त होना एक विशेष महत्व रखता था। आई ए एस,आई पी एस,डॉ, इंजीनियर, या सरकारी नौकरी करने का हमारे युवा साथियों में पैशन हुआ करता था। लेकिन आप मेरे अपने है। अपनों से ही मन की बात की जाती है। मैं आपके भ्रम को और नहीं बढ़ाना चाहता हूं ।मै जानता हूं कि अब देश बदल गया है। अब देश नौकरी को ठोकर पे रखता है छोकरी को सर पे। अब वो नौकर नहीं बनना चाहता है, अब वो नौकर रखना चाहता है। हमारे पूर्वजों ने इस दासता को नौकरी नाम यूं ही नहीं दिया था। हमारे पूर्वज न सिर्फ विज्ञान के ज्ञाता थे बल्कि शब्द शास्त्री भी थे। शब्दों से ही व्यक्ति, संस्था, वस्तु का ऐसा खाका खींच दिया करते थे कि नाम सुनते ही उसका सारा जागरफिया हमारी आंखों के सामने खुल जाता है।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 27 अगस्त 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:11 सूर्यास्त 18:45
श्रावण मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - चतुर्दशी 09:09 उपरांत पूर्णिमा
नक्षत्र - धनिष्ठा 02:15 उपरांत शतभिषा
योग - शोभन 07:55 उपरांत अतिगंड
करण - वणिज
चन्द्रमा - मकर में है। 13:36 पर कुंभ में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 13 तारिख

**मेष-** अधिकारी आपके काम से प्रसन्न होंगे। व्यापार में पुराने ग्राहकों से फिर से अच्छा ऑर्डर मिल सकता है।

**वृषभ-** पार्टनर के साथ भविष्य को लेकर सार्थक बातचीत होगी। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ रहेगी।

**मिथुन-** डिजिटल और आईटी सेक्टर वालों के लिए बड़ा अवसर मिल सकता है। मानसिक शांति का अनुभव करेंगे।

**कर्क-** संचार तकनीकों से व्यापार में प्रगति होगी। पुरानी गलतफहमियों का अंत होगा और आपसी प्रेम बढ़ेगा।

**सिंह-** नौकरी में आत्मबल मजबूत रहेगा। व्यापारिक विस्तार की योजनाएं मूर्त रूप ले सकती हैं।

**कन्या-** व्यस्तता के बीच साथी के लिए समय न निकालने पर हल्की नाराजगी हो सकती है।

**तुला-** धन प्रवाह अच्छा रहेगा, हालांकि खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है। एसिडिटी से बचें।

**वृश्चिक-** एकाग्रता से काम करने पर सफलता आपके कदम चूमेगी।

**धनु-** पुराने सौदों से आर्थिक लाभ होगा। आपसी विश्वास और भावनात्मक संबंध गहरे होंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मकर-** लव पार्टनर के साथ गंभीर मुद्दों पर सहमति बनेगी। बजट अनुसार काम होगा।

**कुंभ-** कार्यक्षेत्र में आपका फोकस बेहतरीन रहेगा। नए अनुबंधों पर हस्ताक्षर करने से पहले शर्तों को ध्यान से पढ़ें।

**मीन-** कारोबार है तो नए ग्राहक और नए अवसर मिलने के स्पष्ट संकेत हैं। प्रेम जीवन में मिठास बनी रहेगी।

व्यंग्य

## बिन मोबाईल सब सूना



नीतिश नागर
(दैनिक अवन्तिका)

मोबाइल फोन बिन बुलाए मेहमान की तरह हमारी जिंदगी में आकर रच-बस गया हैं और हमारी जिंदगी का अभिन्न अंग बन गया हैं। उसके बिना हमारी सुबह सूनी हैं, दिन भी सूने हैं और रात भी सुनी हैं। बिन मोबाईल के सब सूनसान सन्नाटा हैं। सोते, जागते, उठते और बैठते बस मोबाइल फोन हो हाथों में, एक पल भी मोबाईल से जुदाई बर्दास्त नहीं हैं। मोबाईल फोन अपनों से बढ़कर हैं। मोबाईल फोन प्रियतम या प्रियतमा से बढ़कर हैं। चेटिंग, वीडियो काल, रील्स, टिकटॉक, इंस्टाग्राम, वाट्सएप और फेसबुक जीवन के आमोद-प्रमोद के सारे अवसरों से लेकर जीवन के हर रंग, बिन मोबाईल के सब कुछ सूना है। एक सबसे बड़ी खूबी तो मैं भूल गया, वो हैं फोटोसेशन या फोटो खिंचने का अवसर जिसमें सेल्फी की अदा भी शामिल हैं नवजात शिशु से लेकर किशोरावस्था, किशोरावस्था से लेकर युवावस्था, युवावस्था से लेकर प्रोढ़ावस्था तक सभी का मोबाईल के प्रति समर्पण एक जैसा हैं। यदि मोबाईल हाथ हैं तो भूख-प्यास, काम-काज, सर्दी- गर्मी आदि का प्रभाव शून्य हो जाता हैं। नवजात शिशु में मोबाईल देखने की ललक, किशोरावस्था से युवावस्था तक के लोगों को गेमिंग की तड़फ, युवावस्था से प्रौढ़ावस्था तक के लोगों को चेटिंग, वीडियो काल, रील्स, टिकटॉक, इंस्टाग्राम, वाट्सएप एवं फेसबुक की लगन, तन्मयता और तल्लीनता हर उम्रवर्ग में एक सी हैं।

मोबाईल की रंगिनियों से कोई भी बच नहीं पाया हैं ये इंद्रधनुष सा सतरंगी हैं और अतरंगी भी हैं। हर उम्रवर्ग को इसने किसी न किसी रंग में रंगा हुआ हैं भौर की पहली किरण के साथ महिला, बच्चे, बूढ़े और जवान को वह अपनी रंगीन मिजाजी दिखाने के लिए तैयार रहता हैं दिन की शुरूआत मोबाईल से ही हैं, समस्त नित्कर्म बाद में या यूं कहे कि ये नित्कर्म का हिस्सा बन गया हैं। प्रत्येक अवसर चाहे वह धार्मिक आयोजन, सामाजिक आयोजन, शादी-ब्याह, जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगाठ का अवसर और अन्य प्रकार की दिनचर्या हो या रातचर्या हो सभी कार्य मोबाईल के बिन अधूरे हैं।

माँ के लिए रोते बच्चे को चुप कराना कितना आसान हो गया हैं। पहले यह एक डिफीकल्ट टास्क हुआ करता था। बच्चा रो रहा हैं तो, बड़े-बूढ़े अंदाज लगाते थे, कि शायद इसे भूख लगी हैं, या फिर इसके पेट में दर्द हैं। यह केवल अंदाज मात्र होता था। कोई न कोई तीर-तुक्का लग जाता था और बच्चा शायद चुप हो जाता थो लेकिन आज के युग में मोबाईल एक रामबाण दवाई के रूप में आया है। चाहे उसे पेटदर्द हो या भूख-प्यास का कारण हो , मोबाईल चालू किया बच्चे के हाथ में दिया बच्चा चुप हैं न माँ के लिए कितना आसान, सारी चिंताओं का निवारण एक मोबाईल। पहले माँ अपनी बेटियों को भोजन बनाने से लेकर घर का सारा काम सिखाती थी। चूल्हा-चौका, ऊँच- नीच आदि संस्कारी ज्ञान माँ अपनी बेटियों को देती थी लेकिन आज सारे संस्कारों का भंडार, बस एक मोबाईल फोन हाथ में दे देती और सारी चिंताओं से और जिम्मेदारियों से बरी हो जाया करती हैं, हैं न मोबाईल कितने फायदे का।

मोबाईल फोन अपने-आप में एक बहुत बड़ा विश्वविद्यालय हैं, अकूत ज्ञान का भंडार इसमें समाया हुआ हैं। विश्व के बड़े से बड़े विश्वविद्यालय को पछाड़ा कर सबसे अग्रिम पंक्ति का विश्वविद्यालय बन चुका हैं। मोबाईल फोन एक ऐसा मेहनतकश गधा हैं जो कम से कम खर्चे में पूरी दुनिया का चक्कर लगवा सकता हैं ज्ञान के सागर में गोते लगवाता है। लेकिन यह हर बार आरामदायक सवारी नहीं, बल्कि कभी-कभी दुलत्ती मारकर धूल भी चटवा देता हैं। यह सर्कस का जोकर भी हैं, कभी हँसाकर मनोरंजन भी करता हैं और कभी रिंगमास्टर बनकर, संचालन और मार्गदर्शन भी करता हैं। कभी-कभी नशे की लत सा नशीला भी हैं।

## रात की अधूरी नींद दिनभर बिगाड़ सकती है दिमाग की चाल



नींद हमारे शरीर और दिमाग को आराम देने के साथ अगले दिन बेहतर तरीके से काम करने के लिए तैयार करती है। यही वजह है कि पर्याप्त नींद को स्वस्थ जीवनशैली का बेहद जरूरी हिस्सा माना जाता है। अगर रात की नींद बार-बार अधूरी रह रही है तो इसका असर सिर्फ सुबह की थकान या दिनभर की सुस्ती तक सीमित नहीं रहता बल्कि धीरे-धीरे व्यक्ति के व्यवहार याददाश्त एकाग्रता और मानसिक स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगता है। गुस्सा जल्दी आना छोटी-छोटी बातों पर चिड़चिड़ापन महसूस होना किसी काम पर ध्यान केंद्रित न कर पाना और जरूरी बातें भूल जाना कई बार नींद पूरी न होने से भी जुड़ा हो सकता है। एक रात नींद कम होने पर अगले दिन थकान सिरदर्द सुस्ती और काम करने में परेशानी महसूस होना सामान्य हो सकता है। कभी-कभार ऐसा होने पर आमतौर पर ज्यादा चिंता की जरूरत नहीं होती लेकिन जब नींद की कमी लगातार बनी रहती है तो इसका असर रोजमर्रा की कार्यक्षमता पर पड़ सकता है। व्यक्ति को छोटे-छोटे फैसले लेने में भी परेशानी हो सकती है और पढ़ाई या काम के दौरान ध्यान भटकने की समस्या बढ़ सकती है। लंबे समय तक पर्याप्त नींद न मिलने की स्थिति में शरीर और दिमाग दोनों पर दबाव बढ़ता है।

नींद की कमी का सीधा असर व्यवहार पर भी दिखाई दे सकता है। पर्याप्त आराम न मिलने पर व्यक्ति सामान्य परिस्थितियों में भी ज्यादा चिड़चिड़ा हो सकता है और छोटी बातों पर गुस्सा आने लगता है। भावनाओं को नियंत्रित करना भी मुश्किल महसूस हो सकता है। यही समस्या अगर लंबे समय तक जारी रहे तो तनाव और बेचैनी बढ़ सकती है। नींद और मानसिक स्वास्थ्य का संबंध काफी गहरा माना जाता है और लगातार नींद की समस्या रहने पर चिंता तथा अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का जोखिम भी बढ़ सकता है।

याददाश्त और एकाग्रता पर भी नींद की कमी का असर पड़ता है। रात में शरीर और दिमाग को पर्याप्त आराम नहीं मिलने पर अगले दिन किसी काम पर ध्यान लगाने में परेशानी हो सकती है। चीजें याद रखने में दिक्कत हो सकती है और काम या पढ़ाई का प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। बच्चों और किशोरों के लिए पर्याप्त नींद विशेष रूप से जरूरी है क्योंकि नींद उनकी सीखने की क्षमता ध्यान याददाश्त और व्यवहार से जुड़ी होती है। इसलिए बच्चों में लगातार नींद की परेशानी को केवल आदत मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

कम नींद का असर केवल मानसिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। लंबे समय तक पर्याप्त नींद न लेने को वजन बढ़ने मधुमेह और हृदय स्वास्थ्य से जुड़े जोखिमों से भी जोड़ा जाता है। कुछ लोगों को रात में सोने में परेशानी होती है जबकि कुछ लोग पर्याप्त समय बिस्तर पर रहने के बाद भी सुबह तरोताजा महसूस नहीं करते। कुछ नींद संबंधी विकारों में रात के समय सांस लेने में रुकावट या सांस के अनियमित होने जैसी समस्या भी हो सकती है। ऐसे मामलों में व्यक्ति को पर्याप्त समय सोने के बावजूद अच्छी गुणवत्ता वाली नींद नहीं मिल पाती। कुछ संकेत ऐसे हैं जिन्हें गंभीरता से लेना जरूरी है। अगर गाड़ी चलाते समय बार-बार झपकी आने लगे टीवी देखते या किताब पढ़ते समय थोड़ी देर में ही नींद आने लगे दिन के समय बहुत ज्यादा नींद महसूस हो काम या पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाए या चीजें याद रखने में पहले से ज्यादा परेशानी होने लगे तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

धर्म-आस्था

## महर्षि विश्वामित्र का श्रीराम से सिद्धाश्रम का पूर्व वृत्तांत बताना तथा पूजित होना



डॉ. नरेन्द्र मेहता
(दैनिक अवन्तिका)

दिव्यास्त्रों का ज्ञान प्राप्त करके श्रीराम ने चलते-चलते ही महामुनि विश्वामित्र से मधुर वाणी में पूछा। भगवन। सामने वाले पर्वत के पास ही जो यह मेघों की घटा के समान सघन वृक्षों से परिपूर्ण स्थान दिखाई देता है क्या है? उसके विषय में जानने के लिए मेरे मन में बड़ी तीव्र उत्कण्ठा हो रही है।

दर्शनीयं मृगाकीर्णं मनोहरमतीव च।
नानाप्रकारैः शकुनैर्वल्गुभाषैरलंकृतम।
वाल्मीकि रामायण बालकाण्ड सर्ग 28-15

यह दर्शनीय स्थान मृगों के झुण्ड से भरा हुआ होने के कारण अत्यन्त मनोहर प्रतीत होता है। अनेक प्रकार के पक्षी अपनी मधुर शब्दावली से इस स्थान की शोभा में वृद्धि करते हैं।

मुनिश्रेष्ठ! इस प्रदेश की इस सुखमयी स्थिति से यह जान पड़ता है कि अब हम लोग उस रोमांचकारी दुर्गम ताटकावन से बाहर निकल आए हैं। भगवन! मुझे सब कुछ बताइए। यह किसका आश्रम है? महामुने! जहाँ आपकी यज्ञ क्रिया हो रही है, जहाँ वे पापी, दुराचारी, ब्रह्महत्यारे, दुरात्मा, राक्षस आपके यज्ञ में विघ्न उत्पन्न करने आया करते हैं और जहाँ मुझे यज्ञ की रक्षा तथा राक्षसों के वध का कार्य करना है, उस आश्रम का कौन सा देश है? मुनिश्रेष्ठ! यह सब मैं सुनना चाहता हूँ। श्रीराम का वचन सुनकर महातेजस्वी विश्वामित्र जी ने उनके प्रश्न का उत्तर देना आरम्भ किया। श्रीराम! पूर्वकाल में यहाँ भगवान विष्णु ने बहुत वर्षों एवं सौ युगों तक तपस्या के लिए निवास किया था। उन्होंने यहाँ बहुत बड़ी तपस्या की थी। यह स्थान महात्मा वामन का वामन अवतार धारण करने के उद्यत हुए श्रीविष्णु का अवतार ग्रहण से पूर्व आश्रम था।

सिद्धाश्रम इति ख्यातः सिद्धो ह्यात्र महातपाः।
एतस्मिन्नेव काले तु राजा वैरोचनिर्बलिः।।
निर्जित्य दैवतगणान् सेन्द्रान् सहमरुद्गणान।
कारयामास तद्राज्यं त्रिषु लोकेषु विश्रुतः।।
वाल्मीकिरामायण बालकाण्ड सर्ग 29-4-5

इसकी सिद्धाश्रम के नाम से प्रसिद्धी थी क्योंकि यहाँ महातपस्वी विष्णु को सिद्धि प्राप्त हुई थी। जब वे तपस्या करते थे, उसी समय विरोचनकुमार राजा बलि ने इन्द्र और मरुद्गणों सहित समस्त देवताओं को पराजित करके उनका राज्य अपने अधिकार में कर लिया था। वे तीनों लोकों में विख्यात हो गए थे।

उन महाबली असुरराज ने एक यज्ञ का आयोजन किया। उधर बलि यज्ञ में लगे हुए थे, उधर अग्नि आदि देवता स्वयं इस आश्रम में पधारकर भगवान विष्णु से बोले- सर्वव्यापी परमेश्वर! बलि एक उत्तम यज्ञ का अनुष्ठान कर रहे हैं। उनका यह यज्ञ सम्बन्धी नियम पूर्ण होने से पहले ही हमें अपना कार्य सिद्ध कर लेना चाहिए। इस समय जो याचक इधर-उधर से आकर उनके यहाँ याचना के लिए उपस्थित होते हैं, वे गो, भूमि और सुवर्ण आदि सम्पत्तियों से जिस वस्तु को लेना चाहते हैं, उनको वे समस्त वस्तुएँ राजा बलि यथावत रूप से अर्पित करते हैं।

स त्वं सुरहितार्थाय मायायोगमुपाश्रितः।
वामनत्वं गतो विष्णो कुरु कल्याणमुत्तम 29-9

अतः विष्णो! आप देवताओं के हित के लिए अपनी योगमाया का आश्रम ले वामन रूप धारण कर-के उस यज्ञ में जाइये और हमारा उत्तम कल्याण कीजिए।

श्रीराम! इसी समय अग्नि के समान तेजस्वी महर्षि कश्यप की धर्मपत्नी अदिति के साथ अपने तेज से प्रकाशित होते हुए वहाँ आए। वे एक सहस्त्र दिव्य वर्षों तक चालू रहने वाले महान व्रत को अदिति देवी के साथ ही समाप्त करके आए थे। उन्होंने वरदायक भगवान मधुसूदन की स्तुति की- भगवन! आप तपोमय है। तपस्या की राशि है। तप आपका ही स्वरूप है। आप ज्ञानस्वरूप है। मैं भलिभाँति, तपस्या करके उसके प्रभाव से आपका पुरुषोत्तमजी का दर्शन कर रहा हूँ। मैं आपकी शरण में आया हूँ। कश्यपजी के सारे पाप धुल गए थे। भगवान श्रीहरि ने अत्यन्त प्रसन्न होकर उनसे कहा- महर्षे! तुम्हारा कल्याण हो। तुम अपनी इच्छा के अनुसार कोई वर माँगों क्योंकि तुम मेरे विचार से वर पाने के लिए योग्य हो। भगवान का यह वचन सुनकर मरीचिनन्दन कश्यप ने कहा- परमेश्वर! सम्पूर्ण देवताओं की अदिति की तथा मेरी भी आपसे एक ही बात के लिए बारम्बार याचना है। आप अत्यन्त प्रसन्न होकर मुझे वह एक ही वरदान प्रदान करें।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6650 विशाल 6350 से 6425 डंकी चना 6000 से 6100मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7600 से 7800 महाराष्ट्र लाल 7900 से 8100 कर्नाटक 8000से 8200 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7000 से 7200 मूंग बेस्ट बोल्ड - 7400 से 7600 मीडियम बोल्ड 7300 से 7400 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9100 से 9200 उड़द गर्मी 8600 से 9000 ग्रेविटी क्लीन 9300 से 9700 हल्का उड़द 4000 से 6000काबुली डॉलर 7500 से 8900 काबुली रशियन 6200 से 6400 बिटकी 5890 से 6000सरसों निमाड़ी 8100 से 8200 रायडा 7100 से 7300 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 6700 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से 2700 लोकवन 2900 से3100 पूर्णा 2750 से 2800 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 2325 से 2350 चना दाल 7450 से 7550 मीडियम 7850 से 7950 बेस्ट 8050 से 8350 तुअर दाल 7000 से 7100 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 9600 से 9900 एक्स्ट्रा बेस्ट 10700 से 10800 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 8700 से 8800 बेस्ट 8900 से 9000 मूंग मोगर 10700 से10800 बेस्ट 10900 से 11000

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,58,700 रवा- 1,58,500 चांदी- टंच- 2,43,500 पाट- 2,43,000।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली में सवार 5 लोग घायल

**शाजापुर।** कथा सुनने जा रहे ग्रामीणों से भरे टैक्ट्रर ट्राली को ट्रक ने टक्कर मार दी। इस घटना में करीब पांच लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मंगलवार को ग्राम भाटखेड़ी से महिलाएं, पुरुष और बच्चे ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर दास्ताखेड़ी में आयोजित देव महाराज की कथा सुनने जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने ट्रॉली को बोलाई-अकोदिया मार्ग पर टक्कर मार दी। हादसे में ट्रॉली में सवार करीब पांच लोग घायल हो गए। घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उनका उपचार हुआ।

## फसल बीमा राशि को लेकर किसानों का धरना जारी

**अकोदिया।** शाजापुर में फसल बीमा राशि में विसंगतियों और किसानों को पर्याप्त मुआवजा नहीं मिलने के विरोध में भारतीय किसान संघ तहसील इकाई गुलाना का अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को भी जारी रहा। किसान तहसील परिसर में 24 घंटे से अधिक समय से डटे हुए हैं। आंदोलन में किसानों ने सरकार और बीमा कंपनी को सद्बुद्धि देने की कामना को लेकर तहसील परिसर में रात्रिकालीन धरना दिया। इस दौरान सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद किसानों ने परिसर में ही दाल-बाटी बनाकर भोजन किया। भारतीय किसान संघ की ओर से यह आंदोलन 22 अगस्त से शुरू किया गया था। किसानों का कहना है कि उन्होंने फसल बीमा के लिए समय पर प्रीमियम जमा किया है, इसके बावजूद लंबित बीमा राशि का अब तक पूरा भुगतान नहीं किया गया है। किसानों ने बीमा कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि फसल खराब होने के बाद भी उन्हें उनके नुकसान के अनुरूप मुआवजा नहीं मिल रहा है।

## शेख बहादुर का इंतकाल, शहर में शोक की लहर

**सारंगपुर।** शहर के लिए मंगलवार का दिन गमगीन रहा। शहर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं अंजुमन इस्लाम शाही जामा मस्जिद कमेटी के कोषाध्यक्ष और सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष शेख बहादुर का आकस्मिक इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर लगते ही पूरे शहर में शोक की लहर दौड गई। सभी समाज और राजनीतिक दलों के लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उनका जनाजा उनके स्वनिवास से उठाया गया और नमाज-ए-जनाजा अदा करने के बाद कब्रिस्तान मोहल्ला मुकेरवाडी में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे के दौरान में शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के सैकडों लोग शामिल हुए और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

# वेद-मंत्रों और जयतु संस्कृतम् के उद्घोष से गूंजा शाजापुर
# विद्यार्थियों ने शीश पर वेद धारण कर निकाली भव्य शोभायात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर




किसी भी राष्ट्र की जीवंतता और सच्ची पहचान उसकी मूल संस्कृति और भाषा में निहित होती है। इसी गौरवशाली परंपरा को चरितार्थ करते हुए मंगलवार को दुपाड़ा मार्ग स्थित सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. में विद्याभारती की योजनानुसार संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत सारस्वत कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्राचीन धरोहर, चारों आर्षग्रन्थ (वेदों) को अपने मस्तक पर धारण कर शोभायात्रा निकाली, तो पूरा क्षेत्र जयतु संस्कृतम् वदतु संस्कृतम् और वेद हमारी शान हैं के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वेदों का विधिवत पूजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में जितेंद्र देवतवाल, विशेष अतिथि रश्मि जोशी, प्राचार्य देवकरण शर्मा और प्रधानाचार्य चंद्रशेखर शर्मा मंचासीन रहे। अपने संस्कृत उद्बोधन में मुख्य वक्ता देवतवाल ने कहा कि देववाणी संस्कृत सभी भाषाओं की जननी और हमारी संस्कृति की आत्मा है। वेद हमारी संस्कृति के मानबिंदु हैं, अतः हमें वेदों का अनुसरण करते हुए इस परिष्कृत भाषा का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करना चाहिए।

विशेष अतिथि रश्मि जोशी ने संस्कृत की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अति विशाल शब्दकोश, सुस्पष्ट व्याकरण और वर्णमाला की वैज्ञानिकता से संयुक्त संस्कृत, विश्व की सबसे प्राचीन और वैज्ञानिक भाषा है। भारत का संपूर्ण आध्यात्मिक ज्ञान-विज्ञान इसी देवभाषा में संकलित है। विद्यालय के प्राचार्य देवकरण शर्मा ने कहा कि भारत की अस्मिता के दो उज्ज्वल आधार हैं संस्कृति और संस्कृत। यह केवल भारतवर्ष की ही नहीं, अपितु पूरे विश्व की देवभाषा है। यह वह अमृतधारा है, जिससे अनादिकाल से सभ्यताओं ने ज्ञान-विज्ञान का पान किया है।

### महामृत्युंजय मंत्र का हुआ सामूहिक जाप

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा संस्कृत श्लोकों का स-स्वर गायन किया गया तथा उपस्थित सभी लोगों ने महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप किया। अतिथियों का परिचय दीपीशा राठौर ने दिया। अतिथियों का स्वागत सीमा शर्मा एवं सतीश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिवनारायण शर्मा ने किया तथा आभार रितेश आचार्य ने माना।

जीवन की सार्थकता और कल्याण के लिए संस्कृत का व्यापक प्रचार-प्रसार अनिवार्य है। उन्होंने संस्कृत सप्ताह पर सभी के जीवन में ज्ञान और संस्कृति का प्रकाश फैलने की मंगलकामना की।



## शाजापुर में सजा स्नेह के धागों का बाजार, रक्षाबंधन को लेकर लौटी रौनक

**शाजापुर।** भाई-बहन के अटूट प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व को लेकर शाजापुर शहर के बाजार पूरी तरह से गुलजार हो गए हैं। इस वर्ष बाजार में स्वदेशी और पर्यावरण के अनुकूल राखियों का विशेष दबदबा देखने को मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि रक्षाबंधन का पावन पर्व जैसे-जैसे करीब आ रहा है, शाजापुर शहर में त्योहारी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। स्नेह के धागों का बाजार अब पूरी तरह सजकर तैयार है। शहर के चौक बाजार, नई सड़क और बस स्टैंड के समीप लगी रंग-बिरंगी राखियों की दुकानों पर सुबह से लेकर देर शाम तक महिलाओं और युवतियों की खासी भीड़ उमड़ रही है। हर बहन अपने भाई की कलाई को सजाने के लिए सबसे खूबसूरत और खास राखी चुनने में मग्न है। बाजार में छाई इस त्योहारी रौनक ने शहर के पूरे माहौल को उल्लास से भर दिया है। इस बार राखी के बाजार में ग्राहकों का रुझान पूरी तरह से स्वदेशी उत्पादों की ओर है। भारतीय कारीगरों द्वारा तैयार की गई रेशम की डोरी, चंदन की महक वाली, रुद्राक्ष और मोतियों से जड़ी आकर्षक राखियां महिलाओं को खूब भा रही हैं। वहीं, नन्हे-मुन्नों के लिए बाजार में छोटा भीम, डोरीमोन और आकर्षक लाइट वाली म्यूजिकल राखियों की खासी भरमार है। इसके साथ ही, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली बीजों वाली इको-फ्रेंडली राखियां भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं, जिन्हें त्योहार के बाद मिट्टी में रोपा जा सकता है। राखियों की खरीदारी के साथ-साथ शहर की मिठाई, कपड़े और उपहार की दुकानों पर भी ग्राहकों का भारी हुजूम देखा जा रहा है। बहनें जहां राखियों और कपड़ों की खरीदारी कर रही हैं, वहीं युवा अपनी बहनों को देने के लिए कस्टमाइज्ड गिफ्ट पैक और आकर्षक उपहार खरीद रहे हैं।

# चोरी और गुम हुए 125 मोबाइल पुलिस ने ढूंढें, 24 लाख के फोन मालिकों को सौंपे

अवन्तिका ▸▸ आगर-मालवा




पुलिस ने गुम और चोरी हुए 125 मोबाइल फोन ढूंढ निकाले हैं। मंगलवार को एसपी दिलीप कुमार सोनी ने ये सभी फोन उनके असली मालिकों के हाथों में सौंप दिए। महीनों बाद अपना गुम हुआ फोन वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इन मोबाइलों की कुल कीमत करीब 24 लाख 10 हजार रुपए है। फोन में लोगों के जरूरी दस्तावेज, फोटो और यादें होती हैं, जिन्हें सुरक्षित वापस दिलाना पुलिस की पहली प्राथमिकता थी।

एसपी के निर्देश पर साइबर टीम ने अलग-अलग राज्यों और जिलों की पुलिस से तालमेल बिठाकर और तकनीकी जांच की मदद से इन फोनों को खोज निकाला। कार्यक्रम में एएसपी रविन्द्र बोयट, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाहा, कोतवाली थाना प्रभारी नागेश यादव और सूबेदार जितेन्द्र शुक्ला समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### ऑनलाइन ठगी से बचने की दी सलाह

इस मौके पर एसपी दिलीप कुमार सोनी ने लोगों को साइबर अपराध और ऑनलाइन ठगी से सावधान रहने के तरीके भी बताए। उन्होंने अपील की कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही अपना ओटीपी या बैंक का पिन किसी के साथ शेयर करें। उन्होंने कहा कि अगर कोई ठगी का शिकार होता है, तो बिना देरी किए तुरंत पुलिस को जानकारी दे।

## विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन स्पर्धा में लिया भाग

**सारंगपुर।** विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा विद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में ओजोन परत के संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढाना है। इस प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाडल्यामाता के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रा प्रतिज्ञा शर्मा एवं पायल कछावा ने भाग लिया। वहीं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में छात्रा अंजली कछावा ने भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य पी.सी.रावतिया एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# दामोदर धाम में बाबा बर्फानी और 84 महादेव का अभिषेक

### सुख-शांति और समृद्धि की कामना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

अकोदिया के दामोदर धाम मंदिर में बुधवार को श्रावण मास के पावन अवसर पर महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक पांच प्रकार के अभिषेक किए। दोपहर 12 बजे आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। उन्होंने अपने घरों से शिवलिंग बनाकर मंदिर में लाए और विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर अभिषेक किया।

कार्यक्रम के दौरान पहला अभिषेक लड्डू गोपाल का, दूसरा 12 ज्योतिर्लिंग का, तीसरा पार्थिव शिवलिंग का, चौथा बाबा बर्फानी का और पांचवां 84 महादेव का किया गया। विशेष रूप से 84 महादेव के शिवलिंग महिलाओं ने अपने घरों में तैयार किए थे। इन शिवलिंगों को दामोदर धाम मंदिर में लाकर पुजारी विष्णु प्रसाद शर्मा द्वारा मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ अभिषेक कराया गया।

मंदिर में बाबा बर्फानी की विशेष शिवलिंग भी आकर्षण का केंद्र रही। करीब डेढ़ फीट बर्फ से बनी इस शिवलिंग की पूरे सावन माह में श्रद्धालुओं द्वारा नियमित रूप से पूजा-अर्चना की गई। धार्मिक आयोजन के दौरान महिलाओं ने भगवान शिव का जल, दूध सहित विभिन्न पूजन सामग्रियों से अभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। अभिषेक और पूजा-अर्चना के बाद मंदिर परिसर में विशाल महाआरती का आयोजन किया गया।

## राखी पर घर लौट रहे व्यापारी की सड़क-हादसे में मौत: बाइक को अज्ञात वाहन ने पीछे से मारी टक्कर

**देवास।** राखी का त्योहार मनाने इंदौर से शाजापुर अपने घर लौट रहे 54 वर्षीय कपड़ा व्यापारी बलराम देवतवाल की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा देवास के पास छोटा मालसापुरा क्षेत्र में हुआ, जहां अज्ञात चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, बलराम देवतवाल इंदौर में



कपड़ों का व्यापार करते थे। राखी के त्योहार पर परिवार के साथ समय बिताने के लिए वे बाइक से अपने गृह नगर शाजापुर लौट रहे थे। इसी दौरान छोटा मालसापुरा क्षेत्र में उनकी बाइक को पीछे से किसी अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बलराम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बलराम को तत्काल देवास जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बलराम के भाई इंदर ने बताया कि उनके भाई इंदौर में कपड़ों का काम करते थे और राखी पर परिवार के साथ त्योहार मनाने के लिए शाजापुर लौट रहे थे। उन्होंने आशंका जताई कि पीछे से किसी चार पहिया वाहन की टक्कर लगने के कारण हादसा हुआ। पुलिस ने बलराम की बाइक के नंबर के आधार पर शाजापुर पुलिस से संपर्क किया।

### देवास में ईद मिलादुन्नबी पर निकला विशाल जुलूस

# नयापुरा से प्रमुख मार्गों से गुजरा कारवां, जगह-जगह स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिवस ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर बुधवार को देवास में मुस्लिम समाज ने उत्साह और श्रद्धा के साथ जुलूस निकाला। नया पुरा क्षेत्र से शुरू हुए जुलूस में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। बच्चों से लेकर युवाओं, बुजुर्गों और शहर काजी तक ने इसमें सहभागिता की। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक उत्साह के साथ सामाजिक सौहार्द का माहौल नजर आया।

ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस नया पुरा क्षेत्र से रवाना हुआ। इसके बाद यह शहर के अलग-अलग प्रमुख मार्गों से होकर आगे बढ़ा। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे और पूरे रास्ते पर्व को लेकर उत्साह देखने को मिला। जुलूस में बच्चे, युवा, बुजुर्ग और समाज के वरिष्ठजन मौजूद रहे। शहर काजी ने भी इसमें सहभागिता की।

जुलूस के मार्ग पर कई स्थानों पर स्वागत मंच बनाए गए थे। यहां समाजजनों के साथ अन्य लोगों ने भी जुलूस में शामिल लोगों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कई जगहों पर जुलूस में शामिल लोगों और राहगीरों के लिए खाने-पीने की सामग्री भी वितरित की गई। इससे आयोजन में आपसी भाईचारे और सौहार्द की तस्वीर देखने को मिली।

जुलूस को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए थे। प्रमुख मार्गों और जुलूस के रूट पर पुलिस बल तैनात रहा। इसके साथ ही यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए भी व्यवस्था की गई, ताकि जुलूस के दौरान आम लोगों को परेशानी न हो।

### शांति और भाईचारे का दिया संदेश

ईद मिलादुन्नबी मुस्लिम समाज का प्रमुख धार्मिक पर्व है। इस अवसर पर पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जीवन और उनके इंसानियत, शांति, भाईचारे और सेवा के संदेशों को याद किया गया। देवास में आयोजित जुलूस के दौरान धार्मिक उत्साह के साथ सामाजिक एकता और सौहार्द का वातावरण भी देखने को मिला।

## महादेव मित्र मंडल ने कलेक्टर और एसपी का किया स्वागत

**सारंगपुर।** सारंगपुर महादेव मित्र मंडल के तत्वाधान में निकाली गई सावन सवारी के द्वारा बेहतरीन सुरक्षा व्यवस्था देने पर जिले के प्रशासनिक एवं पुलिस तंत्र के प्रमुखों के सम्मान में एक विशेष अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं एसपी को स्मृति चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

## अपहृत नाबालिग दो बालकों को दस्तयाब

**सारंगपुर।** पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश द्वारा चलाए जा रहे विशेष ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत जिला राजगढ की थाना लीमा चौहान पुलिस ने संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई का मिसाल पेश की है। पुलिस टीम ने 24 घंटे के भीतर दो अपहृत नाबालिग बालकों को सकुशल राजस्थान से दस्तयाब कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निदेशों पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सारंगपुर अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लीमा चौहान गोविंद सिंह मीणा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी भंवरसिंह पिता श्री शम्मू निवासी-85 ग्राम गुनावा, सोढंग, उज्जैन म०प्र० के मालिकी, स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्र0-219/1/2 रकबा 0.4300 हैक्टर में से रकबा 0.1000 हैक्टर भूमि ग्राम नानाखेड़ी तह० घटिया जिला उज्जैन म०प्र० में स्थित है। भूमि की चर्तु:सीमा में पूर्व में भंवरसिंह की भूमि, पश्चिम में बापुलाल कनीराम की भूमि, उत्तर में सड़क, दक्षिण में बापुलाल कनीराम की भूमि है। मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी से उक्त वर्णित कृषि भूमि को कय करने का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दी है. अब केवल विकय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है।

उक्त कृषि भूमि पर भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विकय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विकय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विकय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो।

इति दिनांकः-25.08.2026

**सौरभ झाग्यानी एडवोकेट**
**कार्यालयः-डी.एफ-10 प्रथम तल भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन**
**मोबा-9893475352**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी श्रीमती ममता वर्मा पति श्री मनोहर वर्मा निवासी ग्राम सिंगादवदा जिला देवास म०प्र० के एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एंव आधिपत्य का एक भूखण्ड जो कि ग्राम पंचायत सीमा में स्थित होकर भूखण्ड क्रमांक 44 स्थित शिवांश ग्रीन्स ग्राम सुरासा तहसील घटिया व जिला उज्जैन में स्थित होकर उक्त भूखण्ड कि फ्री होल्ड राईटस का है। उक्त भूखण्ड मुख्य सडक से अन्दर की ओर आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर आवासीय उपयोग का हैं। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 67.10 वर्गमीटर अर्थात 722.26 वर्गफीट का विक्रय किया जा रहा है उक्त भूखण्ड जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में भूखण्ड क्रमांक-73, पश्चिम में सडक कॉलोनी की, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक 45, दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक -43, की स्थित है। उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया गया हैं तथा बयाना राशि अदा कर दी गयी है, तथा शेष राशि अदा कर मूल भूखण्ड स्वामी से विक्रय पत्र का सम्पादन करवाया जाना शेष है। यह कि उपरोक्त वर्णित भूखण्ड सम्पति पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा उक्त भूखण्ड बावत किसी निजी व्यक्ति, सस्था, बैंक, पंचायत, पेढी शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार हित, अधिकार हो या किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय समव्यवहार बावत हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से (07 दिवस) के अन्दर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में निष्पादित एंव पंजीकृत करवा लिया जावेगा एवं इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। और न ही मेरे पक्षकार के हितों पर बधनकारक होगी। यह सूचित हो। इति दिनांक 26.08.2026

**श्रीमती शिवांगिनी निलेश धाकड (सर्विस प्रोवाईडर)**
**कार्यालय डीएफ 12 प्रथममंजिल भरतपुरी कॉम्पलेक्स देवास रोड उज्जैन म.प्र. मो 9074220501**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर 1293/2 (S) रकबा 0.2300 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 1294/2 (S) रकबा 0.0200 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 1295 (S) रकबा 0.2600 हेक्टेयर, कुल किता 03. कुल रकबा 0.5100 हेक्टेयर भूमि जो ग्राम पानबिहार तह. घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित हैं उक्त भूमि पर 1. रामप्रसाद काशी पिता तुलसीराम, 2. जगदीश पिता तुलसीराम, 3. बबलीबाई पिता तुलसीराम, 4. कमलाबाई पति तुलसीराम, 5. रूखमाबाई पिता तुलसीराम व 6. दुगार्बाई पिता तुलसीराम का नाम बहैसियत सपंत्ति स्वामी के भू-अधिकार पटवारी अभिलेख में दर्ज हैं उक्त भूमि हम सभी को उत्तराधिकार में प्राप्त हुई हैं उक्त भूमि पर हम सभी का समान अविभाजित 1/6-1/6 हक हित हिस्सा एवं अधिकार निहीत हैं जिसमें से मेरे पक्षकार ने जगदीश, रूखमाबाई व दुगार्बाई के अविभाजित 1/6 हिस्से अर्थात रकबा 0.2550 हेक्टेयर भूमि ग्राम पानबिहार तह. घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित को मय तल लगायत हवाई हक सहित का सोदा कर टोकन राशि अदा कर सोदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया गया हैं तथा जाहिर सुचना के प्रकाशन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नही आने की दशा में सोदा चिट्ठी के पालन मे बयाना राशि अदा कर विधिवत रूप से मेरे पक्षकार के हित मे दस्तावेज अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जावेगा तथा निष्पादित अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार निहित समयावधि में शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जावेगा। यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी बैंक का या उक्त समपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके. अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सुचित हो। इति दिनांक-26.08.2026

**योगेश शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय-डी एफ-9. भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स पंजीयक कार्यालय के पास, उज्जैन**

## सार्वजनिक सूचना

ACME क्लीनटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय प्लॉट नं. 152, सेक्टर-44, गुरुग्राम,हरियाणा, 122002 में है, भारत सरकार से आवेदन करना चाहती है कि उसे विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 164के अंतर्गत सभी शक्तियां प्रदान की जाएं, जो विद्युत के पारेषण हेतु विद्युत लाइनों अथवा विद्युत संयंत्रों के स्थापितकरने के लिए या टेलीफोन या टेलीग्राफिक संचार के प्रयोजन के लिए कार्यों के उचित समन्वय के लिए आवश्यकहो, जो टेलीग्राफ प्राधिकरण के पास भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 के अंतर्गत सरकार द्वारा स्थापित याअनुरक्षित टेलीग्राफ के प्रयोजन के लिए टेलीग्राफ लाइनें और पोस्ट लगाने के संबंध में है या इस प्रकार स्थापित याबनाए रखा जाएगा और निम्नलिखित पारेषण योजनाओं के लिए सर्वेक्षण, निर्माण, स्थापना, निरीक्षण, अभिस्थापनतथा इसके पश्चात् कमीशनिंग, संचालन, रखरखाव और अन्य कार्यों का कार्य करेगा.

ट्रांसमिशन योजना का नाम: मध्य प्रदेश के आगर मालवा में प्रस्तावित आरईजीएस (पवन) परियोजना के लिए मैसर्सACME क्लीनटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को 400 मेगावाट कनेक्टिविटी प्रदान करनेहेतु पारेषण प्रणाली.

योजना के अंतर्गत शामिल कार्य: ACSPL (जिसका जनरेशन स्विचयार्ड ग्राम उदयपुर, तहसील बड़ोद, जिला आगरमालवा, मध्य प्रदेश में स्थित है) - पचोरा पीएस (आईएसटीएस) 220 केवी डी/सी लाइन (डी/सी टावरों पर), जिसकेदोनों सिरों पर फेज-टू-फेज बंचिंग की जाएगी, ताकि दोनों सिरों पर एस/सी लाइन का निर्माण किया जा सके.

इस योजना के अंतर्गत शामिल ट्रांसमिशन लाइनें निम्नलिखित गाँव, कस्बों और शहरों से होकर, उनके ऊपर, चारों ओर और उनके बीच से होकर गुजरेंगी

| गांव के नाम | तहसील | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|
| पचोरा, काशीबरडिया, चिकली गोयल, चिकलीपरमार, झिकड़िया,तोलाखेड़ी, निपान्या बैजनाथ, पिपल्याकुमार, भानपुरा,अहीरबरडिया, कसाई देहरिया, दूधपुरा, अभयपुर, कुंडला आगर, नरवर, पचोरी, पलड़ा, बासखेड़ी, बैटखेड़ा, राजाखेड़ी कुमार, गुरुखेड़ी, लाइवन, कराडिया, भीमलोद | आगर मालवा | आगर मालवा | मध्य प्रदेश |
| उदयपुर, उमरिया लाला, खजूरी चोपड़ा, दाबड़िया, देवली आगर, भदवासा, उमरपुर, कॉकरिया, खजूरी चोपड़ा, खजूरी सोंधिया, मारुबर्डिया, रतनखेड़ी, जयसिंहपुरा, ढाबला सोंध्या, लाला, सारसी, हरनावदा, आम्बादेव, बीजानगरी, मंगवालिया, गिरोली, कुलमढ़ी | बड़ोद | आगर मालवा | मध्य प्रदेश |

मार्ग सर्वेक्षण की प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध है। इसके द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैकि वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से दो माह के भीतर प्रस्तावित पारेषण ट्रांसमिशन प्रणाली पर अपनी राय/प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत करें। अधिक जानकारी और स्पष्टीकरण के लिएकृपया संपर्क करें:

नाम: साकेत पोरवाल
पद: उपाध्यक्ष - परियोजना
कार्यालय पता: प्लॉट नंबर 152, सेक्टर-44, गुरुग्राम, हरियाणा, 122002
ईमेल एड्रेस: saket.porwal@acme.in, संपर्क सूत्र: +91-9250008944

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार वंडर होम फायनेंस लिमिटेड पता- 102 गोपाल प्लाजा ए.के. बिल्डिंग चौराहा फ्रीग्रज उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 07 का दक्षिण दिशा वाला भाग लोटस ग्रीन्स कॉलोनी पंवासा मक्सी रोड़ तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 52.50 वर्गमीटर है जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में - भूखण्ड़ क्रमांक 04, पश्चिम मे - कॉलोनी का रोड़, उत्तर में- भूखण्ड क्रमांक 07 का शेषभाग, एवं दक्षिण में- भूखण्ड क्रमांक 08 स्थित हैं। उक्त संपत्ति बबलु बैरागी पिता विष्णुदास बैरागी, विष्णुदास बैरागी पिता बालुदास बैरागी एवं पवन बाई पति श्री विष्णुदास बैरागी ने इसके पूर्वस्वामी सुनिल चैहान पिता स्व. कन्हैयालाल जी चौहान से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022018 ए 1801751 दिनांक 13/12/2018 के माध्यम से क्रय कि। एवं विष्णुदास बैरागी का स्वर्गवास दिनांक 01/08/2026 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी पवन बाई, बबलु एवं विशाल हुये तथा पवन बाई आदि ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु वंडर होम फायनेंस लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढ़ी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर वंडर होम फायनेंस लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार वंडर होम फायनेंस लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

Court Of Civil Judge, Junior Division, Susner, District Agar Malwa Presiding Officer:
**सुश्री वंशिता गुप्ता**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(RCS A/0000083/2026)
**मंजू जैन... वादी**
**Vs**
**सर्वसाधारण जनता---- प्रतिवादी**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 23/09/2026**

**प्रेषिती**

(1) सर्वसाधारण जनता पता- सुसनेर जिला आगर मालवा (म.प्र.)

यह कि प्रार्थी मंजू जैन ने आपके विरुद्ध वाद वास्ते घोषणात्क डिक्री हेतु अंतर्गत धारा 34 विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम एवं धारा 111 भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 22 अगस्त 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(सुश्री वंशिता गुप्ता)**
**व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, सुसनेर जिला आगर-मालवा (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# नेपाल में बाढ़ से तबाही, 100 की मौत, 1000 हजार लापता

## 133 भारतीय लापता, कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जा रहे थे

**काठमांडू।** नेपाल-तिब्बत बॉर्डर पर बुधवार सुबह अचानक आई बाढ़ ने नेपाल के रसुवा जिले में भारी तबाही मचा दी। सुबह 9 बजे तिब्बत की दिशा से भोटेकोशी नदी में अचानक पानी का तेज बहाव आया जिसमें कई इलाके चपेट में आ गए।

नेपाल पुलिस के मुताबिक, अब तक 95 लोगों के मौत की खबर है। नेपाल के पर्यटन विभाग के मुताबिक 1000 से ज्यादा लोगों का पता नहीं चल रहा है। इनमें 133 भारतीय समेत 300 से ज्यादा विदेशी पर्यटक हैं। नेपाली अधिकारियों के मुताबिक एक बार फिर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि जिस ग्लेशियल झील के फटने से अचानक बाढ़ आई थी, वहां अभी भी करीब 7 मीटर ऊंचा पानी का बांध बना हुआ है। यह कभी भी टूट सकता है। तिब्बत-चीन सीमा पर ग्यिरोंग पोर्ट के इमिग्रेशन कॉम्प्लेक्स में लोग खतरे को देखकर भागते नजर आ रहे हैं। अचानक आई बाढ़ के दौरान मिट्टी और पानी का तेज बहाव घुसता हुआ। पानी इमिग्रेशन कॉम्पलेक्स के ऊपर से आता हुआ दिख रहा है। बाढ़ का पानी इतनी तेज रफ्तार से आया कि लोगों को संभलने और सुरक्षित जगह पहुंचने तक का मौका नहीं मिला। बाढ़ का पानी इतनी तेज रफ्तार से आया कि लोगों को संभलने और सुरक्षित जगह पहुंचने तक का मौका नहीं मिला। यूपी में बुधवार सुबह से गाजियाबाद और झांसी समेत 35 शहरों में रुक-रुक कर बारिश हुई। कानपुर में देर रात साढ़े 12 बजे से दोपहर एक बजे तक तेज बारिश हुई। सड़कें-गलियां तालाब बन गईं। पानी घरों और दुकानों में घुस गया। रोड पर 5 फीट गहरा गड्ढा हो गया। अपर श्रमायुक्त कार्यालय जलमग्न हो गया। लखनऊ में शाम 4 बजे से जोरदार बारिश हुई। तेज बारिश के चलते दिन में ही अंधेरा छा गया। कई इलाकों में विजिबिलिटी बेहद कम हो गई। महोबा के जिला अस्पताल में पानी भर गया। इमरजेंसी वार्ड की छत से पानी टपकने लगा।
















### यूपी बहकर आए नेपाल से 5 हाथी

महराजगंज-कुशीनगर में बाड़ का हाईअलर्ट; पुलिसवाले अनाउंस कर रहे- सामान समेट लीजिए नेपाल में बाड से तबाही मची है। इसका असर यूपी पर भी पडेगा। गुरू योगी ने नेपाल सीमा से सटे महराजगंज और कुशीनगर को हार्टअलर्ट किया है। बैराज से सभी 36 गेट खोल दिए जाने से गंडक नदी का जल स्तर तेजी से बड रहा है। रात तक दोनों जिलों में बाड आने का खतरा है। दोनों जिलों के और समेत अन्य अधिकारी फील्ड में उतर गए हैं। सायरन बजाकर गांव वालों को सचेत किया जा रहा है। पुलिसवाले भी लोगों को नदी किनारे न जाने और घर से कीमती चीजों को समेटने के लिए कह रहे हैं। महरागंज में सोहगीबरवा, शिकारपुर, भोथहा गांव में बाड का खतरा है। तीनों गांव की आबादी करीब 15 हजार है। डीएम ने हेल्पलाइन 05523-222162, 9628819145, 9621333537 जारी की है। कुशीनगर में लगभग 50 हजार की आबादी प्रभावित हो सकती है। इधर, बहराइच में नेपाल की ओर से तेज बहाव में बहकर 5 जंगली हाथी घाघरा बैराज पहुंच गए। झुंड में 2 बच्चे भी थे। सूचना पर वन विभाग और सिंचाई विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पानी का बहाव कम करने के लिए बैराज के गेट बंद किए गए।

### बाढ़ की वजह क्या?

शुरुआती वैज्ञानिक आकलन के मुताबिक, हेंदे नदी में बर्फ और पत्थरों का बड़ा हिस्सा गिरा, जिससे नदी का रास्ता रुक गया और पानी जमा होने लगा। बाद में यह रुकावट टूट गई और जमा पानी तेज रफ्तार से नीचे बहा, जिससे अचानक फ्लैश फ्लड आ गई। ग्लेशियल झील फटन की संभावना की भी जांच की जा रही है। उस समय रसुवा में तेज बारिश नहीं हुई थी। हालांकि इसकी वजह भूकंप भी बताई जा रही है। सुबह 8:37 बजे 4.4 तीव्रता का भूकंप आया था। इसलिए इसके संबंध की जांच हो रही है। बाढ़ का असर रसुवा से नुवाकोट, धादिंग होते हुए चितवन तक देखा गया।

## ओवरटेक करते समय ट्रेलर से भिड़ी बस, 3 की मौत

**उदयपुर।** उदयपुर जिले में बुधवार शाम 4 बजे सवारियों से भरी तेज रफ्तार प्राइवेट बस ओवरटेक करते समय ट्रेलर से भिड़ गई। हादसे में 3 सवारियों की मौत हो गई और 10 यात्री घायल हो गए। इनमें से 3 की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा इतना भीषण था कि बस की छत और कंडक्टर साइड का पूरा हिस्सा उखड़ गया। बस की सीटें टूटकर सड़क पर बिखर गई। बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद हाईवे पर 1 घंटे तक जाम लगा रहा। हादसा नेशनल हाईवे-48 पर मेनार डाक बंगला के पास हुआ। उदयपुर के खेरोदा थाना क्षेत्र में बुधवार को सवारियों से भरी प्राइवेट बस ओवरटेक करते हुए ट्रेलर से भिड़ गई। खेरोदा थानाधिकारी परमेश्वर पाटीदार ने बताया- करीब 35 यात्रियों से भरी बस चित्तौड़गढ़ के मंगलवाड़ से उदयपुर की तरफ आ रही थी। मेनार डाक बंगले के सामने तेज रफ्तार बस ओवरटेक करने के चक्कर में आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में 3 सवारियों की मौत हो गई। मरने वाले 2 लोगों की पहचान बंशीलाल टेलर निवासी पहाड़ा (उदयपुर), भगवान लाल डांगी निवासी शोभागपुरा (उदयपुर) के रूप में हुई है। एक महिला की भी मौत हुई है, जिसकी अभी पहचान नहीं हुई है।

## लाखों श्रीफल से होगा सामूहिक महाअर्द्धय

**इंदौर।** संत शिरोमणि प.पू. विद्यासागर म.सा. के परम प्रभावक शिष्य और राष्ट्रसंत मुनि पुंगव प.पू. श्री सुधासागर महाराज संसघ के पावन सानिध्य में शहर के सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से पहली बार लाखो श्रीफल (नारियल) से सामूहिक महाअर्धय समर्पित कर रक्षाबंधन महामहोत्सव का ऐतिहासिक जश्न शुक्रवार 28 अगस्त को दलाल बाग परिसर में आयोजित होगा। इसे श्रमण संस्कृति रक्षा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान शहर के प्रत्येक सौभाग्यशाली जैन परिवार विधान मे700 श्रीफल समर्पित करेंगे। श्रीफल की यह कुल संख्या लाखो से अधिक होगी। इसके पूर्व कभी भी शहर में इस तरह के रक्षाबंधन विधान महामहोत्सव का विशाल आयोजन नहीं हुआ है। सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति की ओर से चक्रवर्ती आकाश दिपीका कोल शिवानी-नवीन गोधा, तृप्ति-हर्ष जैन, सपना-मनीष गोधा, अंतिका-आनंद गोधा ने बताया कि महोत्सव में शुक्रवार को सुबह 6 बजे से श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा एवं राष्ट्रसंत के पाद प्रक्षालन, 6.30 बजे से मंगलाचरण, रक्षाबंधन पूजन एवं 7 बजे से सामूहिक रक्षाबंधन विधान का अनूठा आयोजन होगा। सुबह 8.45 बजे से धर्म संस्कृति की रक्षा और श्रावक के कर्तव्य पर राष्ट्रसंत के विशेष प्रवचन होंगे।

## अहिरवार समाज के लोग दबंगों के आतंक से परेशान

**गुना।** जिले की गुना ग्रामीण तहसील और कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इमझरा में अहिरवार समाज के लोग दबंगों के आतंक से भारी परेशान हैं। ऐसे में सभी लोग अपने खेतों पर रहकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। उनके पुराने घरों को गिराकर गांव के ही दबंग व्यक्ति ने खेत और पक्का मकान बना लिया है, किंतु जिला प्रशासन उक्त अतिक्रमणकारी को हटाने में नाकाम साबित हो रहा है। पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर और एसपी को कई बार आवेदन दिए, किंतु उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। ऐसे में उन्हें अब कभी भी कोई बड़ी घटना का अंदेशा लग रहा है। मंगलवार को एसपी हितिका वासल की जनसुनवाई में पहुंचे भागीरथ, मांगीलाल, गणेशराम, भैरोंलाल, लल्लू, कृपाण, और शंकरलाल अहिरवार निवासी इमझरा ने बताया कि उनके पूर्वजों की भूमि सर्वे क्रमांक 420/1/2, 420/1/1, 422, 420/2, 446/530 आदि पर सरनाम सिंह रघुवंशी पुत्र आनंद सिंह एवं उसके पुत्र मनोज रघुवंशी और विनोद रघुवंशी ने पुराने कच्चे मकान गिराकर कथित रूप से कब्जा कर लिया है। आवेदकों का आरोप है कि कब्जे का विरोध करने पर उन्हें आए दिन गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करता है।

## आरोन में निकली भव्य कावड़ यात्रा, देवपुर धाम के लिए रवाना

**गुना।** आरोन सावन मास की पावन अवसर पर आरोन के शंकादिक आश्रम से देवपुर धाम स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर के लिए भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई। आरोन के मुख्य मार्गो से भव्य कावड़ यात्रा निकाली जहां कई श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्वागत किया और कांवडियों को फल खिचड़ी खीर से कावड़ियों को सल्फाहार कराया। इस दौरान पत्रकार संघ ने पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया एवं केले और पानी की प्रसादी वितरण भी की। कावड़ यात्रा में बड़े स्तर पर शिव भक्त शामिल हुए। शिव भक्त हर हर महादेव और बोल बम के जय घोष के साथ करीब 40 किलोमीटर की यात्रा पर रवाना हुए कावड़ी नंगे पैर पवित्र जल लेकर देवपुर धाम विश्वनाथ मंदिर पहुंच कर बाबा का जल अभिषेक करेंगे।

## सुदामा कॉलोनी में मंदिर जा रही मां बेटियों पर लाठी से हमला

**गुना।** शहर के सुदामा कॉलोनी से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया गया है कि शाम को मंदिर में दीपक जलाने जा रही 20 वर्षीय लड़की और उसकी 7 साल की छोटी बहन और उसकी मां पर मोहल्ले के ही एक युवक ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में पूनम शर्मा नाम की लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिनके सिर में 7 से 8 टांके आए हैं। वहीं जब उसकी मां बचाने आई तो उस पर भी हमला किया साथ में सिद्धि शर्मा नाम की 7 साल की बच्ची को भी चोटें आई हैं। उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार के अनुसार पूनम शर्मा अपनी छोटी बहन सिद्धि शर्मा के साथ शाम करीब 7 बजे मंदिर में दीया जलाने जा रही थीं। तभी मोहल्ले का ही रहने वाला कृष्णा कुशवाहा नाम का युवक वहां पहुंचा और अचानक हमला कर दिया।

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण और बिजली बिलों पर जताया विरोध




**उज्जैन।** बढ़ती महंगाई, पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण से वाहनों को होने वाली कथित परेशानी, शक्कर के बढ़ते दाम और भारी-भरकम बिजली बिलों के विरोध में कांग्रेस ने बुधवार को शहर में प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में शास्त्री नगर और इंदिरा नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में पैदल मार्च निकालकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया।

शास्त्री नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. बबलू खींची के नेतृत्व में जयसिंहपुरा जैन मंदिर से राजीव रत्न तक पैदल मार्च निकाला। कार्यकर्ताओं ने महंगाई को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

मार्च के बाद आयोजित सभा को नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय, वीनू कुशवाहा, देवव्रत यादव, चंद्रभान सिंह चंदेल, अभिषेक लाला और संचित शर्मा ने संबोधित किया। प्रदर्शन में शिव लश्करी, वरुण शर्मा, आनंद मीणा, दुर्गेश धवन, ऋतुराज सिंह चौहान, अतुल सक्सेना, चेतन भाट, प्रतीक जैन, सोनू चौधरी, सोनू यादव, रामेश्वर कुमावत, अर्पित यादव, यश जैन, प्रकाश सोलंकी, निर्भय त्रिवेदी, रश्मि त्रिवेदी, आशीष डोंगरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का आभार जितेंद्र चौधरी ने माना। जानकारी दीपेश जैन ने दी। इंदिरा नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक अध्यक्ष आनंद मीणा के नेतृत्व में आगर रोड से पैदल मार्च निकाला। मार्च हिंदुस्तान पेट्रोलियम पंप पर पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने धरना दिया।धरने को शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, राजेश सिंह राणा, चैन सिंह चौधरी और अभिषेक लाला ने संबोधित किया।

## रक्षाबंधन पर सब जेल में होगी खुली मुलाकात

**शुजालपुर।** रक्षाबंधन के अवसर पर 28 अगस्त को सब जेल शुजालपुर में निरुद्ध बंदियों और उनके परिजनों के बीच खुली मुलाकात कराई जाएगी। जेल मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जेल प्रशासन ने मुलाकातियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। खुली मुलाकात के लिए नाम दर्ज कराने का समय सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। परिजनों को आधार कार्ड के माध्यम से अपना नाम दर्ज कराना होगा।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री प्रकाशचन्द्र पिता स्व. विश्वनाथ व्यास निवासी-04, कालिदास मार्ग, वर्कशाप के पीछे, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड / भवन क्रमांक 04 (नवीन म्युनिसिपल क्रमांक-2/4) स्थित कालिदास मार्ग, गली क्रमांक-15, वर्कशाप के पीछे, उज्जैन (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित क्रय करने का अनुबंध संपत्ति स्वामी से किया होकर टोकन बयाना राशि प्रदान कर दी है तथा अब शेष राशि अदा करते हुए केवल विक्रय पत्र का संपादन, निष्पादन व पंजीयन करवाना शेष है। उक्त संपत्ति के मूल स्वामी श्री विश्वनाथ व्यास पिता श्री गोपीलालजी व्यास थे जिनका स्वर्गवास हो जाने तथा उनकी धर्मपत्नी मंजू उर्फ मनोरमा व्यास का भी स्वर्गवास हो जाने उपरांत उनके वैध वारिस पुत्र श्री प्रकाशचन्द्र पिता स्व. विश्वनाथ व्यास के नाम का नामांतरण नगर पालिका निगम उज्जैन में विधिवत सूचना पत्र प्रकरण क्रं-779/04/7 पीटी दिनांक 15.09.2004 अनुसार हो चुका है। अतः यदि उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध मे किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पूर्व से किसी के पास रहन, बय, गिरवी रखी हो या उपरोक्त वर्णित संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, अधिकार हो तो अपनी आपत्ति सप्रमाण विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे प्रस्तुत करे ताकी उसका निराकरण किया जा सकेगा। बाद मियाद इस संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लेवेगा। सूचित हो।

दिनांक-26/08/2026

**संजयसिंह तोमर, एडव्होकेट**
**नवीन न्यायालय परिसर, उज्जैन मो.9981134455**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मकान नगर पालिक निगम क्रमांक 37/1 स्थित रामप्रसाद भार्गव मार्ग, उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 3000 वर्गफीट है जिसके पूर्व दिशा में मकान भार्गव साहब का एवं कामन पैसेज, पश्चिम दिशा में - मकान आबिद भाई आदि का, उत्तर दिशा में मकान भाईव साहब का एवं बन्द गली, दक्षिण दिशा में मकान हातिम भाई का है को 1- श्रीमती बानो पति श्री जाकिर हुसैन रस्सीवाला, निवासी फ्लेट नम्बर 11, तीसरा माला, अहमद मेंशन, ऑर्थर बंदर रोड, कुलाबा, मुम्बई (महाराष्ट्र), 2- कासिम पिता श्री तैय्यब अली जिनवाला, निवासी मुम्बई (महाराष्ट्र) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि मे उपरोक्त मकान का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है। अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो तथा किसी व्यक्ति को दान, हिबा की हुई हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति आदि के पास गिरवी रखे हो अथवा कोई न्यायालयीन वाद विचाराधिन हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति का अनुबंध पत्र अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी। इति दिनांक 27-08-2026

स्थान - उज्जैन

**हुसैन मलोलावाला एडवोकेट**
**डीएफ-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**फोन. 9826534221, 8839920862**

### पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल

**ई- निविदा सूचना**

• **निविदा सूचना संख्या:** M247 MECH_TENDER 26-27_13 • **कार्य का नाम:** DHTC प्रकार के 8-व्हीलर टावर वैगन में उपलब्ध Faiveley निर्मित ट्रेड ब्रेक यूनिट (TBU) का ओवरहॉलिंग कार्य, मात्रा – 02 कोच • **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 माह • **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹9,15,138.88/- • **अर्नेस्ट मनी:** ₹18,300.00/- • **निविदा जमा करने एवं खोलने की तिथि व समय:** 15/09/2026 को 15:00 बजे से पहले जमा करनी होगी तथा उसी दिन 15:30 बजे खोली जाएगी • **वेबसाइट:** www.ireps.gov.in कार्यालय, मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप, पश्चिम रेलवे, पारेल, फ्रीलैंडगंज, दाहोद – 389160 • **अनिवार्य एवं संबंधित दस्तावेज:** निविदाकार को निविदा के साथ Annexure-V(A), यदि लागू हो, तथा निविदा प्रस्तुत करने के प्राधिकरण से संबंधित दस्तावेज और GCC के Part-1 के पैरा 15 एवं पैरा 18 तथा निविदा दस्तावेज में निर्धारित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे • **अस्वीकृति की शर्त:** अनिवार्य एवं संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां प्रस्तुत नहीं करने पर बोली को सीधे अस्वीकार कर दिया जाएगा

CRY/222

Like us on: facebook.com/WesternRly

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मांगीलाल पिता हीरालाल जी जाट निवासी ग्राम घुड़ावन तहसील बड़नगर जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रमांक 82/1 रकबा 2.47 हेक्टेयर स्थित ग्राम घुड़ावन तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) को मय तल व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा उक्त भूमि स्वामियों से बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा अब विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे सबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक 27/08/2026 उज्जैन

**दीपक कछवाय ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**कार्यालय पता 131 विद्यापति नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन**
**मो. 9074671223**

**दिनांक 25.8.2026 को नरविन्द्र पालसिंह पिता शेरसिंह द्वारा दैनिक अवंतिका समाचार पत्र में प्रकाशित जाहिर सूचना का खंडन**

मेरे पक्षकार शेरसिंह, ओछप कुंवर व कृष्णपालसिंह निवासी - ग्राम रुणजी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के द्वारा मुझ अधिवक्ता को जाहिर सूचना प्रकाशन दिनाँक 25/08/2026 के खण्डन हेतु नियुक्त व निर्देशित किया गया है। उनसे प्राप्त जानकारी व माहेती अनुसार खण्डन जाहिर सूचना का किया जाता है कि आप महोदय नरविन्द्र पाल सिंह द्वारा पिता श्री शेरसिंह को मेरे पक्षकारगण कि कृषि भूमियों के संबंध में जाहिर सुचना प्रकाशित करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं है। आप महोदय सार्वजनिक रूप से मेरे पक्षकारगण के स्वामित्व व आधिपत्य कि कृषि भूमियों को किसी भी रूप में विक्रय करने से या अन्य किसी माध्यम से अंतरण करने से नहीं रोक सकते है। आप महोदय ने प्रकाशन के माध्यम सेजो मेरे पक्षकारण कि कृषि भूमियों को बाधित करने का कुप्रयास किया है, वह वैधानिक एवम् नैतिक साथ से कोई औचित्य नही रखता है। आप महोदय को मेरे पक्षकार श्री शेरसिंह द्वारा मानवता दिखाकर अपने जीवनकाल में अपने नाम कृषि भूमि का बटवारा, हिस्से, हक व स्वत्व अनुसार वर्षों पहले विधिवत करके, आप महोदय के नाम राजस्व रिकार्ड में कृषि भूमि दर्ज कर दी है आप महोदय अनैतिक दबाव बना कर भय दिखाकर मेरे पक्षकारगण कि अपधनी कर उन्हें परेशान व प्रताड़ित कर रहे है, आप महोदय का क्रत्य अव्यवहारिक होकर दुर्भावना पूर्वक है, मेरे पक्षकाराण आपके उपरोक्त कृत्य के विरुद्ध योग्य एवम् वैधानिक कार्यवाही करने जा रहा है। जिसके परिणाम का दायित्व आप का रहेगाँ, आपके द्वारा प्रकाशित जाहिर सुचना मेरे पक्षकारगण के विरुद्ध असत्य, बेबुनियाद, निराधार होकर मेरे पक्षकारगण उसका पूरी तरह से खण्डन करते हैं। सो सुचित हो ।

**मिश्रीलाल चौधरी**

# मंगलवार की रात मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित, कलेक्टर ने देर रात लिया जायजा; शिवना नदी का बढ़ा जलस्तर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



तेज बारिश की वजह से मीड इंडिया अंडर ब्रिज में पानी भर गया जिससे क्षेत्र नागरिकों को परेशानी हुई।

जिले में मंगलवार की रात मौसम ने अचानक करवट ली और मन्दसौर शहर सहित आसपास के विभिन्न अंचलों में भीषण मूसलाधार बारिश दर्ज की गई। शहर लगभग डेढ़ से दो घंटे तक करीब साढ़े तीन इंच हुई इस तेज वर्षा को इस सीजन की अब तक की सबसे भीषण बारिश माना जा रहा है। बारिश के कारण शहर की प्रमुख सड़कों पर पानी भर गया और देखते ही देखते कई सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं। जलभराव की वजह से वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हुई और कई घरों तथा दुकानों में पानी घुस जाने से आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि बुधवार को दिन भर बादल रहे लेकिन बुंदाबुदी हुई।

मंगलवार की रात इस अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए जिला कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने मध्य रात्रि में ही मोर्चे पर उतरकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने शहर के धानमंडी सहित कई संवेदनशील जलभराव वाले क्षेत्रों का पैदल भ्रमण किया और स्थानीय नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। नगर पालिका प्रशासन भी हरकत में आया और शहर के प्रमुख बिंदुओं पर चार बड़े वाटर पंप चालू किए गए। इन पंपों के माध्यम से सड़कों एवं रिहायशी इलाकों में जमा पानी को तेजी से निकालकर शिवना नदी में प्रवाहित किया गया। शिवना में पानी की आवक बढ़ने से कालाभाटा बांध के गेट खोले गये। वहीं तेलिया तालाब में भी पानी की आवक तेजी से बढ़ी है। भू-संसाधन प्रबंधन विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान मन्दसौर जिले में औसतन 42.3 मि.मी. बारिश दर्ज की गई। जारी आंकड़ों के मुताबिक मन्दसौर शहर में सर्वाधिक 90 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा धुंधड़का में 77 मि.मी., मल्हारगढ़ में 63 मि.मी., सीतामऊ में 37.4 मि.मी., भावगढ़ में 36 मि.मी., सुवासरा में 33 मि.मी., कयामपुर में 32 मि.मी., शामगढ़ में 27.4 मि.मी., गरोठ में 26 मि.मी., भानपुरा में 25.8 मि.मी. और संजीत में 18 मि.मी. बारिश दर्ज हुई है। इस सीजन में 1 जून से अब तक जिले में कुल 578.1 मि.मी. (22.76 इंच) औसत वर्षा हो चुकी है, जबकि जिले की वार्षिक औसत वर्षा 826.5 मि.मी. है। इसके साथ ही प्रसिद्ध गांधीसागर बांध का जलस्तर भी बढ़कर 1299.57 फीट पर पहुंच गया है।

## न्यूज-कॉलम

### शिवना तट पर कल गायत्री परिवार मनाएगा श्रावणी पर्व

**मंदसौर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावणी पर्व भारतीय संस्कृति के महत्वपूर्ण महापर्व के रूप में प्रातः 8 बजे भगवान पशुपतिनाथ के शिवना तट पर मनाया जाएगा। इसके पश्चात पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ कालाखेत पर संपन्न होगा, जिसमें यज्ञोपवीत परिवर्तन कराने के साथ ही श्रद्धालुओं को संकल्प दिलाया जाएगा। गायत्री परिवार के व्यवस्थापक पन्नालाल मालवीय ने बताया कि देव संस्कृति की स्थापना और प्रत्येक संस्कार को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। वैदिक पद्धति के इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं को 28 अगस्त को प्रातः 8 बजे शिवना तट पर उपस्थित रहने का आह्वान किया गया है।

### राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप में चार खिलाड़ियों ने जीते पदक

**मंदसौर।** सागर में आयोजित १०वीं कैडेट एवं 38वीं जूनियर व सीनियर मध्य प्रदेश राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026 में मंदसौर की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार कांस्य पदक अपने नाम किए हैं। इस प्रतियोगिता में टीम मंदसौर के खिलाड़ी अभयजीत सिंह देवड़ा, अंशुल राठौड़, सानिध्या गवरिया और शिवांश कुमावत ने अपने-अपने भार वर्ग में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किए और जिले का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इस सफलता पर मंदसौर जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव नीलेश सोनी तथा टीम के कोच आदित्य चनाल ने सभी पदक विजेताओं को बधाई दी।

### संस्कृत के प्रचार-प्रसार हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**मंदसौर।** संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत श्री दक्षिणेश्वरी ज्योतिष योग साधना संस्था द्वारा श्री पशुपतिनाथ संस्कृत पाठशाला में आदि देववाणी संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए 25 अगस्त से 31 अगस्त तक विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में 25 अगस्त को श्री पशुपतिनाथ मंदिर प्रांगण से संस्कृत प्रचार यात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया। श्री पशुपतिनाथ संस्कृत पाठशाला के पूज्य आचार्य विष्णु ज्ञानी ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 26 अगस्त को बटुकों द्वारा श्री शुक्ल यजुर्वेद माध्यन्दिन संहिता का सस्वर पारायण किया गया। इसके बाद 27 अगस्त को उपाकर्म का आयोजन हुआ तथा 28 अगस्त को बटुकों एवं विद्यार्थियों के लिए श्लोक अन्त्याक्षरी एवं निबंध लेखन जैसी विविध शैक्षणिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

### भगवान चौमुखा महादेव का अभिषेक पूर्ण

**रतलाम।** श्रावण मास के पावन अवसर पर बागड़ो का वास स्थित श्री चौमुखा महादेव मंदिर में सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति द्वारा आयोजित विशेष अभिषेक, आरती एवं प्रसादी का आयोजन पूर्ण आस्था और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर रतलाम में चातुर्मास कर रहे निवार्णी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर 1008 स्वामी श्री विशोकानंद जी महाराज एवं महा मंडलेश्वर स्वामी श्री देवस्वरूपानंद जी महाराज का विशेष सान्निध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। भगवान चौमुखा महादेव का विशेष अभिषेक युवा समाजसेवी एवं भाजपा नेता श्री मदन सोनी ने सपरिवार विधि-विधान एवं श्रद्धा भाव के साथ संपन्न किया। अभिषेक के पश्चात भगवान शिव की आरती की गई तथा उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी का धर्मलाभ लिया।

### जश्ने ईद मिलाद-उन-नबी का जुलूस निकला

**नीमच।** कल शहर में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे विलादत (ईद मिलाद-उन-नबी) के अवसर पर निकाला गया जुलूस-ए-मोहम्मदी पूरी अकीदत और शांति के साथ संपन्न हुआ। इस सफल और ऐतिहासिक आयोजन के लिए अंजुमन मिल्लते कमेटी और प्रबुद्ध नागरिकों ने संयुक्त रूप से प्रशासन और सभी समाज के लोगों का धन्यवाद व्यक्त किया है।

## भाजपा का रक्षाबंधन महोत्सव

# बहनों ने भाजपा जिलाध्यक्ष को राखी बांधकर लिया रक्षा का वचन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के आव्हान पर भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को रक्षाबंधन महोत्सव का भव्य आयोजन किया। इसमें उपस्थित बहनों ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय एवं अतिथिगणों को राखी बांधी और रक्षा का वचन लिया। भाईयों ने बहनों को रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का वचन दिया।

महोत्सव में सांसद अनिता चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष, उनकी धर्मपत्नी नीतू उपाध्याय, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी सहित भाजपा के जिला, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं असंख्य कार्यकर्तागण मौजूद रहें।

आरंभ में जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय ने स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति त्यौहारों से समृद्ध है और इसमें हर त्यौहार का अपना महत्व है। रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन मुख्यमंत्री के आव्हान पर किया गया है और इससे हमारी संस्कृति का विकास होगा। संस्कृति के बिना विकास संभव नहीं है। राखी, होली व दीपावली के त्यौहार रिश्तों को निभाने का संदेश देते है। इन त्यौहारों के मूल अर्थ को समझ कर सभी समाज के विकास में अपना योगदान दें और अपने मन, परिवार और समाज में आनंद, उत्सव के साथ समृद्धि का माहौल बनाए।

सांसद श्रीमती चौहान ने रक्षाबंधन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए भाई-बहनों के अटूट प्रेम के प्रतीक इस पर्व को यादगार बताया।



# नीमच में रक्षाबंधन की रौनक, राखी बाजार सजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

शहर में विभिन्न त्योहारों पर टैगोर मार्ग पर सजने वाले बाजार टैगोर मार्ग पर रक्षाबंधन त्यौहार को लेकर राखी का बाजार सज गया है। एक सप्ताह से अधिक समय से इसकी शुरूआत हुई जो आप पूरी रौनक पर है।

28 अगस्त को होने वाले भाई-बहन के त्यौहार रक्षाबंधन की खरीदी को लेकर शहर के बाजार में रौनक बढ़ गई है। यूं तो त्यौहारों की रौनक पूरे शहर में दिखाई देती है लेकिन विशेष रूप से तिलक मार्ग घंटाघर से लेकर टैगोर मार्ग पर राखी बाजार में कुछ अधिक रौनक है जहां राखी का बाजार सजा है जहां भाई-बहन रक्षाबंधन के लिए राखियां और अन्य सामग्री खरीद रहे हैं। इस बाजार में 10 से लेकर 100 और 200 तक की राखियां उपलब्ध है जो अपनी रुचि और अमर के अनुसार रक्षाबंधन पर्व के लिए खरीद रहे हैं।

अन्य सजावट के समान सहित नारियल प्रसाद और सजावट सामग्री की भी खरीदी की जा रही है। बाजार में उपलब्ध राखियां हर वर्ग हेतु उपलब्ध हैं।



# मुस्लिम धर्मावलंबियों ने पैगम्बर हजरत मोहम्मद का जन्म दिन मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी

ईद मिला दुन्नबी का जलसा अंजुमन से निकल कर फाटक मोहल्ला स्थित सदर एम सय्यद मंसूरी के निवास तक पहुंचा जलसे में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के रूप में मनाया इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष सरफराज मेव के निवास स्थान पर जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा, मंडलम अध्यक्ष विष्णु फरक्या, पूर्व अध्यक्ष दिनेश गुप्ता काचरिया, राजीवगांधी पंचायती राज के नगर अध्यक्ष भेरुप्पू गुर्जर, एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश रोतिया, अनिल मुलासिया आदि ने मौलाना को पुष्पमाला पहनाकर मुबारकबाद दी एवं जलसे में मौजूद मुस्लिम धर्मावलंबियों का पुष्प बरसा कर स्वागत कर शुभकामनाएं दी इस मौके पर जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने कहा कि यह दिन केवल जश्न मनाने का ही नही बल्कि पैगम्बर मोहम्मद साहब के जीवन ओर आदर्शों दया,व इंसानियत के संदेश को याद करना है। शर्मा ने कहा कि यह पर्व प्रेम,शांति,भाईचारे व मानवता का प्रतीक माना जाता है।

# ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में कांग्रेस पार्षद की मौत

**रतलाम।** ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में शामिल कांग्रेस पार्षद नासिर कुरैशी की बुधवार को मौत हो गई। वे वार्ड नंबर 47 से कांग्रेस पार्षद थे। जुलूस के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें ऑटो रिक्शा से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, नासिर कुरैशी ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में पैदल शामिल थे। वे भाजपा और कांग्रेस नेताओं के साथ महलवाड़ा से नगर निगम की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें अचानक घबराहट हुई और तबीयत बिगड़ गई। डॉक्टर्स ने डीजे के शोर से हार्ट अटैक की आशंका जताई है। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम समाज की ओर से बुधवार सुबह करीब 8.30 बजे आबकारी चौराहे से जुलूस निकाला।



# रामदेवरा पदयात्रियों की सेवा के लिए मंदसौर में संचालित हो रहा राम रसोड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

बाबा रामदेवजी के दर्शन हेतु रामदेवरा की पैदल यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए मंदसौर में एसपी बंगले के पास, नमो गार्डन के बाहर श्राम रसोड़ा का आयोजन किया जा रहा है। प्रभु कृपा से प्रभु इच्छा तकरू के ध्येय वाक्य के साथ समाजसेवी जिनेन्द्र जैन (जैनु) द्वारा 18 अगस्त से शुरू किया गया यह सेवा प्रकल्प 1 सितंबर तक निरंतर जारी रहेगा, जहां प्रतिदिन लगभग 1 हजार पदयात्री प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं।

राम रसोड़े में सुबह 6 से 10 बजे तक पौष्टिक नाश्ते तथा प्रातः 11 से रात्रि 9 बजे तक अनवरत सात्विक भोजन की व्यवस्था की गई है। यहाँ पदयात्रियों को आदरपूर्वक टेबल-कुर्सियों पर बिठाकर पारंपरिक पत्तल-दोने में भोजन कराया जाता है। भोजन के साथ-साथ लंबी पैदल यात्रा से थके हुए यात्रियों के विश्राम तथा उनके पैरों की मालिश के लिए तेल की व्यवस्था भी की गई है। इस धार्मिक एवं सामाजिक समरसता के केंद्र में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# गांधीनगर में नाले किनारे रखी बंद गुमटियां हटाई

**नीमच।** नगरपालिका ने मंगलवार को शहर मे फिर आती क्रमांक के खिलाफ मुहिम चलाइ गई द्य शहर के गाँधीनगर व जवाहर नगर क्षेत्र म अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई । नपा द्वारा गांधीनगर में नाले के किनारे लंबे समय से रखी बंद गुमटियां हटाकर पुरानी नगरपालिका पहुंचाई गई द्य जानकारी मिली थी कि इस क्षेत्र में सरकारी जमीन को अवैध रूप से खरीदने-बेचने का काम किया जा रहा था द्य यहाँ के अतिक्रमण को भी हटाकर जमीन मुक्त कराई गई। टीम ने नाले के पास अतिक्रमण की नीयत से रखी गई बंद गुमटियों को हटाया। इसके बाद टीम जवाहर नगर पहुंची। यहां गाडियों के भंगार, पुराने कबाड़ और अन्य अनुपयोगी सामग्री डालकर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया तथा सामग्री जब्त की गई। सीएमओ दुर्गा बामनिया ने कहा कि शासकीय जमीन की खरीद फरोख्त के नाम पर लोग आर्थिक नुकसान से बचें। उन्होंने अतिक्रमणकर्ताओं को चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर भारी जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। शहर के प्रमुख मार्गों पर भी सड़क पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

# यूजीसी रोलबैक हेतु सवर्ण समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



मंगलवार 25 अगस्त को सवर्ण समाज जिला नीमच के प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सोपा गया द्य जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के प्रतिनिधि तहसीलदार श्री सिसोदिया को एक ज्ञापन सोपा गया द्य जिसमें देश में यूजीसी कानून के खिलाफ हो रहे दिल्ली सहित अन्य शहरों में प्रदर्शन का समर्थन करते हुए सवर्ण समाज पर यूजीसी जैसे पीड़ादायक काले कानून से व्याप्त आक्रोश व्यक्त किया गया ।

प्रतिनिधि मंडल ने इस काले कानून सहीत आरक्षण, यू.जी.सी. एस.सी.एस.टी. जैसे अत्याचारी कानूनों को भी भारत देश में देशभक्त सनातनी, सवर्ण हिन्दू समाज को प्रताड़ित करने वाला बताया हैं द्य भारत में समान नागरिक संहिता का मजाक बनाने जैसा लगता है। भारत सरकार सबका साथ-सबका विकास की घुट्टी पिलाकर सवर्ण समाज को गुमराह करने का काम कर रही है।आरक्षण जातिगत नहीं होकर हर जाति वर्ग के लिए लागू किये जाने की मांग की गयी ।

देश के प्रधानमंत्री से सवर्ण समाज के संरक्षण की बात करते हुए मांग की है, कि आरक्षण को, यूजीसी, एस.सी., एस.टी. तीनों ही काले कानूनों को समाप्त करें। देश में भेदभाव व जातिगत आरक्षण, यूजीसी जैसे भयानक, क्रूर व अत्याचारी कानूनों को समाप्त किया जावे। सवर्ण समाज की युवा पीढ़ी में भी भारी असंतोष व्याप्त हो रहा है द्य जो भविष्य मे देश में अराजकता औरजातिगत संघर्ष को जन्म दे सकता है।

ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधि मंडल मे गिरिराज सिंह रूपपुरा,पुरुषोत्तम शर्मा, अक्षयराज सिंह, जीवन कोशिक, तेजसिंह बापू, अभिषेक पुरोहित ,दिनेश शर्मा, अक्षत शर्मा, लक्ष्मण सिंह,अनमोल मेहता, कृष्णपाल सिंह, नेपाल सिंह,बालकृष्ण पारेख, रघुवीर दास,विमल शर्मा, दिलीप शर्मा, दिलीप पुरोहित आदि सहित बड़ी संख्या मे सर्व सवर्ण समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे द्य ज्ञापन के अंत में देश के प्रधानमंत्री मोदी जी से इन सवर्ण समाज विरोधी कानून पर पुनः विचार इस कानून को वापस लेकर आरक्षण को भी आर्थिक आधार पर लागू करने की बात कही गई है। साथ ही जंतर-मंतर पर सवर्ण समाज की मातृशक्ति, युवा वर्ग शान्तिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठे हैं, उनके उपर लाठीचार्ज और पुलिस की ज्यादती ना करने की मांग की गई हैं द्य उपस्थित सभी सवर्ण समाज प्रति निधियों ने यूजीसी रोलबैक सहित ,जय भवानी जय शिवाजी और भारत माता की जय के नारे भी लगाए ?

## न्यूज कालम



### रणजीत सिंह ने नाथ कालबेलिया समाज के पारिवारिक विवाद को सुलझाया

**पिपलिया मंडी।** 25 अगस्त को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष,ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि एवं पश्चिम रेलवे एम्पलाई यूनियन के पूर्व अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत जिले के असंगठित कामगार जो कि झंगरिया गांव निवासी कालु नाथ (कालबेलिया) के पुत्र एवं नीमच जिले के धनेरिया कला निवासी कृष्णा नाथ (कालबेलिया) की लड़की जो कि पति पत्नी के रूप में हैं एवं किसी पारिवारिक विवाद के चलते दोनों परिवारों में विवाद एवं कलह व्याप्त हो गया था। यह सब स्थिति को देखते हुए दोनों ही परिवारों के लोग पिपलिया मंडी स्थित पावागढ़ माताजी मंदिर पर उपस्थित हुए। जहां पर कुंवर शक्तावत ने दोनों ही परिवारों को समझाइए देकर और दोनों ही परिवारों में सामान्जस बिठाकर दोनों परिवारों में समझौता करवाने के साथ ही साथ दोनों ही परिवारों को सकुशल अपने-अपने घर भेजने का काम किया और संगठित कामगारों को कोर्ड कचहरी से दूर रहकर आपसी तालमेल बनाकर सामाजिक विवादों को समाज में और परिवार में बैठकर सुलझाने हेतु समझाइश दी।

### अभा पोरवाल महासभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारी का हुआ स्वागत



**पिपलिया मंडी।** अखिल भारतीय पोरवाल महासभा के हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में नवनिर्वाचित अध्यक्ष शामगढ़ निवासी श्री रमेश बंशीलाल काला,गरोठ निवासी महामंत्री श्री दिनेश चौधरी तथा सुवासरा निवासी श्री दिनेश वेद पदाधिकारियों का २६ अगस्त 2026 बुधवार को पिपलिया मंडी आगमन पर पितृ पुरुष टोडरमल जी चौराहे पर श्री टोडरमल जी को माल्यार्पण कर स्थानीय पोरवाल समाज जनों ने भव्य आतिशबाजी व पुष्प मालाओ से स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृ शक्ति सहित समाजजन उपस्थित थे।

### निनोरा में श्रावणी उपक्रम के साथ शुभारंभ होगा वेद प्रचार सप्ताह

**पिपलिया मंडी।** प्रति वर्षो अनुसार इस वर्ष भी निनोरा आर्य समाज एवं आर्य युवक परिषद के संयुक्त तत्वाधान में 28 अगस्त को महान धार्मिक त्यौहार रक्षाबंधन पर्व पर श्री राम जानकी मंदिर पर प्रातः 7 से 9 बजे श्रावणी पर्व मनाया जाएगा। उक्त जानकारी अनुसार श्रावणी उपकर्म के तहत सभी आर्य बंधु नई यज्ञोपवीत धारण कर यज्ञ कर क्षेत्र व देश के लिए सुख शांति व श्रेष्ठ वर्षा की कामना करेंगे। तत्पश्चात आगामी 4 सितंबर 2026 तक वेद प्रचार सप्ताह मनाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए पंडित शिवनारायण नागर समस्त नगर वासीयो से अपील करी है कि आधिकारिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेवे। इसी तरह पिपलिया मंडी आर्य समाज के तत्वाधान में भी आर्य समाज मंदिर पर प्रमुख श्री सत्येंद्र आर्य के मार्गदर्शन में श्रावणी पर्व एवं वेद प्रचार सप्ताह आयोजित किया जाएगा। अतः आधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेवे।

### नीमच-झालावाड़ मार्ग को स्टेट हाईवे की मंजूरी, विधायक ने जताया आभार



**नीमच।** नीमच-झालावाड़ मार्ग को स्टेट हाईवे के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव को मध्यप्रदेश कैबिनेट से स्वीकृति मिलने पर नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह का आभार व्यक्त किया। विधायक परिहार ने कहा कि इस महत्वपूर्ण मार्ग को स्टेट हाईवे का दर्जा मिलने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। सड़क की बेहतर कनेक्टिविटी से नीमच सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा व्यापारिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निरंतर सड़क एवं आधारभूत संरचनाओं के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। नीमच-झालावाड़ मार्ग की स्वीकृति क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी सौगात है।

### मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर 29 अगस्त को अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में होगा आयोजित

**रतलाम ।** शासन निर्देशानुसार सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम के तहत आयोजित किये जा रहे शिविरों के तहत 28 अगस्त शुक्रवार को रक्षा बंधन पर्व का शासकीय अवकाश होने से 29 अगस्त शनिवार को अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में शिविर का आयोजन कार्यालयीन समय में किया गया है उक्त दिवस को माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव द्वितीय जनविश्वास दौरा बालाघाट जिले में किया जाना है। अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में 29 अगस्त शनिवार को आयोजित शिविर में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री म.प्र. शासन माननीय श्री चेतन्य काश्यप, जिले के विधायकगण, महापौर प्रहलाद पटेल, जिला कलेक्टर, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, महापौर परिषद सदस्य, पार्षदगण, नगर पालिक निगम रतलाम व विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे जिसमें सी.एम. हेल्पलाईन, सामाधान ऑनलाईन एंव अन्य शिकायतो का निराकरण किया जायेगा तथा शासन निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाना है।

## चातुर्मास के दौरान जैन समाज में तप आराधना का दौर



**तराना** । स्थानीय मनमोहन पार्श्वनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर में चातुर्मास हेतु विराजित आचार्य विजय वल्लभ सुरेश्वर एवं कृपा वल्लभ विजयजी के मार्गदर्शन में समाज में तप आराधना का दौर जारी है। प्रतिदिन प्रातः स्नात्र पूजन प्रशाल केसर पूजा वासक्षेप पूजा आरती कर धर्म आराधना का लाभ समाज जन ले रहे हैं महाराज श्री की प्रेरणा से लगभग हर घर से एकासना बीयासना आयंबिल सिद्धि तप एवं एक तपस्विनी सोनल सौरभ मेहता द्वारा मासक्षमण तपस्या की जा रही है जिनका पारणा महोत्सव आज बुधवार को आयोजित किया गया।

## उदनखेड़ी में आज से संगीत मय भागवत कथा का आयोजन

**सारंगपुर।** धाकड समाज के आराध्य भगवान धरणीधरजी की जन्म जयंती के पावन अवसर पर नगर उदनखेडी में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। आयोजकों के अनुसार कथा का शुभारंभ 27 अगस्त से होगा तथा कथा का समापन 2 सितंबर को किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। कथा का आयोजन धाकड़ धर्मशाला उदनखेडी में किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में पूज्य गुरुदेव पंडित संजय कृष्ण भैय्याजी महाराज वृंदावन वाले के मुखारविंद से श्रद्धालु श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करेंगे। इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। आयोजकों ने नगर एवं आसपास के क्षेत्र के धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने और धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

## ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार शांति सद्भावना व आपसी भाईचारे के साथ मनाया



**ब्यावरा।** ईश्वर ने भटकती इंसानियत को सीधा, सच्चा रास्ता दिखाने तथा अंधेरों के बीच एक चिराग रोशन किया जिसकी रोशनी से इंसानियत जिंदा हुई, खुदा ने दार्शनिक उपदेशक और समाज सुधारक के रूप में पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तुफा सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम को भेजा जिनका जन्मदिन आज पूरे देश में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद ए मिलादुन्नबी के रूप में शांति सद्भावना आपसी भाईचारे के साथ परंपरागत तरीके से मनाया जा रहा है, राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में मुस्लिम समाज द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तुफा सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम के जन्मदिन को ईद ए मिलादुन्नबी के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, शहर में मुस्लिम समाज द्वारा पुराना एबी रोड स्थित जामा मस्जिद से भव्य जुलूस निकाला गया जो नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुनः जमा मस्जिद पहुंचा, जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग और बच्चे पैदल शामिल हुए।

## पेट्रोल पंप पर अनियमितताओं को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी

**ब्यावरा।** राजगढ़ कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में पेट्रोल पंपों की व्यवस्थाओं एवं संचालन की जांच की जा रही है। इसी क्रम में 17 अगस्त को संयुक्त दल द्वारा खिलचीपुर तहसील क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप अरविंद गुप्ता प्रोप्रायटर मैसर्स शिव गीता फिलिंग स्टेशन खिलचीपुर की जांच की गई थी। जांच के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित पेट्रोल पंप संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जांच के दौरान पंप परिसर में महिला शौचालय बंद पाया गया तथा शौचालय में स्वच्छता का अभाव मिला। साथ ही पीयूसी केंद्र भी संचालित नहीं पाया गया। पंप परिसर में स्थापित टैंक एवं डिस्पेंसिंग यूनिट की संख्या कार्यालय द्वारा जारी एनओसी में अनुमोदित नक्शे एवं विस्फोटक विभाग द्वारा जारी अनुमति से भिन्न पाई गई।

### कभी राखियों से भरते थे लेटर बॉक्स, अब मोबाइल में सिमटा भाई-बहन का प्यार

# अब ऑनलाइन वीडियो कॉल, डिजिटल संदेशों ने बदल दिया रक्षाबंधन का अंदाज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।



रक्षाबंधन का त्योहार आते ही कभी शहर के लाल लेटर बॉक्स भाई-बहन के प्रेम से भर उठते थे। राखी के साथ बहन की चिट्ठी, उसमें लिखे भावनात्मक शब्द और भाई तक पहुंचने की बेचैनी। यह सब रक्षाबंधन की परंपरा का हिस्सा हुआ करता था। डाकघर इन दिनों खास तौर पर गुलजार नजर आते थे। बहनों की कतारें लगती थीं और डाककर्मियों की व्यस्तता देखते ही बनती थी। अब वही लेटर बॉक्स चिट्ठियों का इंतजार करते दिखाई देते हैं। करीब दो दशक पहले रक्षाबंधन से कई दिन पहले ही डाकघरों में राखी वाले लिफाफे पहुंचने लगते थे। सुबह से शाम तक बहनें राखियां और शुभकामना पत्र पोस्ट करने आती थीं। त्योहार नजदीक आते ही डाक विभाग पर काम का दबाव इतना बढ़ जाता था कि लेटर बॉक्स को बार-बार खाली करना पड़ता था। डाकिया भी राखियों के लिफाफे समय पर पहुंचाने में जुटे रहते थे।

समय बदला तो भाई-बहन के प्रेम का इजहार करने का अंदाज भी बदल गया। मोबाइल ने चिट्ठियों की जगह ले ली। वाट्सएप पर कुछ सेकंड में रक्षाबंधन की शुभकामनाएं पहुंच जाती हैं। वीडियो कॉल के जरिए दूर बैठे भाई की कलाई पर बहन वर्चुअली राखी बांध लेती है। ऑनलाइन शॉपिंग ने राखी और उपहार को सीधे भाई के घर तक पहुंचाना भी आसान कर दिया है।

शहर के कई लेटर बॉक्स अब पूरे दिन में मुश्किल से दो-चार पत्रों का इंतजार करते नजर आते हैं। जहां कभी राखियों से लिफाफे छलकते थे, वहां अब सन्नाटा दिखाई देता है।

### चिट्ठियों में सिर्फ शब्द नहीं, भावनाएं होती थी

पुरानी पीढी के लिए राखी के साथ भेजी गई चिट्ठी आज भी यादों की अनमोल निशानी है। बहन अपने हाथों से लिखती थी। भाई के बचपन की शरारतों से लेकर उसकी लंबी उम्र और खुशहाल जीवन की दुआ तक। भाई भी इन चिट्ठियों को डायरी, संदूक या अलमारी में वर्षों तक संभालकर रखते थे। आज रंग-बिरंगे डिजिटल संदेश, इमोजी और वीडियो कुछ ही पल में रिश्तों की दूरी मिटा देते हैं। सुविधा और रफ्तार जरूर बढी है, लेकिन कागज पर लिखे शब्दों का स्पर्श, चिट्ठी खोलने की उत्सुकता और डाकिये के हाथों राखी मिलने की खुशी अब यादों का हिस्सा बनती जा रही है।

### डाक विभाग में राखियों की रौनक अब भी बरकरार

हालांकि सामान्य पत्रों की संख्या में कमी आई है, लेकिन रक्षाबंधन पर राखियां भेजने का सिलसिला पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। डाक विभाग सारंगपुर पोस्ट मास्टर जुगल किशोर एवं पोस्ट वितरण राकेश सेन कहते है कि स्पीड पोस्ट और अन्य डाक सेवाओं के जरिए आज भी राखियां भेजी जाती हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि अब चिट्ठियों के साथ आने वाली भावनाओं की जगह तेज और सुविधाजनक सेवाओं ने ले ली है। रक्षाबंधन पर भाई की कलाई पर बंधने वाली राखी आज भी उतनी ही मजबूत है, लेकिन उसे पहुंचाने का रास्ता जरूर बदल गया है।

### ब्यावरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी को चाय पीना पड़ा महंगा

# होटल राज पैलेस में युवतियों के साथ मिले अनैतिक गतिविधियों में लिप्त

### पुलिस ने की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, कांग्रेस पार्टी ने दिखाया बाहर का रास्ता

अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

राजगढ़ जिले के ब्यावरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी को बीनागंज-चाचौड़ा में मनोहर थाना मार्ग पर स्थित राज पैलेस होटल में चाय पीना महंगा पड़ गया। दांगी जब उक्त होटल में चाय पी रहे थे तभी चाचौड़ा पुलिस ने अचानक दबिश दे डाली।

पुलिस का कहना है कि उक्त होटल में तीन युवतियों के साथ तीन युवक अनैतिक कार्यों में लिप्त पाए गए। युवतियों के परिजनों ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं की, युवतियों को परिजनों के सुपुर्द किया और युवकों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए तहसील न्यायालय में पेश किया आरोपियों को जमानत दे दी गई। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने बताया कि वह मनोहर थाना स्थित प्रसिद्ध कामखेड़ा वाले बालाजी मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे तभी होटल में चाय पीने के लिए रुक गए थे तभी पुलिस ने दबीश दे डाली।

उधर पुलिस का कहना है कि उक्त होटल में तीन युवतियों के साथ मिले तीनों युवक होटल के कमरे में बिना दस्तावेज के ठहरे हुए थे होटल मालिक के आने के बाद उस पर भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस पार्टी हाई कमान ने ब्यावरा ब्लॉक अध्यक्ष पर बड़ा एक्शन लिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश पर संगठन प्रभारी संजय कामले ने आदेश जारी करते हुए राहुल दांगी को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया उन्होंने राहुल दांगी को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त करते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है।

## भागवत पढ़ने व सुनने से बच्चों में सनातनी और धर्म का ज्ञान बढ़ता है

■ पांच दिवसीय भागवत कथा का समापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भौंरासा

नगर में माली समाज धर्मशाला में पांच दिवसीय भागवत ज्ञान गंगा का आयोजन किया गया जिसके समापन पर विधायक पहुंचे ओर भागवत जी का श्रवण किया उसके पश्चात व्यास पीठ पर भागवत जी की पूजा अर्चना की ओर कथावाचक अंश किशोर प्रभु जी पुष्प माला अंगवस्त्र से स्वागत कर आशीर्वाद लिया।

कथा के दौरान अंश किशोर प्रभु जी ने बताया कि राजा शांतनु महाराज की दो पत्नियां थी मां गंगा ओर सत्यवती मैया गंगा से उन्हें आठवें पुत्र हुआ जिसका नाम देवव्रत रखा जो कि महाभारत के दौरान भीष्म पितामाह कहलाये उसके पूर्व मैया गंगा ने अपने सात पुत्रों को नदी में बहा दिया था और आठवें पुत्र भीष्म को राजा शांतनु ने बचा लिया साथ उनकी दूसरी पत्नी सत्यवती जो कि एक मछुआरे की पुत्री थी उनसे विवाह हुआ ओर कथा के माध्यम से राजा शांतनु महाराज का जीवन परिचय करवाया। इस दौरान मंच के माध्यम से विधायक डॉ. सोनकर ने उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने वचनों से बताया कि कलयुग में भागवत जी श्रवण करना एक पुण्य काम हे आज जहाँ हमारा जन्म हुआ है यहाँ एक पुण्य धरती है भगवान को भी इस धरती पर आने के लिए जन्म लेने पड़े हैं आज भी कई ऐसे इंसान इस धरती पर है।

## विद्यार्थियों ने डोंगला में वराह मिहिर वेधशाला का किया शैक्षणिक भ्रमण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बड़नगर के विद्यार्थियों द्वारा डोंगला स्थित वराहमिहिर (वाकणकर) वेधशाला का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों में खगोल विज्ञान, प्राचीन भारतीय काल-गणना, ग्रहों की गति और आधुनिक अंतरिक्ष तकनीक के प्रति व्यावहारिक समझ विकसित करना रहा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने वेधशाला में स्थापित अत्याधुनिक टेलीस्कोप और खगोलीय उपकरणों को देखा तथा डोंगला से गुजरने वाली कर्क रेखा के विशेष भौगोलिक एवं वैज्ञानिक महत्व को समझा। इसके साथ ही विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने माँ बगलामुखी के दर्शन कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष अशोक गोधा, सचिव आशीष शुक्ला, कोषाध्यक्ष अरविंद माहेश्वरी, वरिष्ठ सदस्य शेर सिंह झाला, राजकुमार पोरवाल के साथ प्राचार्य देवेंद्र प्रसाद शर्मा ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्था सचिव आशीष शुक्ला ने सफल व ज्ञानवर्धक आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में आध्यात्मिक चेतना के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण और अनुसंधान के प्रति रुचि जगाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।

## युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भौंरासा




गत दिवस भाजपा प्रदेश शीर्ष नेतृत्व ने युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ओर महामंत्री के नाम की घोषणा की गई

जिसमें देवास जिलाध्यक्ष पद पर वर्षो बाद सोनकच्छ विधानसभा के कार्यकर्त्ता के नाम पर मुहर लगी सोनकच्छ विधानसभा के रजतपाल सिंह राजपूत संघ और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ कर राजनीतिक में कदम रखा उसके पश्चात युवा मोर्चा में आते ही युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बन युवाओं को भाजपा मोर्चा से जोड़ने लगे और अपनी एक अलग छाप छोड़ी कम उम्र में ही जनपद सदस्य बने प्रदेश कार्यकारणी में अपनी जगह बनाई ओर आज युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कमान सौंपी गई ।

जिसके तहत आज जिला कार्यालय पर पदभार ग्रहण समारोह रखा गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर द्वारा तिरंगा यात्रा का भी भव्य आयोजन किया गया उक्त समारोह ओर यात्रा में मुख्य रूप से विधायक डॉ सोनकर उपस्थित हुए। जिसमें सैकड़ों वाहन यात्रा में सम्मिलित हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने देवास भोपाल मुख्य मार्ग पर स्वागत मंच डीजे लगाकर जगह-जगह ओर भौंरासा फाटे पर बाबा भंवरनाथ मंडल द्वारा भव्य आतिशबाजी ओर पुष्प वर्षा, चुनरी ओढ़ाकर विधायक डॉ. राजेश सोनकर, नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रजतपाल सिंह राजपूत एवं जिला महामंत्री मोहित जाट का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्रसिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, परिषद अध्यक्ष संजय जोशी उपाध्यक्ष जयसिंह राणा सोनकच्छ परिषद उपाध्यक्ष प्रीतमसिंह राजपूत मौजूद रहे।

# शाही ठाठ-बाठ के साथ निकली नाग चंद्रेश्वर महादेव की सवारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर





नगर के प्राचीन श्री नाग चंद्रेश्वर महादेव मंदिर से सोमवार को भगवान नाग चंद्रेश्वर महादेव की भव्य सवारी शाही ठाठ-बाठ के साथ निकाली गई। फूलों से सुसज्जित आकर्षक पालकी में विराजमान भगवान महादेव के दर्शन के लिए नगरभर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सवारी के दौरान पूरा नगर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।

सवारी से पूर्व मंदिर प्रांगण में आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान नाग चंद्रेश्वर महादेव का विशेष शिवाभिषेक किया गया। इसके बाद भव्य महाआरती संपन्न हुई और विधिवत रूप से सवारी का शुभारंभ हुआ।

नगर भ्रमण के दौरान प्रमुख मार्गों पर सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा स्वागत मंच बनाए गए, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान की सवारी का स्वागत किया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए फलाहारी खिचड़ी एवं प्रसादी का वितरण भी किया गया।

सवारी में ढोल-ताशे, बैंड-बाजे और पारंपरिक अखाड़े विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस बार जनजातीय नृत्य के साथ भगवान शिव के ओघड़ स्वरूप को दर्शाता श्मशान नृत्य भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। अखाड़ों के पहलवानों ने विभिन्न हैरतअंगेज करतब प्रस्तुत कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। वहीं बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत साहसिक तलवारबाजी ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

### सारंगपुर।

उदनखेड़ी कस्बे में सावन माह के अंतिम एवं चतुर्थ सोमवार के पावन अवसर पर धार्मिक युवा भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ बाबा साहेब की भव्य शाही सवारी अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ निकाली गई। पूरे कस्बे के हर मोहल्ले से होकर गुजरी इस सवारी में श्रद्धालु ढोल-धमाकों और मधुर भजन-कीर्तनों की धुन पर जमकर थिरके।

शाही सवारी का स्थान-स्थान पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। धार्मिक जुलूस के दौरान सोमेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक व पूजन-अर्चन किया गया। पूजन के पश्चात मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। इस पूरे धार्मिक आयोजन में महिलाओं की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय और अधिक रही। आयोजन को शांतिपूर्ण और सुगम बनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई राजेंद्र बैरागी ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा। पुलिस बल के पूर्ण सहयोग और सजगता के कारण श्रद्धालुओं व आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा या परेशानी का सामना नहीं करना पडा। धार्मिक यात्रा में वरिष्ठ नागरिक, युवा भक्त, महिलाएं एवं बडी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए, जिससे पूरा नगर शिवभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

### खरसौदकलां

सावन मास के आखिरी सोमवार का पर्व नगर में धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। आखिरी सोमवार को फूलेश्वर महादेव मंदिर के साथ मंगलेश्वर एवं रामेश्वर मंदिर से भी भगवान महादेव की सवारी निकाली गई। सवारी के साथ बड़ी संख्या में शिवभक्तों का चल समारोह निकला, जिसमें श्रद्धालु रास्तेभर भजनों और जयकारों पर झूमते हुए शामिल हुए।

देर शाम फूलेश्वर, मंगलेश्वर और रामेश्वर मंदिर से भगवा ध्वज के साथ भगवान महादेव की सवारी जयकारों के बीच रवाना हुई। सवारी मार्ग में ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर भगवान की पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की।

### महिदपुर रोड

यहां से 8 कि मी दूर महिदपुर सड़क मार्ग पर नारायणा ग्राम पंचायत की राजस्व सीमा में बरुखेड़ी से 3 कि मी की दूरी पर दक्षिण दिशा स्थित पुरातन ऐतिहासिक झरादेश्वर महादेव का मंदिर अपने आप में स्थापत्य कला का अनूठा केंद्र है मंदिर में स्थित आकर्षक शिवलिंग श्रद्धालुओं को अपनी और आकर्षित करता है मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं का बरबस मन ही नहीं होता कि वहां से बाहर की ओर प्रस्थान करें। प्रतिवर्ष यहां धूलैंडी के दिन 5.15 लंबी अंगारों से भरी चल में श्रद्धालु हर-हर महादेव के नारे लगाते हुए महादेव को पावन जल तथा श्रीफल अर्पित करते हुए अपनी मनोकामना पूरी होने पर उनका धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका आभार मानते हैं।



## अमर शहीद राजगुरु की जयंती पर कांग्रेस सेवादल ने पुष्पांजलि अर्पित की

**जगोटी** । आजादी के आंदोलन में अपनी युवा अवस्था में फांसी के तख्ते पर चढ़ने वाले अमर शहीद राजगुरु की जन्म जयंती पर जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने श्रद्धांजलि दी। उक्त जानकारी देते जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी ने बताया कि सेवादल द्वारा पूरे भारत में राष्ट्र निर्माण कार्यक्रम के तहत अमर शहीदों की जीवन यात्रा से आमजनों को रूबरू कराने हेतु अभियान चलाया जा रहा है ताकि नयी पीढ़ी स्वतंत्रता आंदोलन व वीर सपूतों की संघर्ष गाथा को जानते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बने। इस अवसर पर कांग्रेस जगोटी मंडलम अध्यक्ष अनंत शर्मा, महिदपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी रजनीश तिवारी, सेवादल ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष महेश पांचाल, पूर्व उपसरपंच सेवाराम परमार, वरिष्ठ नेता रणछोड़ पटेल महूडी, निर्भयसिंह पटेल हिंगोनिया, संदीप आंजना टीकम परमार ताजपुर, गणपत भीलवाड़ा, राहुल चौधरी, ओम आंजना ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मौन श्रद्धांजलि दी। उक्त जानकारी सेवादल ग्रामीण जिला सचिव जगदीश डाबिया ने दी।

## छात्र संघ चुनावों को लेकर बैठक संपन्न



**जगोटी।** आगामी छात्र संघ चुनावों को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने गत दिवस उज्जैन शहर कांग्रेस कार्यालय में जिले के अंचलों से आए छात्र नेताओं की बैठक ली। बैठक में महिदपुर विधायक दिनेश जैन बोस, शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी, युवा कांग्रेस नेता प्रीतेश शर्मा, महिदपुर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह डोडिया ने आगामी छात्र संघ चुनावों को लेकर मार्गदर्शन दिया। उक्त जानकारी देते हुए एनएसयूआई नेता योगांश शर्मा जगोटी ने बताया कि बैठक में विभिन्न छात्रों ने अपने सुझाव रखे। इस अवसर पर विवेक गुर्जर, दीपेश पाटीदार, अमन सोनी, वासुदेव पटेल आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

## सादनखेड़ी के पास हादसा: बाइक को अज्ञात वाहन की टक्कर से 28 वर्षीय युवक की मौत

**सारंगपुर।** मंगलवार को सारंगपुर-आगर मार्ग पर ग्राम सादनखेड़ी के पास एक भीषण सड़क हादसा घटित हुआ है, जिसमें एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए 28 वर्षीय मनोज पिता केदार सिंह निवासी किराना की इलाज के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, 28 वर्षीय मनोज अपनी मोटर साइकिल से जा रहे थे, तभी सादनखेड़ी के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्क र मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार मनोज गंभीर घायल हो गया और अस्पताल में ग्रामीणों की मदद से पहुंचने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसकी सूचना परिजनों को दी गई और शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंपा गया। सारंगपुर पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है।

## सेंट जोसेफ स्कूल में हर्षोल्लास के साथ ओणम उत्सव सम्पन्न



**महिदपुर।** सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल महिदपुर में ओणम पर्व हर्षोल्लास साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल, प्राचार्य सोबीथॉमस सर एवं उप-प्राचार्य अनिश थॉमस सर एवं सिस्टर पुष्पा की गरिमामयी उपस्थिति रही। आकर्षक पुक्कलम (फूलों की रंगोली) ने सभी का मन मोह लिया। अपने संबोधन में प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल ने कहा कि ओणम केवल एक पर्व ही नहीं, बल्कि यह भाईचारे, समृद्धि और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञ रहने व मिलजुलकर खुशियाँ बाँटने की प्रेरणा देता है। विद्यालय प्राचार्य एवं उप-प्राचार्य ने सभी छात्रों को ओणम की शुभकामनाएँ प्रेषित की।

## संत शिरोमणि महाराज की जयंती पर कलश वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प के रुप में मनाएँगे



**मक्सी।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जन्म जयंती के अवसर पर कलश वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान 10 सितंबर तक मनाया जाएगा। इस बाबत 25 अगस्त को यह कलश यात्रा मक्सी मंडल में आई यहां से मक्सी मंडल के ग्राम मक्सी झोंकर सिरोलिया बड़नपुर चोसला कुलमी में गई। इस यात्रा में गोविंद गोलू पटेल मक्सी मंडल अध्यक्ष मोड़ सिंह लोधी मक्सी नगर परिषद उपाध्यक्ष वह मंडल महामंत्री सुनील नानू पंड्या मक्सी मंडल महामंत्री राजेश गुप्ता मक्सी मंडल मीडिया प्रभारी दिलीप लोधी पार्षद अशोक लोधी पार्षद विष्णु पाटीदार पार्षद ओम चौधरी पार्षद दिलीप आरोल एल्डरमैन कृष्ण भावसार एल्डरमैन कैलाश मंडलोई एल्डरमैन मनोहर लश्कन कलश वंदन यात्रा के मक्सी मंडल संयोजक राकेश चौहान मुकेश मंडलोई डॉक्टर रामचंद्र अहिरवार कैलाशचंद पाटीदार अविनाश परमार सहित संपूर्ण नगर वासियों ने इस कलश यात्रा का अभिनंदन कर इस यात्रा में जनजाति विभाग के नागेंद्र खींची वह सुनीता बैरागी अधिकारी भी शामिल थे।



# मां बगलामुखी मंदिर क्यों है खास?

**मां बगलामुखी 10 महाविद्याओं में शामिल हैं। बगलामुखी को युद्ध की देवी भी कहा जाता है और तंत्र-साधना के लिए मां की पूजा होती है। जो व्यक्ति रोजाना बगलामुखी मां की चालीसा का पाठ करता है, वह अपने शत्रुओं पर विजय पाता है।**

बगलामुखी देवी का मंदिर हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के बनखंडी में स्थित है। इसको पीतांबरा देवी के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू धर्म में देवी बगलामुखी का विशेष महत्व है और वह 10 महाविद्याओं में शामिल हैं। बगलामुखी को युद्ध की देवी भी कहा जाता है और तंत्र-साधना के लिए मां की पूजा होती है। धार्मिक मान्यता है कि जो भी जातक शत्रु और अज्ञात भय से परेशान होता है, वह मां बगलामुखी की पूजा करने से इन परेशानियों से मुक्त हो जाता है। वहीं जो व्यक्ति रोजाना बगलामुखी मां की चालीसा का पाठ करता है, वह अपने शत्रुओं पर विजय पाता है।

यह मंदिर मां बगलामुखी को समर्पित है। मां बगलामुखी को 8वीं महाविद्या भी कहा जाता है। इनसे पीला रंग जुड़ा है, इसलिए इनका एक नाम पीतांबरा देवी भी है। धार्मिक मान्यता के मुताबित बगलामुखी मंदिर में पूजा-अर्चना करने मात्र से शत्रुओं की शक्ति कम होती है और वह असहाय हो जाते हैं। इस मंदिर में की जाने वाली पूजा कानूनी मामलों में जीत दिलाने के लिहाज से बेहद शक्तिशाली मानी जाती है। अक्सर भक्त इस धाम में आकर पंडितों से घरेलू कलह, अदालती मामलों, जमीन-जायदाद की समस्याओं और ग्रहों को शांत करने के शांति यज्ञ या सुझाव आदि लेते हैं।

## वीआईपी की आस्था का केंद्र बना हिमाचल प्रदेश का यह सिद्ध धाम

### मंदिर की मान्यता काफी ज्यादा

मंदिर की मान्यता काफी ज्यादा है। यहां पर बड़े-बड़े सेलिब्रिटी दर्शन के लिए आते हैं। यहां पर गोविंदा, शिल्पा शेट्टी, कंगना रनौत और एकता कपूर जैसे सितारे बगलामुखी माता के मंदिर में हवन और पूजा करते हुए दिखाई देते हैं। सेलिब्रिटीज के लिए यहां श्रद्ध दर्शन की विशेष व्यवस्था की जाती है। गर्मियों की छुट्टियों में मां बगलामुखी मंदिर में हजारों की संख्या में भक्त पहुंचते हैं। खासकर पंजाब राज्य के श्रद्धालुओं में मां के प्रति गहरी आस्था है। भक्तों को मां बगलामुखी मंदिर में आकर एक अलग ही सुकून मिलता है। वहीं इस मंदिर में आम भक्तों से लेकर सेलिब्रिटी और नेता भी दर्शन करने आते हैं।

# नर्मदेश्वर शिवलिंग के पीछे का रहस्य...

## क्यों माना जाता है नर्मदा नदी का हर पत्थर माना जाता है शिव स्वरूप

भारत की कुछ नदियों को बेहद पवित्र माना जाता है। इन नदियों का उल्लेख किसी देवी की तरह धार्मिक शास्त्रों और पुराणों में मिलता है। नर्मदा नदी को भी उन्हीं नदियों में से एक माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि नर्मदा का हर कंकड़ भोलेनाथ का स्वरूप होता है। इसलिए यहां पर मिलने वाले प्राकृतिक शिवलिंगों को 'नर्मदेश्वर शिवलिंग' कहा जाता है। देशभर में इन शिवलिंगों की पूजा मंदिरों और घरों में की जाती है। इसके अलावा इसके पीछे एक बेहद रोचक पौराणिक कथा है। जिसका उल्लेख 'स्कंद पुराण', 'वायु पुराण' के रेवा खंड, 'नर्मदा माहात्म्य' और 'मत्स्य पुराण' में मिलता है।



### भगवान शिव ने दिया वरदान

भोलेनाथ ने मां नर्मदा को वरदान देते हुए कहा कि नर्मदा के तट पर जितने भी पत्थर होंगे, वह सभी शिवलिंग स्वरूप माने जाएंगे। तुम्हारे किनारे मिलने वाले यह पत्थर हर युग में नर्मदेश्वर शिवलिंग के रूप में पूजे जाएंगे। भोलेनाथ ने कहा कि गंगा नदी में स्नान करने से पाप नष्ट होते हैं, यमुना में सात दिन स्नान करने और सरस्वती में 3 दिन स्नान करने से पापों का नाश होता है। लेकिन नर्मदा नदी के दर्शन मात्र से भक्तों के पाप दूर होंगे। वहीं नर्मदा द्वारा स्थापित नर्मदेश्वर शिवलिंग लोगों को पुण्य और मोक्ष प्रदान करेंगे। इसके बाद भोलेनाथ भी उसी शिवलिंग में लीन हो गए। तभी से नर्मदा नदी का हर पत्थर शिवलिंग का आकार लिए हुए होता है। वहीं तब से ही यह मान्यता प्रचलित हुई कि इस नदी का हर पत्थर शिव का स्वरूप है।

### नर्मदा ने किया था कठोर तप

पौराणिक कथा के मुताबिक, मां नर्मदा ने कई सालों तक कठोर तपस्या की है। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान ब्रह्माजी प्रकट हुए और उनसे वरदान मांगने को कहा। देवी नर्मदा ने कहा, 'मुझे मां गंगा नदी की लोकप्रिय होना है।' मैं चाहती हूं कि दुनियाभर में मुझे भी गंगा की तरह की महान समझा जाए और नर्मदा जी की पूजा की जाए। भगवान शिव देवी नर्मदा को अपनी जटाओं में स्थान दें।

मां नर्मदा की बात सुनकर ब्रह्माजी मुस्कुराए और कहा, 'जिस दिन कोई दूसरा देवता भोलेनाथ के समान हो जाएगा।' कोई दूसरा पुरुष भगवान विष्णु की बराबरी कर लेगा, कोई दूसरी स्त्री देवी पार्वती के समान होगी और कोई दूसरी नगरी काशी के बराबर मोक्षदायिनी हो जाएगी। उस दिन कोई दूसरी नदी भी गंगा के समान हो सकती है।

### महादेव को पाने के लिए किया था कठोर तप

ब्रह्मदेव की बातें सुनकर देवी नर्मदा समझ गईं कि उनको यह वरदान नहीं मिल सकता है। ऐसे में उन्होंने बिना किसी शिकायत के अपनी इच्छा को छोड़ दिया और काशी चली गईं। वहीं पर पिलपिला तीर्थ में एक शिवलिंग की स्थापना की और शिवजी के कठोर तपस्या करना शुरूकर दी। देवी नर्मदा की भक्ति और समर्पण से भोलेनाथ बेहद प्रसन्न हुए और उनको दर्शन दिया। महादेव ने कहा कि देवी नर्मदा मैं आपकी तपस्या से प्रसन्न हूं, जो चाहे वरदान मांगो।

जिस पर देवी नर्मदा ने कहा कि सब मोह-माया को पीछे छोड़कर मैं आपके चरणों में स्थान पाऊं। देवी नर्मदा की इच्छा को जानकर भगवान शिव प्रसन्न हुए कि उनको ऐसा आशीर्वाद दिया कि देवी नर्मदा का स्थान सभी देवी-देवताओं जितना ऊंचा हो गया।




# बुमराह से 697 दिन बाद टॉप रैंकिंग छिनी

## ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज, टॉप-10 बल्लेबाजों में पंत और गिल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़कर पहली बार ICC टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल किया है। बांग्लादेश के खिलाफ मैकाय टेस्ट में 10 विकेट लेने के बाद स्टार्क दो स्थान की छलांग लगाकर टॉप पर पहुंचे। उनके 872 रेटिंग पॉइंट हैं। बुमराह 862 पॉइंट के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

बुमराह ने कुल 697 दिन नंबर-1 की रैंकिंग पर बिताए हैं। वे 7 फरवरी 2024 को पहली बार इस मुकाम पर पहुंचे थे। हालांकि, यह लगातार 697 दिन का आंकड़ा नहीं है। बीच में दूसरे गेंदबाज भी नंबर-1 बने, इसलिए बुमराह के अलग-अलग नंबर-1 कार्यकालों को जोड़कर यह आंकड़ा बना है। इतने दिन किसी भारतीय गेंदबाज का आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में सबसे लंबा कार्यकाल है और टेस्ट इतिहास में यह 14वां सबसे लंबा है।



बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ 2024 विशाखापट्टनम टेस्ट में 9 विकेट लेने के बाद पहली बार टॉप रैंक हासिल की थी। वह टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 बनने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज भी हैं। वहीं, मौजूदा टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में ऋषभ पंत सातवें और शुभमन गिल आठवें नंबर पर हैं।

### 2025 में 907 रेटिंग पॉइंट तक पहुंचे

बुमराह 2025 में भी टेस्ट रैंकिंग के टॉप पर बने रहे। जनवरी 2025 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न टेस्ट में 9 विकेट लेने के बाद उनके रेटिंग पॉइंट 907 तक पहुंच गए थे। यह किसी भारतीय गेंदबाज का ICC टेस्ट रैंकिंग में सबसे बड़ा रेटिंग स्कोर था। 2026 में बुमराह को न्यूजीलैंड के मैट हेनरी से भी चुनौती मिली। जून में हेनरी ने 11 विकेट लेकर बुमराह के साथ संयुक्त रूप से नंबर-1 स्थान हासिल किया था।

# संजय बांगड़ की बेटी अनाया की क्रिकेट में वापसी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व भारतीय क्रिकेटर और बैटिंग कोच संजय बांगड़ की बेटी अनाया बांगड़ के क्रिकेट में वापसी का रास्ता खुल गया है। अनाया ने जेंडर ट्रांजिशन के दौरान हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी और मार्च 2026 में जेंडर-अफर्मिंग सर्जरी कराई थी। अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें अपनी ट्रांसजेंडर एंड जेंडर डाइवर्स प्लेयर्स इन एलीट क्रिकेट पॉलिसी के तहत ऑस्ट्रेलिया में महिला क्रिकेट खेलने की अनुमति दी है।

फैसले के मुताबिक अनाया मार्च 2027 से एलीट महिला क्रिकेट खेल सकती हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें तय शर्तें पूरी करनी होंगी। इस फैसले से उनके लिए विमेंस बिग बैश लीग में खेलने का रास्ता भी खुल सकता है। हालांकि, सीए की मंजूरी का मतलब यह नहीं है कि उन्हें डब्ल्यूबीबीएल की किसी टीम में कॉन्ट्रैक्ट मिल गया है।

अनाया ने जेंडर ट्रांजिशन की प्रक्रिया के दौरान हार्मोन थेरेपी कराई और मार्च 2026 में जेंडर-अफर्मिंग सर्जरी कराई। इसके बाद उन्होंने क्रिकेट में वापसी के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से संपर्क किया। सीए ने उनके मामले की समीक्षा के बाद उन्हें फिलहाल ऑस्ट्रेलिया की प्रीमियर क्रिकेट प्रतियोगिताओं में खेलने की अनुमति दी है। प्रीमियर क्रिकेट को सीए की नीति में कम्युनिटी क्रिकेट की श्रेणी में रखा गया है, इसलिए इसमें खेलने के लिए एलीट क्रिकेट वाली पात्रता शर्तें लागू नहीं होतीं। डब्ल्यूबीबीएल जैसी एलीट प्रतियोगिताओं के लिए अनाया को सीए की मेडिकल पात्रता शर्तें पूरी करनी होंगी। उअ के पत्र के मुताबिक मार्च 2027 से उनकी एलीट क्रिकेट पात्रता इस बात पर निर्भर होगी कि ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर उनके ब्लड टेस्ट में सीरम टेस्टोस्टेरोन से कम हो और वे पॉलिसी की बाकी शर्तों को भी पूरा करती रहें।

## नैनो न्यूज

- **भारत जीत के करीब** – श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत ने फॉलोऑन कराया। चौथे दिन श्रीलंका 229/6 पर है, बारिश से खेल रुका।
- **पंत बने नंबर-1 भारतीय** – आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में ऋषभ पंत भारतीयों में सबसे आगे निकल गए, उन्होंने शुभमन गिल को पीछे छोड़ा।
- **अर्शदीप की शानदार वापसी** – दलीप ट्रॉफी में नॉर्थ जोन की जीत में अर्शदीप सिंह ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी की।
- **भारतीय हॉकी पर सवाल** – विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने टीम में जवाबदेही और सुधार की जरूरत बताई।
- **महिला बैडमिंटन में पदक** – ट्रेसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई।
- **भारत-हॉकी मुकाबला आज** – महिला हॉकी विश्व कप में भारत की नजर जर्मनी के खिलाफ जीत के साथ पांचवें स्थान पर रहने पर है।
- **डुप्लांटिस का शानदार प्रदर्शन** – पोल वॉल्ट स्टार मोंडो डुप्लांटिस ने शानदार छलांग लगाई, हालांकि विश्व रिकॉर्ड बनाने से चूक गए।

# ग्रैंड चेस टूर फाइनल में प्रज्ञानानंदा की हार

## पहले क्लासिकल गेम के बाद 6-0 की बढ़त

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सेंट लुइस में खेले जा रहे ग्रैंड चेस टूर फाइनल्स 2026 के खिताबी मुकाबले में ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना ने भारत के आर प्रज्ञानानंदा को हरा दिया। कारुआना ने फाइनल के पहले क्लासिकल गेम में प्रज्ञानानंदा को शिकस्त दी। दूसरा मुकाबला आज होगा।

इस जीत से अमेरिका के कारुआना ने मैच में 6-0 की बढ़त बना ली। मुकाबले में प्रज्ञानानंदा लंबे समय तक बराबरी पर थे, लेकिन 28वीं चाल में हुई गलती के बाद कारुआना ने गेम अपने नाम कर लिया। वहीं तीसरे स्थान के मुकाबले में विंसेंट कीमर और वेस्ली सो का पहला क्लासिकल गेम ड्रॉ रहा और दोनों का स्कोर 3-3 है।



कारुआना और प्रज्ञानानंदा के बीच मुकाबला काफी देर तक बराबरी का रहा। कारुआना के मुताबिक उन्हें भी स्थिति में कोई खास बढ़त नहीं दिख रही थी और 26वीं चाल में वे स्थिति को संभालने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन इसके तीन चाल बाद प्रज्ञानानंदा ने गलत खेल दिया। इस गलती से कारुआना को निर्णायक बढ़त मिल गई और उन्होंने गेम जीत लिया।

कारुआना ने कहा कि ग्रैंड चेस टूर फाइनल्स में 2018 के बाद यह उनकी पहली क्लासिकल जीत है। 6 अंकों की बढ़त मिलने के बाद उन्होंने कहा कि अगले क्लासिकल गेम में काले मोहरों से खेलते हुए अगर वह मुकाबला संभाल लेते हैं तो उनकी स्थिति काफी मजबूत हो जाएगी। तीसरे स्थान के मुकाबले में विंसेंट कीमर और वेस्ली सो के बीच पहला क्लासिकल गेम ड्रॉ रहा। दोनों ने जटिल स्थिति में शानदार खेल दिखाया और आखिर में रूक एंडगेम में बाजी बराबरी पर खत्म हुई।

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### झाबुआ जनसुनवाई में पहुंचे 50 आवेदन

**झाबुआ।** झाबुआ जिला मुख्यालय पर आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान पेयजल, भूमि पट्टा, सड़क और कृषि योजनाओं से जुड़े कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम झिरी और भाडनकुआ के ग्रामीणों ने बताया कि 38 परिवारों को 1 किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। वहीं, ग्राम बेडदा की थावरीबाई ने पात्र होने के बावजूद कृषि भूमि का वन अधिकार पट्टा न मिलने की शिकायत दर्ज कराई।

### झाबुआ में स्कॉर्पियो-बाइक टक्कर, एक युवक की मौत

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के कल्याणपुरा थाना क्षेत्र के बरखेड़ा में मंगलवार शाम को एक स्कॉर्पियो और बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के वक्त बाइक पर कुल तीन युवक सवार थे। मृतक युवक की पहचान काकड़कुआं निवासी 18 वर्षीय सेमियल जोसेफ गामोड के रूप में हुई है। घायलों में काकड़कुआं निवासी 17 वर्षीय चेनसिंह मंगलिया डामोर और देदला निवासी 18 वर्षीय मनीष बिजिया भूरिया शामिल हैं। उन्हें तुरंत 108 एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया।

### शराब के नशे में फोरलेन पर कंटेनर दौड़ाया

**धार।** धार में इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर शराब के नशे में एक कंटेनर चालक ने वाहन को लापरवाही से दौड़ाया। इस दौरान कई बाइक सवार उसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। सूचना मिलने पर पुलिस टीमों ने कंटेनर का पीछा किया और भलगांवड़ी के पास रोककर चालक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है। कंटेनर धार से राजगढ़ की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक शराब के नशे में था और वाहन को अनियंत्रित तरीके से चला रहा था। घटना के दौरान कई बाइक सवारों को बचकर निकलना पड़ा। सूचना मिलने पर तिरला डायल-112 और नौगांव डायल-112 की टीमों ने कंटेनर का पीछा शुरू किया।

### सरदारपुर में 8 साल से स्कूल भवन का अभाव



निजी मकान के एक कमरे में चल रही पहली से पांचवीं तक की कक्षाएं, शौचालय-खेल मैदान भी नहीं

**धार।** सरदारपुर तहसील के ग्राम जुलवानिया खुर्द में सरकारी शिक्षा व्यवस्था की जमीनी स्थिति चिंताजनक है। वर्ष 2016-17 में प्राथमिक स्कूल को मंजूरी मिलने के करीब आठ साल बाद भी स्कूल भवन का निर्माण नहीं हो पाया है। वर्तमान में पहली से पांचवीं तक के बच्चों की कक्षाएं एक निजी मकान के एक ही कमरे में संचालित हो रही हैं। स्कूल में न तो बच्चों के लिए शौचालय की व्यवस्था है और न ही खेल का मैदान उपलब्ध है। जुलवानिया खुर्द के प्राथमिक स्कूल में पहली से पांचवीं तक की कक्षाओं के बच्चों को एक ही कमरे में पढ़ाया जा रहा है। अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। एक ही कमरे में कई कक्षाओं के संचालन से शिक्षकों को भी बच्चों पर ध्यान देने में परेशानी होती है। स्कूल में बुनियादी सुविधाओं की भी कमी है। बच्चों के लिए शौचालय और खेल मैदान नहीं होने से विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, स्कूल स्वीकृत होने से पहले जुलवानिया खुर्द के बच्चों को पढ़ाई के लिए जुलवानिया कलां जाना पड़ता था। दोनों गांवों के बीच रास्ते में तालाब होने के कारण बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती थी। बच्चों की इसी परेशानी को देखते हुए गांव में ही प्राथमिक स्कूल स्वीकृत किया गया था।

## नैनो न्यूज

- **सोना-चांदी में तेजी-** इंदौर सहित देश के प्रमुख बाजारों में आज सोने-चांदी के भाव में तेजी दर्ज की गई।
- **सब्जी मंडी में बारिश असर-** इंदौर की सब्जी मंडी में बारिश के कारण कारोबार और आवक व्यवस्था प्रभावित होने की जानकारी सामने आई है।
- **प्याज मंडी में आवक जारी-** इंदौर प्याज मंडी में लगातार आवक बनी हुई है। पिछले दिनों मंडी में बड़ी मात्रा में प्याज पहुंचा।
- **लहसुन की भारी आवक-** इंदौर मंडी में हालिया कारोबार के दौरान लहसुन की आवक करीब 70 हजार कट्टों तक पहुंचने की जानकारी सामने आई।
- **आलू की भी आवक बढ़ी-** मंडी कारोबार में आलू की आवक भी हजारों कट्टों में रही। बारिश के बीच सब्जी कारोबारियों की गतिविधियां जारी हैं।
- **निवेश गतिविधियां बढ़ीं-** जीआईएस-2025 के बाद इंदौर समेत मध्यप्रदेश के प्रमुख निवेश जिलों में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ने की रिपोर्ट सामने आई है।
- **इंदौर निवेश का केंद्र बना-** निवेश और उद्योग विस्तार के चलते इंदौर को मध्यप्रदेश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में लगातार महत्वपूर्ण स्थान मिल रहा है।

गड्ढे में गाड़ी फंसने के बाद बदहाल सड़कों को लेकर सियासत शुरू

# कीचड़ से भरे गड्ढे में बैठे कांग्रेस कार्यकर्ता

## शहर अध्यक्ष बोले- बदहाली से गुजर रहा शहर, महापौर बताएं पैसा कहां गया, कार फंसी थी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में बदहाल सड़कों को लेकर सियासत शुरू हो गई है। गड्ढे में गाड़ी फंसने के बाद इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ अनोखा प्रदर्शन किया। बॉम्बे हॉस्पिटल से रिंग रोड जाने वाली सर्विस रोड पर वे कीचड़ से भरे गड्ढे में बैठ गए और नगर निगम से सड़क की जल्द मरम्मत कराने की मांग की।

चौकसे ने आरोप लगाया कि करीब दो साल पहले सड़क को किसी काम के लिए खोदा गया था, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत नहीं हो सकी। इस मार्ग से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं और बारिश के दौरान सड़क पर कीचड़ और गड्ढों के कारण आवाजाही मुश्किल हो गई है।

**प्रदर्शन से पहले खुद की कार फंसी-** चिंटू चौकसे ने बताया कि प्रदर्शन स्थल पर पहुंचने के दौरान उनकी फॉर्च्यूनर भी इसी सड़क पर कीचड़ में फंस गई। उन्होंने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। वीडियो में वे कार को गड्ढे से निकालने के लिए धक्का लगाते नजर आए। उन्होंने कहा कि जब बड़ी एसयूवी भी कीचड़ में फंस रही है तो छोटी कारों, दोपहिया वाहनों और पैदल राहगीरों की परेशानी का अंदाजा लगाया जा सकता है।



### महापौर और नगर निगम पर लगाए आरोप

- चौकसे ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर निगम पर निशाना साधते हुए कहा कि शहर में सड़कों की जगह जगह गड्ढे और कीचड़ नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि इंदौर नगर निगम का बजट हजारों करोड़ रुपए का है और केंद्र व राज्य सरकार से भी राशि मिलती है। इसके बावजूद शहर की सड़कें बदहाल हैं।
- उन्होंने नगर निगम में कथित भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि पुराने मामलों में कर्मचारियों पर कार्रवाई हुई, लेकिन कथित घोटालों के पीछे के जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई नहीं हुई। चौकसे ने सवाल उठाया कि हर साल बजट में सड़क निर्माण और मरम्मत के लिए राशि रखी जाती है, इसके बावजूद जमीनी स्थिति इतनी खराब क्यों है।
- उन्होंने महापौर से मांग की कि नगर निगम के बजट और विकास कार्यों में खर्च होने वाली राशि का पूरा ब्योरा सार्वजनिक किया जाए और बॉम्बे हॉस्पिटल-सर्विस रोड की तत्काल मरम्मत कराई जाए।

# 80-90 की स्पीड में इनोवा ने 5 वाहनों को रौंदा

## घायलों को 200 फीट तक घसीटा, एंबुलेंस नहीं मिली, एफआरवी से भेजे गए अस्पताल, बुजुर्ग गंभीर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ धार

इंदौर के राऊ इलाके में बुधवार दोपहर करीब 12 बजे तेज रफ्तार इनोवा ने चार दोपहिया वाहनों और एक ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। हादसा श्रमिक कॉलोनी के सामने हुआ। पांच लोग घायल हुए हैं, इनमें एक की हालत गंभीर है। सभी को निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इनोवा करीब 80 से 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। ड्राइवर अमन मालवीय ने पहले एक एक्टिवा और फिर तीन बाइक को टक्कर मारी। इसके बाद कार सामने से आ रहे ट्रैक्टर से भिड़ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर सड़क के दूसरी तरफ जाकर पलट गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहिया वाहनों को टक्कर मारने के बाद ड्राइवर ने कार आगे बढ़ाने की कोशिश की। इस दौरान कुछ घायल करीब 200 फीट तक कार के साथ घिसटते चले गए। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए।

घायलों में राजपाल सिंह, भगत सिंह, पवन, मुस्तफा और एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं। तीन एक्टिवा सवार, एक बाइक सवार और ट्रैक्टर सवार के घायल होने की जानकारी है।

### सर्विसिंग के बाद ट्रायल के लिए निकली थी कार

पुलिस के मुताबिक, केसरबाग रोड पर अमन मालवीय का कार गैराज है। पिगडंबर निवासी देवेंद्र जोशी की इनोवा कार रिपेयरिंग के लिए गैराज पर आई थी। सर्विसिंग के बाद अमन कार का ट्रायल लेने और उसे मालिक को लौटाने के लिए निकला था। इसी दौरान तेज रफ्तार के कारण श्रमिक कॉलोनी के सामने हादसा हो गया। पुलिस ने इनोवा जब्त कर अमन मालवीय को हिरासत में ले लिया है। घायल मुस्तफा बिजलपुर के रहने वाले हैं। उनके बेटे की दो दिन बाद सगाई होनी है और वे कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे थे। हादसे के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

# एयर इंडिया की दिल्ली-इंदौर फ्लाइट 3 घंटे से ज्यादा लेट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

दिल्ली से इंदौर आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट क1090 बुधवार को तीन घंटे से ज्यादा लेट हो गई। फ्लाइट को दोपहर 1:10 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरनी थी। पहले इसे दोपहर 3 बजे के लिए रिशेड्यूल किया गया, लेकिन इसके बाद भी विमान रवाना नहीं हो सका।

इंदौर एयरपोर्ट प्रबंधन के मुताबिक, फ्लाइट अभी इंदौर नहीं पहुंची है। फिलहाल, विमान में देरी की वजह स्पष्ट नहीं है। फ्लाइट में देरी के साथ यात्रियों की परेशानी उस समय और बढ़ गई, जब विमान का अउ भी काम नहीं कर रहा था। गर्मी और उमस के बीच यात्रियों को पैंफलेट्स से हवा करना पड़ी। कई यात्री लंबे समय तक फ्लाइट के उड़ान भरने का इंतजार करते रहे। विमान में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी सवार बताए जा रहे हैं। यात्रियों ने अउ खराब होने और एयरलाइन की सेवाओं को लेकर नाराजगी जताई। इंदौर एयरपोर्ट के ढफ्ड रामस्वरूप यादव ने बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट अभी इंदौर नहीं पहुंची है। फ्लाइट में देरी क्यों हुई, इसकी जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है।

## बैंक अफसर की पत्नी ने फांसी लगाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एमजी रोड इलाके में एक बैंक अधिकारी की पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से बीमारी से परेशान थीं और इसी वजह से डिप्रेशन में थीं। पुलिस ने रात में लोगों की मदद से शव को बिल्डिंग से नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एमजी रोड टीआई विजय सिसौदिया के मुताबिक, भंडारी ब्रिज के पास रूबल रेबो रेसीडेंसी है। यहां मंगलवार रात सुप्रिया (45) पति सुधीर श्रीवास्तव ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के समय उनके पति किसी काम से बिल्डिंग से बाहर गए थे। इसी दौरान उन्होंने यह कदम उठा लिया। रात करीब 10 बजे पुलिस को घटना की जानकारी मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो सुसाइड नोट मिला। इसमें सुप्रिया ने लंबे समय से शारीरिक दुर्बलता से परेशान होने और इसके चलते डिप्रेशन में जाने का जिक्र किया है। साथ ही इसी कारण से आत्महत्या करने की बात लिखी है। सुप्रिया अपने पति के साथ बिल्डिंग की 12वीं मंजिल पर रहती थीं। पुलिस के मुताबिक, सुप्रिया के पति सुधीर बैंक में पदस्थ हैं। परिवार में एक बेटी है, जो वनस्थली में पढ़ाई कर रही है।

## पेंट की जेब में एमडी ड्रग्स लेकर घूमते बदमाश पकड़ाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने 52.71 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ फैजान उर्फ बारीक को गिरफ्तार किया। ड्रग्स की अनुमानित कीमत 5.20 लाख रुपए है। आरोपी पर पहले से 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं। अब टीम उसके नेटवर्क का पता लगा रही है। बुधवार को क्राइम ब्रांच ने मामले का खुलासा किया। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक सूचना मिलने पर टीम मंगलवार को डी.आर.पी.लाइन अस्पताल के सामने, शांतिपथ रोड पहुंची। यहां टीम बदमाश की तलाश करने लगी। टीम को युवक संदिग्ध हालत में खड़ा नजर आया। तुरंत घेराबंदी की और बदमाश को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम फैजान उर्फ बारीक निवासी सदर बाजार बताया। तलाशी लेने पर उसकी पेंट की जेब में 52.71 ग्राम एमडी ड्रग्स (मेफेड्रॉन) मिली, जिसकी अनुमानित कीमत 5.20 लाख है। पूछताछ में पता चला कि वह 7वीं क्लास तक पढ़ा हुआ है और इलेक्ट्रॉनिक हीटर बनाने का काम करता है। टीम उससे पूरे नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है। टीम को ये जानकारी भी मिली है कि फैजान पर 2020 से 2025 के बीच 12 आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

68 साल पुराने श्रीराम मंदिर विवाद पर फैसला

## हाईकोर्ट ने भगवान श्रीराम को माना संपत्ति का मालिक

### राजस्व विभाग संभालेगा प्रबंधन रतनदास रहेंगे पुजारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने उज्जैन जिले के खाचरौद स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर से जुड़े करीब 68 साल पुराने विवाद पर मंगलवार को फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति विनय सराफ ने ट्रायल कोर्ट का फैसला निरस्त करते हुए अपील आंशिक रूप से मंजूर की।

अदालत ने मंदिर और उससे जुड़ी चल-अचल संपत्तियों का मालिक स्वयं भगवान श्रीराम के देवता को माना है। वहीं मंदिर का प्रबंधन राज्य के राजस्व विभाग के अधीन रहने और औकाफ विभाग को पुजारी नियुक्त करने का अधिकार स्वीकार किया है। मामले की शुरूआत 1954 में हुई, जब रतनदास ने खाचरौद के श्रीराम मंदिर के प्रबंधन और पूजा-अर्चना से जुड़े अधिकारों को लेकर सिविल वाद दायर किया था। ट्रायल कोर्ट ने 1968 में वाद खारिज कर दिया। इसके बाद 3 अक्टूबर 1968 को प्रथम अपील क्रमांक 59/1968 हाईकोर्ट में दाखिल हुई, जो 25 अगस्त 2026 तक लंबित रही। रिकॉर्ड के मुताबिक मंदिर के प्रबंधन को लेकर विवाद बढ़ने पर महंत मुरलीदास ने 1930 में औकाफ विभाग से मंदिर और उसकी संपत्तियों को संरक्षण में लेने का अनुरोध किया था। 15 अक्टूबर 1930 को औकाफ विभाग ने मंदिर का प्रबंधन अपने अधीन ले लिया और मुरलीदास को पुजारी नियुक्त किया। उनकी मृत्यु के बाद रतनदास ने उत्तराधिकारी के रूप में अपना दावा किया। रामानंद संप्रदाय के साधुओं द्वारा भेख समारोह के जरिए उन्हें महंत की गद्दी के लिए नामित किए जाने की बात भी सामने आई। हाईकोर्ट ने मंदिर को प्राचीन धार्मिक स्थल माना। यहां श्रीराम, जानकीजी, लक्ष्मणजी, हनुमानजी, लक्ष्मीनारायणजी और गोपालजी की प्रतिमाएं विराजित हैं।

इंदौर में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाई

## कई प्रतिष्ठानों से लिए खाद्य पदार्थों के सैंपल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

खाद्य पदार्थों में मिलावट और गुणवत्ता की जांच के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बाणगंगा क्षेत्र में कार्रवाई की। कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर और तहसीलदारों के साथ कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। कार्रवाई में करीब 4 हजार किलो खाद्य सामग्री जब्त की गई। कई जगह से सैंपल भी जांच के लिए लिए गए।

विशाल नगर स्थित मेसर्स न्यू एनके चना परमल में चना, पीनट और परमल की प्रोसेसिंग मिली। यहां साफ-सफाई संतोषजनक नहीं थी। टीम ने चना के 2, पीनट व दाना के 2 और तले हुए मटर का 1 सैंपल लिया। मौके से 1950 किलो सामग्री, कीमत करीब 2.50 लाख रुपए, जब्त की गई।

### अमरनाथ भंडार से 1377 किलो सामग्री जब्त

बाणगंगा मेन रोड स्थित अमरनाथ चना परमल भंडार से मूंगफली, चना और मटर के 4 सैंपल लिए गए। यहां से 1377 किलो सामग्री की, कीमत 83,626 रुपए, जब्त की गई। वहीं, शिवम ट्रेडर्स से मूंगफली के 4 सैंपल लिए गए और 280 किलो मूंगफली जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब 36,400 रुपए है।



### बेकरी और रेस्टोरेंट से भी सैंपल

शिकायत पर सतगुरु बेकर्स का निरीक्षण किया गया। यहां अस्वच्छ परिस्थितियों में केक बनता मिला और पंजीयन भी प्रस्तुत नहीं किया गया। केक का सैंपल लिया गया। इसके अलावा चाय ठिकाना से बन मस्का व पनीर और यादव श्री रेस्टोरेंट से गुलाब जामुन व मोतीचूर लड्डू के सैंपल लिए गए। खाद्य विभाग के अनुसार सभी सैंपल जांच के लिए लैब भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### बिना लाइसेंस यूनिट बंद कराई

राजकुमार जायसवाल के प्रतिष्ठान से मूंगफली दाना और धनिया पाउडर के सैंपल लिए गए। यहां से 300 किलो मूंगफली दाना और 150 किलो धनिया पाउडर जब्त किया गया। प्रतिष्ठान का खाद्य लाइसेंस नहीं मिला। इस पर प्रकरण दर्ज कर खाद्य पदार्थों की प्रोसेसिंग बंद करा दी गई।












मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com